राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 बालू घाटों का अधिकारी करेंगे नियमित...

असम के मूल निवासियों पर सीएए... 12

वर्ष : 11 | अंक : 309 | पटना, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 68,915

चांदी 78,800

सेंसेक्स 72,641

निफ्टी 22,011

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई आठ

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर में जहरीली शराब पीने के कारण हुई विषाक्तता के संदिग्ध मामले में तीन और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार लोग वर्तमान में संगरूर सिविल अस्पताल में और पांच अन्य पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती हैं। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने पुष्टि की कि घटना में अब तक कुल आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बुधवार को संगरूर के दिरबा के गुर्जन गांव में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि घटना के सिलसिले में पुलिस पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और आबकारी शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में दिरबा उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, दिरबा पुलिस के दो अधिकारी, एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और एक उत्पाद शुल्क और कराधान अधिकारी शामिल हैं।संगरूर के उपायुक्त जितेंद्र जोरवाल ने बुधवार को कहा था कि समिति को 72 घंटे में मामले पर रिपोर्ट देने को कहा गया है

### सुप्रीम कोर्ट ने फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र सरकार की अधिसूचना पर लगाई रोक

नईदिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए फैक्ट चेक यूनिट से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। अदालत कई महत्वपूर्ण सवालों पर विचार कर रही है। पीठ ने हालाँकि, कहा, हमारा मानना है कि उच्च न्यायालय के समक्ष आने वाले प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के मूल प्रश्नों से निपटते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय लंबित होने के कारण, हम गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने से बच रहे हैं। हमारा विचार है कि अंतरिम राहत के आवेदन की अस्वीकृति के बाद 20 मार्च, 2024 की अधिसूचना पर रोक लगाने की जरूरत है।

**महागठबंधन में सीट शेयरिंग तो एनडीए में उम्मीदवारों के चयन पर मंथन जारी**

# लोस चुनाव: सीट शेयरिंग में एनडीए तो सिंबल देने में राजद ने मारी बाजी





- राजद ने पहले चरण के सभी चार उम्मीदवारों के नाम किये तय
- एनडीए में केवल गया से मांझी के नाम पर मुहर

**प्रात : किरण**

पटना/एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज है। बिहार में एनडीए व महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। एनडीए में सीट बंटवारे का ऐलान हो चुका है। वहीं, महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। इधर, सीट बंटवारे की घोषणा किये बगैर ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कई उम्मीदवारों को सिंबल थमा दिये हैं। इससे विपक्ष के साथ उनके सहयोगी दलों की बेचैनी बढ़ गई है। बुधवार की देर रात लालू प्रसाद ने पूर्व मंत्री और राजद विधायक कुमार सर्वजीत को गया सीट के लिए पार्टी का सिंबल सौंप दिया था और अब नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीट के लिए भी उन्होंने पार्टी के उम्मीदवारों को सिंबल सौंप दिया। नवादा सीट से राजद ने श्रवण कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि औरंगाबाद सीट से अभय कुशवाहा राजद के उम्मीदवार होंगे। वहीं, जमुई से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया गया है। गुरुवार को श्रवण कुशवाहा और अभय कुशवाहा अपने समर्थकों के साथ राबड़ी आवास पहुंचे, जहां लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने उन्हें पार्टी का सिंबल सौंप दिया। वहीं, तेजस्वी यादव ने राजद के जमुई प्रत्याशी अर्चना रविदास को सिंबल सौंपा। अर्चना रविदास ने कहा कि जमुई में लालटेन जलेगा। हम नई नहीं है 2014 से ही राजनीति में हैं। वहां की लोकल हैं जमुई की बेटी हैं। हम अपने काम से जवाब देंगे अपने जनता के प्यार से जवाब देंगे। अपने जमुई क्षेत्र का विकास करना हमारा लक्ष्य है। दरअसल, बिहार के अंदर लोकसभा को लेकर पहले चरण में औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई सहित 4 सीटों पर चुनाव होना है। राजद ने सभी सीटों के लिए उम्मीदारों को सिंबल थमा दिया है। वहीं महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। राजद की ओर से कहा जा रहा है कि एक-दो सीटों को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर बात फाइनल हो चुकी है। जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी। वहीं राजद संसदीय बोर्ड ने प्रत्याशियों के चयन के लिए लालू प्रसाद को अधिकृत किया है। इधर, दिल्ली से पटना आने के बाद बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह राबड़ी आवास पहुंचे। यहां उन्होंने लालू प्रसाद यादव से सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच राबड़ी आवास से बाहर निकलकर अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि दो से तीन दिन में सब कुछ क्लियर हो जाएगा। इसके बाद सीट बंटवारे की लिस्ट जारी कर दी जाएगी। एनीडीए से गया सुरक्षित सीट के लिए मांझी का नाम तय :पहले चरण में होने वाले चार सीटों में औरगांबाद व नवादा सीट भाजपा, गया हम से और जमुई लोजपा रामबिलास के खाते में गई है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के सर्वेसर्वा जीतन राम मांझी को गया सीट से पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। गया में चुनाव पहले चरण में है। वह 28 मार्च को नामांकन करेंगे। भाजपा अपने हिस्से के दोनों सीट औरगांबाद व नवादा एवं चिराग ने जमुई के लिए अब तक अधिकारिक रूप से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है।

**पहले चरण के लिए राजद का उम्मीदवार :** गया सुरक्षित : कुमार सर्वजीत, नवादा : श्रवण कुशवाहा, औरंगाबाद : अभय कुशवाहा, जमुई : अर्चना रविदास

**घटना जयपुर में विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव की है**

# मुधबनी के एक ही परिवार के 5 लोग जयपुर में जिंदा जले

- गैस सिलेंडर में आग लगने से हुआ हादसा

**प्रात : किरण**

जयपुर/एजेंसी। राजस्थान के जयपुर जिले के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे चाय-नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप के अचानक निकलने से लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में माता-पिता और तीन बच्चे हैं। पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद जले हुए शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि घटना विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव की है। जहां सुबह करीब साढ़े 07 बजे चाय-नाश्ता बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर से पाइप निकल जाने से लगी आग में राजेश 26 वर्ष, उसकी पत्नी रूबी 24 वर्ष, ईशु 7 वर्ष, दिलखुश 2 वर्ष और खुशमानी 4 वर्ष की मौत हो गई। यह परिवार बिहार के मधुबनी का था और यहां किराए पर रहता था। राजेश एक फैक्टरी में काम करता था। परिवार करीब 4-5 महीने से यहां रह रहा था। कुछ दिन छुट्टी पर बिहार गए हुए थे। कल शाम को ही वापस आए थे। आज सुबह हादसा हो गया।



थानाधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आ रहा है कि गुरुवार सुबह जब बच्चों की मां रूबी चाय-नाश्ता बना रही थी तो इस दौरान गैस के पाइप से तेजी से गैस लीक होने के बाद पूरे कमरे में आग लग गई। वहीं पर राजेश भी मौजूद था। पहले तो वह घर से बाहर भागा लेकिन बाद में बच्चों और पत्नी को बचाने के लिए वापस अंदर दौड़ गया। शोर मचाने के दौरान आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। पुलिस के अनुसार सिलेंडर और चूल्हा कमरे के गेट पर ही रखा था इसलिए कोई भी बाहर नहीं निकल सका लेकिन कुछ देर में अंदर से आ रही चीखें शांत हो गईं। दमकल ने जब आग पर काबू पाया तब जाकर पुलिस और गांव के लोग अंदर गए और पता चला कि पूरा का पूरा परिवार ही जिंदा जल गया। पांचों के शवों को एक चादर में लपेट कर पुलिस ने एंबुलेंस में रखवाया। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। हादसे की सूचना पर जयपुर कलेक्टर, एसडीएम, जयपुर पुलिस कमिश्नर, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम, चौमू सहायक पुलिस आयुक्त, मुरलीपुरा थानाधिकारी, हरमाड़ा थाना अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटनाक्रम की जानकारी ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना प्रकट करते हुए एक्स पर लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा क्षेत्र में भीषण आग की चपेट में आने से पांच नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### घटना पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्थान राज्य के जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के जैसल्या गांव में आग लगने की घटना में बिहार के एक ही परिवार के पांच लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# ईडी ने सीएम केजरीवाल को किया गिरफ्तार

**प्रात : किरण**



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। सीएम की गिरफ्तारी दिल्ली शराब घोटाले में हुई है। इस मामले में यह 16वीं गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि शाम सात बजे ईडी की टीम सीएम के सरकारी आवास पर पहुंची थी। ईडी ने 2 घंटे से भी ज्यादा लंबी चली पूछताछ में 20 से ज्यादा सवाल पूछे गए थे। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वहीं इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब इसके बाद अरविंद केजरीवाल को ईडी के कार्यालय ले जाया जाएगा। बता दें कि आज शाम ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची थी। इसके बाद ही आशंका जताई जाने लगी थी कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके बाद सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी सीएम आवास पहुंच गई थीं। हालांकि दोनों कोआवास के अंदर नहीं जाने दिया गया था। वहीं इसके बाद केजरीवाल के वकीलों की टीम ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने इस मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की थी। हालांकि सुनवाई नहीं हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी की टीम के सीएम आवास पर पहुंचने की खबर आते ही बाहर आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया था। पुलिस को इसकी आशंका पहले से भी थी और उन्होंने इसकी तैयारी भी कर ली थी। आवास के बाहर रैपिड एक्शन फोर्स समेत पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती कर दी गई थी। इसके साथ ही आवास को चारो तरफ से बैरीकेडिंग कर दी गई थी। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले में यह 16वीं गिरफ्तारी की गई है। इस्ससे पहले बीआरएस नेता के. कविता को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था। दोनों नेता पिछले कई महीनों से जेल में बंद हैं।

# विपक्षी दल के बैंक खाते सील करना लोकतंत्र पर हमला : कांग्रेस

## कहा- मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट करने के काम में जुटी

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के वक्त उसके बैंक खाते सील कर प्रमुख विपक्षी दल को सोची समझी रणनीति के तहत आर्थिकरूप से पंगु बनाया जा रहा है ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके और ऐसा कर मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट करने के काम में जुटी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि पार्टी के बैंक खाते आयकर नहीं देंगे का आरोप लगाकर सील किए गए हैं और अब पार्टी अपने खाते में जमा 285 करोड़ रुपये का इस्तेमाल भी नहीं कर सकती है। ऐसे हालात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करना भी कठिन हो गया है। पार्टी पर यह करवाई 05 साल तथा 35 साल पुराने मामले में की जा रही है। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव के समय इस तरह आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के घातक है। श्री खडगे ने कहा लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो। ये नहीं कि जो सत्ता में है, संसाधनों पर उनकी मोनोपॉली हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। सुप्रीम कोर्ट ने जिस चुनावी चंदे की स्कीम को अवैध व असंवैधानिक कहा उस स्कीम के तहत भाजपा ने हजारों-करोड़ रुपए अपने बैंक खातों में भर लिए हैं।

**सूचना** | **निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में जारी किया**

# व्हाट्सएप पर विकसित भारत संदेश को साझा करना तुरंत बंद करें

**प्रात : किरण**




नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह विकसित भारत संपर्क के तहत बड़ी संख्या में व्हाट्सएप संदेश भेजना तुरंत बंद करे। विकसित भारत संपर्क का उद्देश्य सरकार की विभिन्न पहल को रेखांकित करना है। मामले की शिकायत मिलने के बाद आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में निर्देश जारी किया। आयोग ने कहा, यह कदम चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा लिए गए निर्णयों का हिस्सा है। उसने मंत्रालय से इस मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे। मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि कुछ संदेश संभवत नेटवर्क संबंधी कारणों की वजह से प्राप्तकताओं तक देरी से पहुंच सके। आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की विभिन्न पहल को रेखांकित करने वाले ऐसे संदेश अभी भी आम जनता के फोन पर भेजे जा रहे हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने इस संदेश पर आपत्ति जताई थी और आयोग से कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। आयोग ने चार राज्यों के गैरकैडर अधिकारियों का किया तबादला : भारत निर्वाचन आयोग ने चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक जैसे नेतृत्व पदों पर तैनात गैरकेडर अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किया है। आयोग का कहना है कि यह उसकी मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,शुक्रवार, 22 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### मक्का जामे मस्जिद में 10 दिनों का तरावी मुकम्मल हुआ

दानापुर खगौल। जगजीवन स्टेडियम के पास मक्का जमा मस्जिद में हो रही 10 दिनों का तरावी मुकम्मल हुआ। जिसमें ताज एकता कमेटी के सदर व सेक्रेटरी और मेंबरान मोहम्मद शाहनवाज हुसैन उर्फ रिंकू, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद रजी, मोहम्मद बउवा, चंदू प्रिंस और आकाश यादव ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिए और हाफिज व कारी मोहम्मद आजाद हुसैन जो अररिया के रहने वाले हैं और हाफिज मुनीरुल आरिफीन अलीनगर इमाम साहेब को फूलों का माला पहना कर इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर हाफिज तबारक करीम सेक्रेटरी, सिराजुल आरिफिन अलीनगर, डॉक्टर मोहम्मद समीर रेलवे कॉलोनी, डॉक्टर राफेउल हक साहब रेलवे अधिकारी, जनाब कैफी साहब, जनाब आरिफ इमाम साहब, जनाब कलाम साहब महतवाना मोहल्ला ने शिरकत कर हाफिज व कारी मोहम्मद आजाद हुसैन को मुबारकबाद दिए और नजराना पेश किये।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

फतुहा। गुरुवार को नदी थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने किया। नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने होली पर्व की अग्रिम शुभकामना व बधाई देते हुए कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जो टूटे हुए रिश्ते को जोड़ता है। होली पर्व में एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर शुभकामना देते हैं। होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। अगर शरारती तत्व के लोग आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम करता है तो थाना में तुरंत सूचना दें कारवाई की जाएगी। वहीं होली के बाद 27 मार्च को सबलपुर से सती चौड़ा जुलूस भव्य रूप से निकलता है उस पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी पार्षद पति की मौत

दानापुर। नगर के रूपसपुर ओवरब्रीज पर हुए सड़क दुर्घटना में जख्मी पार्षद पति चंद्र मोहन राय उम्र 47 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजन चित्कार कर उठे। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी खगौल नगर परिषद वार्ड तीन की पार्षद प्रियंका देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। लोगों की भी अनुमंडलीय अस्पताल में लग गया। बताया जाता है कि पाटलिपुत्र गांधीनगर के रामनगरी सेक्टर 4 निवासी स्व राम प्रसाद राय के पुत्र चंद्रमोहन राय उर्फ बड्ड (47) निजी कंपनी में कार्य करते थे। खगौल थाना क्षेत्र के नेउरा कालोनी में भी क्वाटर में वे रहते थे। 17 मार्च की रात वो काम कर वापस बाइक से अपने रामगरी सेक्टर 4 स्थित घर जा रहे थे। इसी क्रम में रूपसपुर ओवरब्रीज के पूर्वी छोड़ पर अज्ञात वाहन धक्क मार दी। जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। लोगो ने स्थानीय निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां पिछले चार दिन से जीवन मौत से जुझते हुए चंद्रमोहन जीवन की जंग हार गये। उनकी मौत की खबर लगते ही पत्नी प्रियंका देवी समेत परिजन चित्कार कर उठे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया।

### महान खगोलविद् पंडित आर्यभट्ट के जयंती पर लोगों ने उन्हें किया याद

दानापुर खगौल बृहस्पतिवार को रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आर्यभट्ट की आदमकद प्रतिमा पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय श्री भट्ट ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन शर्मा योगी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राज्य सरकार से दानापुर स्टेशन का नाम आर्यभट्ट करने एवं बिहटा एलिवेटेड रोड का नामाकरण आर्यभट्ट के नाम पर करने की मांग की। उन्होंने इसके अतिरिक्त पटना स्थित तारामंडल का नाम आर्यभट्ट के नाम पर करने, मसौढ़ी स्थित आर्यभट्ट प्रयोगशाला का जीर्णोद्धार करने एवं पटना में मरीन ड्राइव चौक पर आर्यभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कार्यक्रम में भाई सनोज यादव ललन शर्मा, एल पी राय जी, कमलेश कुमार, अजय राय समेत गणमान्य लोग शामिल हुए।

### अंग्रेजी शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

दानापुर। नगर के वाहन चेकिंग के दौरान शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने कोठिया पावर ग्रिड के निकट अंग्रजी शराब के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार किया। दोनों को पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि होली को लेकर क्षेत्र में विशेष रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोठिया पावरग्रिड के निकट वाहन चेकिंग करने में लगे जवानों ने स्कूटी सवार को रोका पुलिस को देख दोनों भागने की कोशिश करने लगे। दोनों को पकड़ कर छानबीन की गयी तो उनके स्कूटी से 1060 टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया।

# रामबाग मंडी के थोक कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का दरी जला

## सिटी फायर स्टेशन का 7 दमकल व आसपास के सहयोग से पाया काबू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




चौक थाना क्षेत्र के कपड़ा की थोक मंडी रामबाग स्थित गुलाटी क्लॉथ स्टोर में गुरुवार को पूर्वाह्न में आग लग गई। इस घटना में करीब दस लाख रुपए से अधिक का कपड़ा (दरी) जल कर नष्ट हो गया। आग पर काबू पाने के दौरान काफी कपड़ा भी भींग गया। यह नुकसान अलग से था।

आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, मगर आशंका जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगने की घटना हुई होगी। फायर ऑफिसर गयानंद सिंह ने बताया की आग लगने की सूचना मिलते ही चार बड़ी और तीन छोटी फायर यूनिट को घटनास्थल पर आग पर काबू पाने को भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे के प्रयास पर आग बुझाया जा सका। दुकान सहिन्द्र कौर के नाम से है। पीड़ित परमजोत सिंह व देवेंद्र सिंह ने बताया कि दुकान के तीसरे तल्ले में आग लगी थी। दरअसल गुरुवार को प्रतिष्ठान खुलने के बाद में बिजली का मेन स्वीच ऑन किया गया। इसके बाद ही ऊपर के दूसरे या तीसरे मंजिल पर शार्ट सर्किट हुआ। हालांकि इस दौरान एक स्टाफ गया था, मगर उसे कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में फिर जब दूसरा स्टाफ गया, तो वह धुआं और आग देखा, तो शोर मचाया।

इसके बाद जब तक वह नीचे आता, आग तेजी से फैल रही थी। इसके बाद चौक थाना की पुलिस को सूचित किया गया। वहां से पटना सिटी फायर स्टेशन को सूचना दी गई। तब दमकल आग पर काबू पाने को पहुंचा। इसके पूर्व बगल के मकान से पानी का बौछार दिया गया। साथ ही अगल-बगल की दुकान से भी फायर सिस्टम को लाकर इस्तेमाल किया गया। इससे बड़ा नुकसान और जान की क्षति नहीं हो पाई। आगलगी की घटना में दस लाख रुपये से अधिक की संपति जल कर नष्ट हुआ है। आग लगने के बाद आसपास के सटे दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन सबों के माथे पर भी पसीना छूट रहा था। आनन-फानन में उक्त प्रतिष्ठान के बिजली के संबंधन को काटा गया, ताकि आग को फैलने में बिजली मददगार नहीं बन सके। दरअसल होली को लेकर कपड़े की खरीदारी दुकान के खुलने के साथ ही शुरू हो जाती है। इस कारण से ग्राहकों के आने का दौर भी शुरू हो चुका था। आग पर काबू पाए जाने के बाद अपराह्न से प्रतिष्ठान में कारोबार का सिलसिला भी शुरू हो गया था।

# होली को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के महिला महाविद्यालय खगौल में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के द्वारा बिहार दिवस एवं होली को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ उषा विद्यार्थी ने किया। प्राचार्या ने महाविद्यालय परिवार को बिहार दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के छात्राओ ने बिहार के सांस्कृतिक के बारे में विचार प्रकट किया साथ ही बिहार के लोकपर्व छठ, कजरी एवं बिहार के लोक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतरकर्मी समेत महाविद्यालय परिवार के लोग शामिल हुए।

# तख्तश्री कमेटी के अधीन जौहरी निवास में अरदास के बाद लिफ्ट सेवा शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अधीन बाड़े की गली में सालिस राय जौहरी निवास है। यहां जी प्लस चार मंजिला आवास की सुविधा देश-विदेश से आने वाले संगतों की सुविधा के लिए है। इस रिहाइश का निर्माण होने के बाद लिफ्ट की सुविधा नहीं थी।

अधेड़ और बुजुर्ग संगतों को सीढ़ियां चढ़ते हुए ऊपर जाना और उतरना खासा परेशानी पैदा करता था। इसके बाद कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने इस दिशा में खासा पहल की। सचखंडवासी बाबा हरबंश सिंह कारसेवा दिल्लीवाले के प्रतिनिधि बाबा वचन सिंह और गुरनाम सिंह को इसकी सेवा सौंपी गई। इसके बाद दिल्ली के सरदार गुरदेव सिंह की सेवा से यहां लिफ्ट की लगाने का काम शुरू हुआ। गुरुवार को इसके पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह के द्वारा अरदास किए जाने के बाद लिफ्ट की सेवा को संगतों की सुविधा के लिए सौंप दिया गया। इस दौरान बाबा वचन सिंह, बाबा गुरनाम सिंह, तख्तश्री कमेटी कार्यालय के प्रबंधक हरजीत सिंह आदि मौजूद थे। लिफ्ट लगाने वाले इंजीनियर ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह लिफ्ट जी प्लस चार ऑटो है। इसमें एक साथ आठ लोग नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे आना-जाना कर सकते हैं। इसकी खास बात यह है कि इसमें फायर की बटन भी लगी है। इमरजेंसी अलार्म भी है। ऑटो फैन और लाइट की सुविधा है। यदि बिजली चली जाती है, तो इसमें इमरजेंसी रेस्क्यू डिवाइस भी लगी है। बिजली जाने के बाद यह अपने आप बैटरी पर आ जाएगी और नजदीक के फ्लोर पर आकर गेट खुल जाएगा।

# फार्मासिस्ट की बहाली लोस चुनाव के बाद तीन माह में पूरा करने का आदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

- हाईकोर्ट ने बहाली का शैक्षणिक योग्यता डी फर्मा ही रखने को कहा

पटना उच्च न्यायालय ने फार्मासिस्ट पद पर बहाली मामले पर सुनवाई पूरी कर राज्य सरकार को फार्मासिस्ट की बहाली लोकसभा चुनाव के बाद तीन माह में पूरा करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि इस पद पर बहाली का शैक्षणिक योग्यता डी फर्मा ही रहेगा। न्यायमूर्ति डॉ अंशुमान की एकलपीठ ने अरविन्द कुमार की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश पारित किया। आवेदक के वकील शशिभूषण कुमार ने कोर्ट को बताया कि फार्मासिस्ट पद पर बहाली के लिए सरकार ने विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। इस पद पर बहाली के लिए शैक्षणिक योग्यता डी फर्मा रखा गया है। पहले अंकों के आधार पर बहाली करने की बात कही गई थी।अब सरकार अंकों के बजाए लिखित परीक्षा के आधार पर बहाली करने के लिए संशोधन करने की जानकारी दी है। इस पर राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग नियमावली में सामान्य प्रशासन के पत्र के आलोक में कुल प्राप्तांक के स्थान पर लिखित परीक्षा के आधार पर करने के बारे में संशोधन जल्द कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को फार्मासिस्ट पद के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने और नियुक्ति की सारी प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के बाद तीन माह के अंदर पूरा कर लेने का आदेश दिया। साथ ही मामले को निष्पादित कर दिया।

# हिन्दी को विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की भाषा बनाएं : डॉ आशा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में एकदिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय हिन्दी भाषा के विकास एवं अनुप्रयोग के लिए जागरुकता का आयोजन उपनिदेशक डॉ मुमताज अहमद की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता डॉ आशा कुमारी एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सभा का संचालन करते हुए वैज्ञानिक-2 डॉ राजेश एवं हिन्दी प्रभारी ने कहा की हिन्दी को चिकित्सा विज्ञान में अनुप्रयोग में लाते हुए एवं मरीजों के पर्चे पर भी हिन्दी में परामर्श देने का आग्रह किया गया। इससे लोगों को सलाह एवं औषधि को समझने में असुविधा नहीं होगी। मुख्य वक्ता मगध महिला कॉलेज के हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ आशा कुमारी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि हिन्दी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की भाषा बनाया जाना चाहिए। हिन्दी भाषा को इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं समस्त वैज्ञानिक क्षेत्र में बढ़ाया जाए। आज लोग अपने में ही खोते जा रहे हैं। लोग दादा-दादी की कहानियां भूल गये हैं।

# बिस्मिल्लाह की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाएं युवा : डॉ ध्रुव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सुर के सरताज, गायक, संगीतकार, शहनाई के अजीम शहंशाह व भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह साहेब शहनाई के नायब हीरा थे। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई दिशा दी। भारत ही नहीं, विश्व में लोक वाद्य शहनाई को पहचान दिलाई और इसे शास्त्रीय संगीत की श्रेणी में स्थापित किया। यह बात आज खां साहेब की जयंती पर महेंद्रू स्थित व्योम सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार ने कही। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षाविद् नेक आलम ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि खां साहेब उच्चतम कोटि के कलाकार ही नहीं थे, बल्कि भारतीय एकता व संस्कृति के महान पोषक थे। आज भारत को ऐसे आदर्श पुरुष की जरूरत है। इनके जीवन आदर्श को सबको आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक व गायक अनिल रश्मि ने दिल का खिलौना हाय टूट गया... गाकर जन्मदिन की बधाई दी। संचालन जितेन्द्र कुमार पाल ने और धन्यवाद ज्ञापन नितीन कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान आयान, प्रिंस, रोहन, विपिन मंडल, किस्कू, सुनीता रानी, डॉ शीला कुमारी ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

# होलिका दहन, होली मिलन व मटका फोड़ को थाना से अनुमति जरूरी : एसडीओ

## बिना अनुमति कार्यक्रम करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



होली पर्व के दौरान यदि तिराहा एवं चौराहा पर होलिका दहन का आयोजन कर रहे हैं या फिर होली मिलन समारोह से लेकर मटका फोड़ का कार्यक्रम किया जाना है, तो संबंधित थाना के थानाध्यक्ष को आवेदन देकर अनुमति लेना जरूरी है। ऐसा नहीं किए जाने पर आयोजक पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल आसन्न लोकसभा चुनाव के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया जारी है। डीएम के आदेश से आदर्श आचार संहिता का पालन करने को चुनाव प्रकिया समाप्त होने तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के निदेश जारी किए गए हैं।

इस वर्ष 26 एवं 27 मार्च को होली मनाया जाना संभावित है। उक्त पर्व पर होली मिलन समारोह के लिए अनुमति लेने से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हो रहा है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर होली पर नियमों का पालन करना होगा। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि होलिका दहन 24 मार्च को संभावित है। इस दौरान किसी भी परिस्थिति में होलिका दहन स्थल पर पांच से अधिक लोग नहीं जुटेंगे, ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे। किसी भी स्थिति में होलिका दहन के पूर्व या बाद समूहों में जमावड़ा नहीं लगाएंगे। साथ ही होलिका दहन से संबंधित सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। होली मिलन समारोह से संबंधित अनुमति एसडीओ एवं एएसपी के द्वारा ही दी जा सकेगी। संबंधित थानाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे कि होली मिलन समारोह में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में नहीं हो। होली पर मटका फोड़ का आयोजन किया जाता है। इसमें आम जनों द्वारा शिकायत की गई है कि असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है एवं नशीले पदार्थ का सेवन कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती है। इससे शांति भंग होने की संभावना बनी रहती है। उक्त अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम के लिए भी संबंधित थानाध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। संबंधित थानाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे कि नियमानुसार मानक शर्तो का अनुपालन करते हुए अनुमति देंगे। बिना अनुमति के कार्यक्रम किए जाने पर विधि-सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नाला से मिला अज्ञात महिला का शव

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर आरओबी के दक्षिण नाला से महिला का शव मिला है। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद उक्त नाला से मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। वह शव महिला का था। वह देखने से 20-25 दिन पुराना लग रहा था।

### दो हाइवा में टक्कर के बाद गांधी सेतु पर वाहनों का दवाब

पटना सिटी (प्राकि)। महात्मा गांधी सेतु पर पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन पर गुरुवार को वाहनों का खासा दवाब रहा। यातायात डीएसपी ने बताया कि देर रात दो हाइवा की आपस में टक्कर हो गई थी। इस कारण से कुछ देर के लिए सेतु पर जाम लग गया था। इसके बाद यहां तैनात यातायात पुलिस की रेगुलेशन टीम ने वाहन को साइड कराने का काम किया।

# राज्य के 8 जिलों में चलाया जायेगा फाईलेरिया ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में जल्दी ही ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे कराया जायेगा। सर्वे राज्य के 8 जिलों पटना, जहानाबाद, नालंदा, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा एवं मधुबनी में संचालित किया जायेगा। उक्त जिलों के 57 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे कराया जायेगा।

इसी संदर्भ में गुरुवार को राज्य फाइलेरिया कार्यालय एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के तत्वावधान में उक्त जिलों के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी एवं फाइलेरिया विभाग के कर्मियों का वर्चुअल माध्यम से उन्मुखीकरण किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी समन्वयक डॉ। राजेश पांडेय ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यशाला में उक्त जिलों के पदाधिकारियों के साथ अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया, डॉ। परमेश्वर प्रसाद, राज्य फाइलेरिया कार्यालय से डॉ। अनुज सिंह रावत एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारीयों को संबोधित करते हुए डॉ। राजेश पांडेय ने बताया कि ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे के दौरान उक्त जिलों के चयनित स्कूलों में कैंप लगाकर 6 एवं 7 वर्ष के बच्चों का विशेष फाइलेरिया टेस्ट स्ट्रिप के द्वारा जांच किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य दिन में किया जायेगा। एक इवैल्यूएशन यूनिट के तहत अधिकतम पांच लाख की आबादी में 30 स्कूलों का चयन करके वैज्ञानिक तरीके से चयनित स्कूलों के कक्षा एक एवं दो के बच्चों ( कक्षा एक एवं दो ) में विशेष फाइलेरिया टेस्ट स्ट्रिप के द्वारा टेस्ट कर फाइलेरिया के ट्रांसमिशन के पता लगाया जायेगा एवं इसमें सफल होने के उपरांत वहां एमडीए अभियान बंद कर दिया जायेगा।

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया, डॉ। परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि फाईलेरिया ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे की सफलता के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि सभी चयनित जिलों के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी अपनी टीम के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये गए मानकों के अनुसार सर्वे कराकर प्रखंड एवं जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने का प्रयास करें।

डॉ। राजेश पांडेय ने बताया कि किसी भी जिले को फाइलेरिया मुक्त घोषित करने के लिए वहां ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे कराया जाता है। अभी राज्य के सभी जिले फाइलेरिया से ग्रसित हैं एवं प्री टास में उक्त जिलों के 57 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में माइक्रो फाइलेरिया दर 1 से कम पाया गया है। अब जिलों में ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे कराकर माइक्रो फाइलेरिया दर की जांच की जाएगी। इसमें सफल होने पर ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे 2 कराया जायेगा एवं इसमें सफल होने के बाद ट्रांसमिशन अस्सेस्मेंट सर्वे 3 कराया जायेगा। इसमें सफल होने के उपरांत उक्त प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त घोषित किया जायेगा।

### झाड़ियों से एक युवक का सर कटा शव बरामद

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलख मार्ग के झाड़ियों में एक युवक का सर कटा शव मिला। शव की सूचना मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर आसपास के लोगो की भीड़ इक्कठा होने लगी स्थानीय लोगो की माने है कि इलाके में स्मैकियरो का जमावड़ा लगा रहता है।बताया जा रहा है पास में रहने वाले लोगो को उस इलाके में बदबू दे रहा था। जिसके बाद कुछ लोग उस जगह जाकर देखा तो एक शव पड़ा पाया। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने इस बात की सूचना दानापुर थाना को दी। थानाध्यक्ष देर ना करते हुए दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे उनके साथ ही दानापुर एएसपी दीक्षा मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई। प्रशासन को मृतक का सिर आसपास खोजने के बावजूद भी नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# फतुहा प्रखंड के निर्विरोध प्रमुख चुने गए रजनीश, दनियावां से विनोद

## एसडीओ के चैंबर में हुआ चुनाव, जिला भू-अर्जन पदा थे पर्यवेक्षक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




फतुहा प्रखंड के प्रमुख का चुनाव अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ गुंजन सिंह की अध्यक्षता में हुआ।इस दौरान प्रेक्षक के रूप में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रंजन कुमार चौधरी मौजूद थे। इस चुनाव में रजनीश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। वे उप प्रमुख थे और उस पद से हो रहे चुनाव से ऐन पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इसकी सूचना जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी को दी गई और उनसे दिशा निर्देश मांगा गया। इसके बाद प्रमुख पद के लिए नामांकन किया गया। एसडीओ ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के तहत फतुहा पंचायत समिति के स18 में से 13 सदस्य में रेणु देवी, वीरेंद्र कुमार, रेखा देवी, निशा कुमारी, रविंद्र कुमार सिंह, लाला राय, इंदल पासवान, मनोज साव, सूर्यमणि देवी, मिंता देवी, अमृता देवी, टिंवल कुमार और रजनीश कुमार उपस्थित थे। रजनीश कुमार ने प्रमुख पद के लिए नामांकन किया। कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं होने और मौजूद सदस्यों के द्वारा समर्थन से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए जीत का प्रमाणपत्र दिया गया। चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था में कार्यपालक दंडाधिकारी, निर्वाचन कोषांग के सुनील कुमार, पवन कुमार, अंजुला कुमारी समेत अन्य कर्मी शामिल थे। इसके बाद दनियावां के प्रखंड प्रमुख का चुनाव प्रक्रिया शुरू किया गया। प्रेक्षक के रूप में वरीय उप समाहर्ता राकेश कुमार की उपस्थिति रही। एसडीओ गुंजन सिंह की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया शुरू किया गया। एसडीओ ने बताया कि इसमें नौ पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे। विनोद कुमार की ओर से नौ पंचायत समिति सदस्यों में उपस्थित छह का समर्थन मिला। इस कारण से विनोद कुमार को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

# बे मौसम बारिश के बावजूद भी होली मिलन समारोह की मस्ती में डूबा दानपुर सुढ़ी संघ

## रंग बरसे रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे गीतों पर झूमी महिलाएं, बिहार के कोने कोने से हजारों के संख्या में जुटे लोग

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। होली के त्योहार में फिर से मौसम झटका दे रहा है। इसके बावजूद होली का उल्लास जोरों पर दिखा। जहां एक तरफ दानपुर सुढ़ी संघ के होली सह पारिवारिक मिलन समारोह जितना उड़ा रंग अबीर गुलाल तो दूसरी तरफ इंद्र भी होली खेलने के लिए आतुर दिखे। सुबह से ही मेघ गर्जन और डीजे की धुन ने होली की सतरंगी छटा को बिखेर दिया।

रंग बरसे रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे जैसे गीतों पर दानापुर सुढ़ी संघ के महिलाएं एवं पुरुषों ने खूब थिरके दानापुर सुढ़ी के तत्वाधान में तकिया पर चौकी घानी मैरिज हॉल में होली सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें सभी छोटे बड़े सभी ने रंग गुलाल लगाकर होली महोत्सव मनाया और सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन पुआ पूड़ी का लुफ्त उठाया इस मौके पर संघ के अध्यक्ष विजय कुमार भोटी ने कहा कि आज अतिथियों को भगवत गीता दिया गया और समाज के 50 वर्ष से ऊपर के 50 दंपति को अयोध्या दर्शन कराएगी। समाज के छात्र-छात्राओं 9 10 के असहाय छात्र छात्राओं को 500 हर महीना छात्रवृत्ति देने की घोषणा की इस मौके पर संघ के चंदेश्वर प्रसाद , गौरी शंकर , राजकुमार गुप्ता , कार्यक्रम के अध्यक्ष अजीत बिहारी लाल, राकेश बिहारी लाल, पवन , राजीव बिहारी लाल, मंटू, शंभू , सुजीत कुमार, रंजीत , संतोष , विजय , रवि बिक्रम , मुकेश , राजेश कुमार, राजू , दीपक , राजेश , नीरज , अरविंद बिहारी लाल, श्वेता बिहारी लाल, सुजाता, सरोज , आतिश , सुबोध , और मुख्य अतिथि में हाजीपुर से श्याम सुंदर प्रसाद , अशोक जी, गोरौल से धनवंती देवी, सलहा से रत्नेश जी अवधेश भगत , मुंगेर से अनिल वैद्य , रामदयाल , जैसे बिहार के कोने-कोने से अपने समाज के लोगों ने शिरकत किया।

# विश्व यक्ष्मा दिवस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता रथ किया गया रवाना

पटना। जिला यक्ष्मा विभाग एवं रीच संस्था के तत्वावधान में आज गुरुवार को जिला यक्ष्मा कार्यालय, अगमकुआँ के प्रांगन से विश्व यक्ष्मा दिवस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 3 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये रथ पटना जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में दिनांक 21झ3झ24 से 23झ3झ24 तक जनमानस को टीबी रोग के प्रति जागरूक करेगा। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ। कुमारी गायत्री सिंह एवं टीबीडीसी की निदेशक डॉ। रेनू सिंह द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर प्रचार गाड़ियों को रवाना किया गया। विदित हो कि विश्व यक्ष्मा दिवस कर वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है।

**सामूहिक प्रयास से यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति संभव:**

इस अवसर पर जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ। कुमारी गायत्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को प्रयास करने की जरुरत है। ससमय टीबी रोगियों की पहचान कर उनकी जांच एवं उपचार को सुनिश्चित किया जा रहा है लेकिन अभी और प्रयास करने की जरुरत है। टीबीडीसी की निदेशक डॉ। रेनू सिंह ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन के लिए जिला को हर संभव मदद प्रदान किया जा रहा है और हमें भरोसा है कि वर्ष 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को हम प्राप्त करेंगे।

रीच के रजनीश कुमार ने कहा कि संस्था संकल्पित है कि अधिक से अधिक लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया जाये। इस अवसर पर टीबीडीसी की निदेशक डॉ। रेनू सिंह, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ। कुमारी गायत्री सिंह, जिला यक्ष्मा केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविशंकर , डॉ आनंद , डॉ दीपाली, जिला यक्ष्मा समन्वयक प्रीति जोशी , मो।आरिफ , दीनबंधु पांडे, रिच के राज्य कार्यक्रम समन्वयक सूची स्मिता पॉल , रिच के जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक कुमार एवं टीबी चैंपियंस मौजूद रहे।

# महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने का काम कर रहें पीएम : सम्राट

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन

- प्रकृति के विपरीत चलने वाला कभी सुखी नहीं रहता : विजय
- बेटी बचाओ बेटी पढाओ प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुआ समारोह



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह देश पूरी तरह बहनों और माताओं का है। यही कारण है कि हम भारत माता कहते है और देश को मां का दर्जा देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी इनकी संतान देश को समृद्ध करने में लगे है। आज महिलाओं को अधिकार देकर शक्ति का और देश को सम्मान दिया जा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढाओ प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सम्मान सह होली मिलन समारोह में आई बहनों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के जरिए महिलाओं को रसोई घर में धुएं से मुक्ति दी तो इज्जत घर देकर बहनों और माताओं को कई समस्याओं से मुक्ति देने का काम किया। यही नहीं लोकतन्त्र में हिस्सेदारी भी दी। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि अब तक कांग्रेस कहा करती थी कि लोकतन्त्र में महिलाओं को हिस्सेदारी देना उनका सपना था, लेकिन उनके सपने को भी पूरा करने का काम मोदी सरकार ने किया। अगले चुनाव से 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिल जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि महिलाएं जब कमजोर पड़ती हैं तो शक्ति के रूप में काली और दुर्गा का प्रारूप हो जाती हैं जब विद्या की जरूरत ही तो मां सरस्वती की आवश्यकता होती है और जब धन की जरूरत है तो मां लक्ष्मी को याद करना पड़ता है। स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मां का दर्जा, आदर्श का दर्जा सिर्फ बहनों और माताओं को ही दिया गया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि इस नारे के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी ने बेटी को पढ़ाने का काम किया। अगर एक बच्चा पढ़ता है तो सिर्फ एक बच्चा पढ़ता है , लेकिन जब एक बेटी पढ़ती है तो पूरा परिवार पढ़ता है। इधर,समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि होली मिलन समारोह प्रकृति के असली स्वरुप को प्रदर्शित करता है और यह प्रकृति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यही प्रकृति शक्ति है और यही सही भक्ति है। यही भक्ति मुक्ति है। श्री सिन्हा ने कहा कि जो प्रकृति का सम्मान करते है, उनके सान्निध्य में रहते है, उन्हें निश्चित रूप से प्रकृति का वरदान मिलता है। प्रकृति के विपरीत चलने वाला कभी सुखी नहीं रहता है। इस आयोजन में मुख्य रूप से विधान पार्षद निवेदिता सिंह, अनामिका सिंह पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण, प्रदेश मंत्री रीता शर्मा, महिला मोर्चा प्रभारी सजल झा, प्रकोष्ठ के संयोजक अनामिका शंकर, सह संयोजक अर्चना ठाकुर, कल्पना मेहता, प्रभारी पिंकी कुशवाहा, मीडिया प्रभारी डॉ संगीता सिंह, हेमलता कुशवाहा, सुषमा साहु, सुजीत मिश्रा सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। इस आयोजन का मंच संचालन प्रकोष्ठ के सह संयोजक अर्चना ठाकुर, कार्यक्रम व्यवस्था तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ संगीता सिंह ने किया।

# भाजपा को हराने के लिए महागठबंधन एकजुट : डी राजा

## राज्य कार्यकारिणी की बैठक में बोलें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक बृहस्पतिवार को हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गयी, और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवारों को जिताने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य एवं मधुबनी जिला के जिला सचिव का मिथिलेश कुमार झा ने की। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव नागेन्द्रनाथ ओझा एवं रामकृष्ण पांडा मौजूद थे। भाकपा राष्ट्रीय महासचिव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की फैसले की रिपोटिंग करते हुये देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति की चर्चा की और आरएसएस के ऐजेंडे पर चलने वाली फासिवादी भाजपा सकार को केन्द्र की सत्ता से उखाड़ फेकने का आह्वाहन किया। राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कार्य रिपोर्ट पेश की। महागठबंधन में राजद से सीटों पर संतोषप्रद बातचीत चल रही है। जल्द ही सीटों का ऐलान हो जायेगा। भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा कि बिहार में आरएसएस-भाजपा को हराने के लिए महागठबंधन एकजुट है। भाकपा की पहली प्रथमिकता केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाना है। मोदी की गारंटी सिर्फ जुमला है। भाजपा सरकार को केंद्र से हटाना है। भाजपा सरकार सभी मोर्चे पर फिसड्डी साबित हुई। प्रधानमंत्री मोदी की सभी घोषणा जुमला साबित हुआ है। देश की जनता महंगाई-बेरोजगारी से परेशान हैं। भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि आगामी आम चुनाव में सीपीआई के सामने प्राथमिक उद्देश्य बीजेपी को सत्ता से हटाना और संसद में सीपीआई की ताकत को मजबूत करना है। इस दिशा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरे देश में कार्य कर रही है। बैठक में किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसान को श्रद्धांजलि दी गई और किसान के परिजन को मुआवजा देने की मांग की गई। वहीं बक्सर में चौसा के किसानों पर हुए बर्बर पुलिस लाठी चार्ज के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर लाठीचार्य की निंदा की गई और दोषी पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की गई। बिहार में हुयी बेमौसम बारिश से किसानों के तैयार फसल गेहूं एवं रबी बरबाद हो गया है। बैठक में क्षति का आकलन कर किसानों को मुआवजा देने की मांग की गयी, क्योंकि बिहार में फसल बीमा योजना लागु नहीं है। बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य का॰ राजेंद्र प्रसाद सिंह, का॰ अवधेश कुमार राय, का॰ संजय कुमार, का॰ जानकी पासवान, का॰ एम. जब्बार आलम, का॰ रामचन्द्र महतो, का॰ रामबाबू कुमार, का॰ ओमप्रकाश नारायण, का॰ प्रमोद प्रभाकर, का॰ राम लाला सिंह, का॰ निवेदिता, का॰ अजय कुमार सिंह, का॰ विजय नारायण मिश्रा, का॰ प्रभा शंकर सिंह, का॰ राम रतन सिंह, का॰ सूर्यकान्त सिंह विधायक और का॰ प्रो॰ संजय कुमार सिंह विधान पार्षद के अलावे अनेक राज्य कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद

# राजद के रहमोकरम पर आश्रित है कांग्रेस की राजनीति : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सीट बंटवारे को लेकर राजद-कांग्रेस में तनातनी होने की खबरों को ढ़कोसला बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी का वजूद राजद के रहमोकरम पर टिका हुआ है। ऐसे में कांग्रेस कुछ लोकसभा सीटों के लिए राजद को आँखें दिखायेगी ऐसा संभव ही नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में हर चुनाव के दौरान राजद, कांग्रेस को उतनी ही सीटें देता है, जिनमें लालू परिवार के वफादार कांग्रेसी एडजस्ट हो सकें। बाद में यही लोग पूरी प्लानिंग से ऐसी खबरें फैलाते हैं, जिससे टिकट न पाने वाले कांग्रेसी हंगामा खड़ा न करें। राजद के नाम का बहाना सुनकर बाकी बचे नेता मन मसोसकर रह जाते हैं। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस के नेताओं की राजद के सामने एक नहीं चलती। लोग बताते हैं कि कांग्रेस की ऐसी गत बन चुकी है कि आज उसके नेता अपनी पैरवी के लिए अपनी पार्टी के बड़े नेताओं के पास जाने से पहले राजद सुप्रीमो के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। लोगों की माने तो बिहार में कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण पदों पर राजद से पूछ कर ही नेताओं की नियुक्ति होती है। दूसरी तरफ राजद सिर्फ केन्द्रीय राजनीति में अपनी महत्वकांक्षा के कारण कांग्रेस को यहाँ झेल रही है। लेकिन साथ ही साथ सीट बंटवारे जैसे मुद्दों पर गाहे-बगाहे कांग्रेस को उसकी औकात लगातार बताती भी रहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस दुर्दशा के लिए केवल इनकी पार्टी में व्याप्त वंशवाद जिम्मेदार है। हर राज्य में यह पार्टी अपने से कहीं छोटे राजनीतिक दलों के सामने नतमस्तक हो चुकी है। इनके पास ऐसे नेता बचे ही नही है, जिन्हें जनता की नब्ज पता हो, ऊपर से राहुल के नेतृत्व ने रही सही कसर भी पूरी कर दी है।

# सिंबल बांट राजद ने कांग्रेस को किया दरकिनार: मंगल

- सीट शेयरिंग पर इंडी गठबंधन में रार बरकरार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने इंडी गठबंधन में शीट शेयरिंग को लेकर मचे घमासान पर तंज कसा है। श्री पांडेय ने कहा कि यह अलग बात है कि इंडी गठबंधन के नेता सब ठीक-ठाक बता रहे हैं, लेकिन सीट शेयरिंग पर इंडी गठबंधन में रार बरकरार है। इस मामले में राजद ने अपने प्रत्याशियों के बीच सिंबल बांट कांग्रेस को दरकिनार कर दिया है। स्थिति यह है कि बिहार में इंडी गठबंधन अब अंतिम सासें गिन रहा है। इंडी गठबंधन में सीटों को लेकर अभी तक कोई समझौता नहीं होने से इसमें शामिल पार्टियों में असंतोष उसके बयानों से साफ दिख रहा है। सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस राजद के घुटने टेकने को मजबूर है, तो इन दोनों के झगड़े में वाम मोर्चा मूकदर्शक बना हुआ प्रतीत होता दिख रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह सीट बंटवारे को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से मिलने पहुंचे थे, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बात नहीं बनी है। फिर भी पत्रकारों के बीच कह रहे कि इंडी गठबंधन में कोई पेंच नहीं फंसा है। अभी भी एक-दो दिन इंतजार करने की ही बात कर रहे हैं। ऐसी खबर है कि बिना सीट बंटवारे के राजद अपने कई प्रत्याशियों के बीच सिंबल बांट चुका है। ऐसी भी खबर है कि जो कांग्रेस की परंपरागत सीट थी और कांग्रेस की दावेदारी भी थी, उस सीट पर भी राजद के सिंबल बांटने की खबर है। इससे यह साफ पता चलता है कि राजद कांग्रेस की मांग से सहमत नहीं है और न ही उसके हिसाब से सीट कांग्रेस को दी जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि एक ओर जहां इंडी गठबंधन में सीटों को लेकर तनातनी है, वहीं प्रदेश कांग्रेस भी आलाकमान के कल के एक फैसले से आहत है। यही नहीं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी कांग्रेस के फैसले से नाराज हैं। उधर, इंडी गठबंधन के और भी घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर उहापोह की स्थिति है।

# वीआईपी नेता निशांत सिंह ने जदयू का दामन थामा



पटना। गुरुवार को प्रदेश कार्यालय, पटना में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने विकासशील इंसान पार्टी के पूर्व वैशाली जिला अध्यक्ष निशांत कुमार सिंह को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। श्री निशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में विकासशील इंसान पार्टी के वैशाली जिला कमिटी के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आस्था जताते हुए जदयू की मजबूती के लिये कार्य करने का संकल्प लिया। प्राथमिक सदस्यता लेने के बाद निशांत ने पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सैयद नजम इकबाल,गेंद्र गिरी,नरेश दांगी,कृष्णदेव कुमार,अविनाश सिंह, रोहित कुमार चंद्रवंशी, संतोष कुमार, विशाल कुमार,मनीष गुप्ता मौजूद थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से राजेश कुमार,अभिनाश कुमार, छोटू सिंह, रजनीश कुमार, दीपू सिंह मौजूद रहे।

# लोजपा रा ने कमिटी का किया विस्तार



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बिहार संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडे ने प्रदेश कार्यालय कृष्णापुरी पटना में अपने कमेटी का विस्तार करते हुए रोहन सिंह को पटना पश्चिम का महामंत्री, रोहित कुमार को पटना पश्चिम का प्रवक्ता तथा पवन कुमार को पटना पश्चिम का महासचिव मनोनीत किए। आगे श्री हुलास पांडे ने कहा कि इन लोगों के मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन से युवाओं प्रेरित होकर पार्टी का सदस्यता ले रहे हैं, यह चिराग पासवान का बढती लोकप्रियता का परिचय है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने बताया कि प्रदेश कार्यालय में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, संसदीय बोर्ड के उपाध्यक्ष कमलेश राय प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह ,संसदीय बोर्ड पश्चिमी अध्यक्ष प्रशांत कुमार, अति पिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद थे।

# बिहारियों को अपमानित करने वालों को सम्मानित करती है भाजपा व कांग्रेस: जन सुराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महाराष्ट्र के मनसे प्रमुख राज ठाकरे को अपने एनडीए गठबंधन में शामिल कर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि बिहार और उत्तर प्रदेश की जनता के सम्मान का उसकी नजर में कोई महत्व नहीं है। जो काम कांग्रेस ने किया वहीं काम भाजपा भी कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उक्त बातें गुरूवार को जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा है कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे का राजनीतिक उद्धव बिहारी और उत्तर प्रदेश के भाइयों के खिलाफ ही हुआ था। राज ठाकरे और उसका कुनबा बिहारी भाइयों को महाराष्ट्र से भगाने के लिए अनेकों बार आन्दोलन कर चुका है तथा हजारों बिहारियों और उत्तर प्रदेश के भाइयों को खदेड़ भगाने और मारने - पीटने का काम कर चुका है। भाजपा को बिहारियों और उत्तर प्रदेश के भाइयों के सम्मान की रत्ती भर चिन्ता नहीं है। श्री ठाकुर ने कहा कि दो महीने पहले कांग्रेस के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री स्टालिन ने बिहारी डीएनए पर गालियां दी थी और कांग्रेस नेतृत्व ने उसपर कोई ऐक्शन नहीं लिया था। दोनों पार्टियां अपनी कुर्सी की चिंता करती है और उसे बिहारियों के मान सम्मान की कोई फिक्र नहीं। श्री ठाकुर ने सभी बिहारियों से एक जुट होकर अपने इस अपमान का बदला इन दोनों गठबंधनों एनडीए और इण्डिया से इस संसदीय चुनाव में लेंगे। श्री ठाकुर ने सभी बिहारियों को होली पर्व की अनंत शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि संसदीय चुनाव में अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए सही सोंच वाले सही उम्मीदवारों को वोट करने की अपील की है।

# किसानों पर लाठी चार्ज की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने बक्सर के चौसा में किसानो द्वारा अपने जमीन के मुआवजा के प्रश्न पर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठी चार्ज की घटना की कड़ी निंदा की है। साथ ही उन्होंने किसानों को गिरफ्तार करने वाले डीएम और एसपी को बर्खास्त करने कि मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और जदयू की सरकार किसानों मजदूरों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है किसान इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और अपने ऊपर हो रहे राज्य दमन का बदला आसन्न संसदीय चुनाव2024 में लेंगे। उन्होंने कहा कि निमाणार्धीन थर्मल पावर प्लांट के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण किया गया था। प्लांट भी खड़ा हो चुका है, लेकिन आज तक किसानों के अधिग्रहित जमीन का मुआवजा कृषि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार नही मिला है। इसी मांग को लेकर पिछले दो वर्षों से अधिक समय से किसान लगातार शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कान में जूं नहीं रेंग रहा है। उनकी मांगे नही सुनी जा रही है। अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे किसानों के साथ भाजपा नीत केंद्र सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। उसी तर्ज पर बिहार में भी यही किया जा रहा है। किसान इसे बर्दास्त नही करेंगे और संसदीय चुनाव 2024 में किसानों के साथ विश्वासघात करने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

# किसानों पर पुलिस बल का प्रयोग करना अमानवीय : आप

पटना। ब्रिटिश शासन काल मे देश के किसानों से अंग्रेजों ने जबरन नील की खेती कराई जाती थी। उनके पानी पर टैक्स लगाया गया था। उस दौर में देश के किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत का डट कर मुकाबला किया था। लेकिन आज आजादी के अमृत काल में देश भर के किसानों के साथ जो मोदी सरकार जो जुल्म कर रही है। उसका दर्द बयां नही किया जा सकता है। बिहार के बक्सर मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर चौसा में निमाणार्धीन थर्मल पावर प्लांट के मुख्य गेट पर जमीन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर जिला प्रशासन ने जिस प्रकार बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया है। किसानों के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की गई और घर के सामानों को भी तोड़ा गया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि बिहार के किसानों के साथ ब्रिटिश हुकूमत की तरह जुल्म कर रही है। किसानों की जायज मांगों को दबाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग करना गैरकानूनी और अमानवीय है। किसानों के घरों में घुसकर महिलाओं पर लाठीचार्ज करना पूरी तरह से निंदनीय है। यह घटना सरकार और प्रशासन की असंवेदनशील रवैया को दशार्ती है। बबलू ने कहा- सरकार ने 20 गांव के लगभग 309 के आसपास किसानों से थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण किया है। किसान उचित मुआवजे की मांग कर रहे है, जो पूरी तरह से न्यायसंगत है। उनके साथ बल प्रयोग करने की बजाय सरकार और प्रशासन को शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालना चाहिए था।

# राजद सुप्रीमो का फैसला सर्वमान्य होगा : रीतलाल

पटना। लोस चनुाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। टिकट के दावेदार अपने आलाकमान के पास हाजिरी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में पाटलिपुत्रा लोकसभा सीट के लिए भी कई प्रबल दावेदार हैं। राजद सुप्रीमो की बेटी मीसा भरती दो बार किस्मत आजमा चुकी है। इस बार चुनाव में उनके उतरने पर सस्पेंश बना है। इसी बीच मनेर के विधायक भाई बीरेन्द्र और दानापुर के विधायक रीतलाल यादव के नाम की जोरों पर चर्चा है। दोनों जीत के दावे कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने ही कहा है कि राजद सुप्रीमो जो फैसला लेंगे वह मान्य होगा। दानापुर विधायक ने कहा कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि मैं यहां से चुनाव लड़ूं। लेकिन, जब तक सीटों का बंटवारा नहीं होता है, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। रितलाल यादव ने कहा कि महागठबंधन की दावेदारी सभी 40 लोकसभा सीटों पर है। पशुपति पारस से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका मामला है। इस पर मैं कुछ नहीं बोलना चाहता और अगर कुछ भी बोलना होगा वह लालू प्रसाद यादव बोलेंगे। जो हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बोलेंगे वही हम बोलेंगे। बताते चलें कि पाटलिपुत्र लोकसभा से अभी भाजपा के रामकृपाल यादव सांसद हैं। माना जा रहा है कि भाजपा तीसरी बार भी उन्हें यहां से उम्मीदवार बना सकती है। वहीं रितलाल यादव भी क्षेत्र में काफी लोकप्रिय नेता रहे हैं। ऐसे में यहां दोनों आमने सामने आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक बन जाएगा।

# आंदोलनकारी छात्रों पर बर्बर पुलिसिया दमन निंदनीय व शर्मनाक: रामबली



- आइसा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के सभी कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने और उसे स्कूलों में स्थानांतरित कर दिए जाने के फरमान के खिलाफ आइसा का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिला। आइसा के प्रतिनिधिमंडल में माले विधायक रामबली सिंह यादव भी शामिल थे। रामबली सिंह यादव ने कहा कि भाजपा दफ्तर के समक्ष आंदोलनकारियों पर जिस प्रकार से लाठियां चलाई गईं, वह बेहद निंदनीय व शर्मनाक है। शिक्षा मंत्री के साथ वार्ता में आइसा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह फैसला 2023-25 सत्र के छात्रों पर भी लागू किया जा रहा है। इसके कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने उनकी बातों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। आइसा प्रतिनिधिमंडल में राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सह सचिव कुमार दिव्यम, आइसा नेता हेमंत राज, श्रेया कुमारी आदि भी शामिल थे। आइसा की बिहार राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि आज अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों के ऊपर भाजपा कार्यालय के समक्ष पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। यह बेहद निंदनीय है, जबकि आंदोलनकारी छात्र भाजपा नेताओं को केवल अपना ज्ञापन सौंपना चाहते थे। ऐसे तुगलकी आदेश को वापस लेने की बजाए भाजपा छात्रों पर लाठियां चलवा रही है. हमले में आइसा के कार्यकर्ता हेमंत राज सहित कई लोगों को गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम ने कहा कि बिहार में शिक्षा सुधार के नाम पर शैक्षणिक अराजकता का माहौल बना दिया गया है।

# छात्र -छात्राओं पर पुलिसिया दमन कहीं से भी उचित नहीं: राजद

## विद्यार्थियों को परेशान करने वाला फरमान को तत्काल वापस ले सरकार




पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा और जदयू कार्यालय के सामने पटना के विभिन्न कालेजों के इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं पर पुलिस के द्वारा किया दुर्व्यवहार तथा अपमानित करने वालीं कार्रवाई किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। और जिस तरह से पुलिस ने छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि बिहार में कैसी सरकार चल रही है । उन्होंने ने कहा कि भाजपा कार्यालय के सामने इस तरह का कृत्य किया जाना ये स्पष्ट करता है कि किस तरह से छात्राओं पर दमन चक्र चल रहा है। एजाज ने आगे कहा कि छात्र-छात्राएं इस बात से चिंतित हैं कि उन्हें वर्ष 2023 -25 के सेशन के बीच से ही कॉलेज से जबरन निकालकर उन्हें स्थानांतरित होने का आदेश निर्गत करने वाली कार्रवाई चल रही है। एजाज ने कहा कि राज्य सरकार अविलंब विधार्थी हित में कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को वर्ष 2023 -25 के सेशन में उसी कॉलेज में रहने दे तथा आगे 2024- 26 के नामांकन प्रक्रिया को कॉलेज से समाप्त करने पर अमल करने की कार्रवाई करें जिससे कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था बेहतर रह सके।

# होली मिलन महोत्सव : गीत से शक्तिधाम परिसर गुंजायमान

पटना। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मलेन द्वारा होली मिलन महोत्सव का आगाज महिलाओं द्वारा होली के गीतों एवं नृत्यों से अग्रसेन भवन , बैंक रोड पटना में किया गया। आया होली का त्योहार , उड़े रंग की बौछार बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी , आज न छोड़ेंगे हमजोली खेलेंगे हम होली, अरे जा रे हट नटखट न छू रे मेरा घूंघट पलट के दूँगी आज तुझे गाली रे ! मुझे समझो न तुम भोली भाली रे आदि होली के गानों एवं नृत्य से पूरा अग्रसेन भवन , शक्तिधाम परिसर गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत दया अग्रवाल के नृत्य द्वारा हुयी। मौके पर उपस्थित बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने होली मिलन महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार है । प्रकृति जब पूरी धरती पर बसंत का रंग बिखेर रही होती है , तो होली का त्योहार आता है। होली रूप , रस , रंग एवं प्रेम का त्योहार है। मौके पर अग्रवाल महिला सम्मलेन की प्रादेशिक अध्यक्ष डा गीता जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली मित्रता एवं एकता का पर्व है। इसमें जाति भेद का कोई स्थान नहीं है। डॉ जैन ने कहा कि होली में रसायनिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, यह काफी अधिक खतरनाक होता है ।

# बालूघाटों का अधिकारी करेंगे नियमित निरीक्षण : विजय

## खान एवं भूतत्व मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

- अनयमितता कतई मंजूर नहीं, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने खान एवं भूतत्व विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सचिव, निदेशक, अपर सचिव के साथ मुख्यालय के अन्य पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में मंत्री ने अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए। मंत्री ने राज्यान्तर्गत सभी संचालित, असंचालित बालूघाटों का संबंधित खनिज विकास पदाधिकारी एवं खान निरीक्षकों द्वारा एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का आदेश दिया। क्षेत्रीय पदाधिकारी निरीक्षण के क्रम में संबंधित घाटों का विडियो क्लीप बनाकर मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। निरीक्षण के लिए विस्तृत चेकलिस्ट भी दी गई है। निरीक्षण में बंदोबस्ती के एकरारनामा के किसी भी शर्त का उल्लंघन या अनियमितता पाये जाने पर उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध नियमसंगत कड़ी कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मंत्री ने निदेश दिया कि जिलास्तरीय निरीक्षण के दौरान गठित उड़नदस्ता दलों द्वारा संचालित व असंचालित बालूघाटों की जाँच की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट पता चल सके कि बालूघाटों का संचालन ठीक ढंग से हो रहा है कि नहीं। साथ ही मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि राज्यहित में राजस्व की चोरी किसी भी स्तर पर दरकिनार नहीं किया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता बरते जाने पर संबंधित पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उप उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में लखीसराय, भागलपुर, पटना सहित अन्य ज़िलों में होने वाले बालू उत्खनन के निरीक्षण में जाने वाले विभागीय पदाधिकारियों पर हमले की जाँच के लिये विभागीय पदाधिकारी टीम बनाकर जायेंगे और दोषियों को चिन्हित कर उनपर कानून सम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# रात्रि जागरण एवं सवामनी प्रसाद भंडारा



पटना। श्याम फागुन महोत्सव के तीसरे दिन रात्रि जागरण हुआ। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि तीसरे दिन श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। श्री श्याम बाबा की मनोहारी छटा भक्तों आनंदित कर रही थी। श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। यह रात्रि जागरण श्याम मंडल पटना के सौजन्य से किया गया। भक्तों ने पूरी रात्रि श्याम बाबा का गुणगान भजनों के द्वारा किया । पूरी रात भक्तजन श्याम बाबा का गुणगान करते रहे तथा सुबह पांच बजे जागरण समाप्त हुआ। श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। हवन किया गया एवं श्याम बाबा को भेंट चढ़ाई गयी। श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर में श्री श्याम के चरणो में सवामनी प्रसाद समर्पित कर भक्तगण अपने को धन्य मान रहे थे। खीर ,पूरी एवं चूरमा विशेष भोग लगाया गया। मंदिर में आने वाले सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। अमर अग्रवाल ने बताया की आज श्री श्याम फागुन महोत्सव पूजा , श्रृंगार एवं भंडारा के साथ संपन्न हुआ। अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन समारोह शक्तिधाम में सोमवार 25 मार्च को संध्या 5 बजे से मनाया जाएगा।

# खाटू श्याम के भण्डारे में भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के बैनर तले आयोजित भण्डारे में करीब एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य प्राप्त किया। एकादशी के अवसर पर आर्यकुमार रोड स्थित महाराणा प्रताप भवन के सामने आयोजित इस भण्डारे में प्रसाद ग्रहण के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भण्डारे में भक्तगण पूरे श्रद्धा से पूरी, कचौरी, सब्जी, बुँदिया आदि का प्रसाद श्याम भक्तों से ग्रहण कर रहे थे। मौके पर माँ वैष्णव सेवा समिति के सचिव कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि अब से प्रत्येक माह के एकादशी को श्याम भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि प्रसाद बाँटने में श्याम भक्त जगजीवन सिंह बबलु, नंद किशोर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सचिन डालमिया, सज्जन चौधरी, राजेश बजाज, केशव अग्रवाल, सतीश खेमानी, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मण टिकमानी, महेश शर्मा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मुकेश कांत, शिव गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, अनंत अग्रवाल सहित अनेक श्यामभक्त लगे हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिछले 24 घंटे मे हुई 35.8 मिमी बारिश

मुजफ्फरपुर। बे मौसम की बरसात ने रबी फसल को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। पिछले 24घंटे के दौरान 35.6मिमी बारिश रिकार्ड की गई है जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा से मिली जानकारी के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से7.5 कम है यूनतम तापमान 14.8 डिग्री रेकार्ड किया गया। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 98 प्रतिशत और दोपहर बाद 66 प्रतिशत रहा।

### उप मूखिया के 2 रिक्त पदों पर चुनाव सम्पन्न

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर दो पंचायतों में रिक्त पड़े उप मुखिया पद पर चुनाव कराया गया। जहां निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ संजय कुमार राय ने कड़ी सुरक्षा के बीच जांता पंचायत एवं रामनगर पंचायत के उप मुखिया पद पर चुनाव कराया। जांता पंचायत की उप मुखिया उर्मिला देवी व रामनगर पंचायत के सुधा देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था। जहां उर्मिला देवी के पक्ष में मात्र सात वार्ड सदस्यों ने वोट किया, जबकी बैधनाथ राय के पक्ष में आठ वोट पड़े। रामनगर के शिल्पी कुमारी को 9 व राकेश कुमार को 4 वोट मिला। वहीं उप मुखिया सुधा देवी अविश्वास लगने के बाद नामांकन नहीं की थी। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ संजय कुमार राय ने बताया निर्वाचन कार्य सम्पन्न होने के बाद दोनों उप मुखियाओं का शपथ ग्रहण भी करा दिया गया।

### स्थापना दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया घाट स्थित यूनिक चिल्ड्रेन एकेडमी के 31वां स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी करी में बुधवार को नर्सरी से अष्टम वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ग के वैष्णवी कुमारी, अमन पोद्दार, एमडी सलमान, द्वितीय वर्ग से इशांत कुमार, साक्षी कुमारी, तृतीय वर्ग से पवन कुमार, शांतनु कुमार, चतुर्थ वर्ग से गोविंद कुमार, सौरभ कुमार, पंचम वर्ग से नव्या प्रिया, अनुकल्प राज, छठा वर्ग से हर्ष राज यादव, आदित्य कुमार, सप्तम से सुष्मिता कुमारी एवं अष्टम से अमन राज सफल हुए। पेंटिंग प्रतियोगिता का सैंपल संचालन कर रहे विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक अर्जुन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता से सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित है। बच्चों में प्रतिभाएं छुपी हुई है। विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चे में होने वाले प्रतिभा को उभारती आई है। साथ ही सफल छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता प्लेटफार्म पर भेजने का प्रयास करेगी। पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल नेतृत्व एवं निर्णायक पेंटिंग के उपयोग शिक्षिका ख़ुशी कुमारी कर रहे थे। मौके पर शिक्षक नंदन महतो, आदेश कुमार, रीना कुमारी, पिंकी कुमारी, सिंधु कुमारी, मौसम कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सनातन धर्म पुरोहित महासभा राष्ट्रीय संगठन के महामंत्री बने पंकज कुमार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सनातन धर्म पुरोहित महासभा राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के रूप में विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर निवासी कमल देव लाल के पुत्र पंकज कुमार को मनोनीत किया गया है। उनको यह मनोनयन पत्र सनातन धर्म राष्ट्रीय महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अरुण मिश्रा के द्वारा दिया गया है। महामंत्री पद पर मनोनित होने पर सनातन धर्म परिषद न्यास इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्ति करते हुए बधाई दी है।

### गश्ती के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर विदेशी शराब किया बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के कुढवा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दिवा गश्ती के दौरान महेंद्र पासवान के घर के सामने से एक पेड़ के नीचे से छिपाकर रखे विदेशी शराब को बरामद किया है। वहीं पुलिस ने छापामारी में 124.5 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। एएसआई संजीव कुमार को दिवा गश्ती के दौरान विशेष छापेमारी में गुप्त सूचना मिली कि कुढवा गांव में एक पेड़ के नीचे भारी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर रखा रखा हुआ है। जहां पुलिस ने छापेमारी कर 124.5 लीटर विदेशी शराब बरामद कर लिया गया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि अपराधियों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

# रिलायंस ज्वेल्स में हुई डकैती मामले का जल्द हो सकता है खुलासा, वैशाली से तीन-चार संदिग्धों को पुलिस ने उठाया

- घटना का मुख्य मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस के गिरफ्त से है बाहर, पुलिस के सामने लूट का सोना बरामद करने की चुनौती




समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में हुई डकैती की घटना का जल्द खुलासा होने की उम्मीद है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर वैशाली जिले से तीन-चार संदिग्धों को उठाया है। हालांकि सूत्रों का बताना है कि लूट कांड का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घटना के वक्त मौजूद सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। लकी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अभी तक लूट का सोना बरामद करने में सफल नहीं हो पाई है। लूट गए सोने का पता लगाना व उसे बरामद करना पुलिस के लिए किस चुनौती से कम नहीं है। सूत्रों के अनुसार रिलायंस ज्वेल्स लूट कांड में सोना लूट की बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरोह शामिल है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पुलिस अगले एक से दो दिनों में इस मामले का खुलासा कर देगी। बता दें कि बीते 28 फरवरी की शाम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स में आठ की संख्या में अपराधियों ने छह करोड़ रुपए मूल्य का 10 किलो 536 ग्राम सोना लूट व शोरूम के कैश काउंटर से एक लाख 41 हजार 366 रुपए एवं उस समय शोरूम में मौजूद ग्राहक से छह लाख रुपए लूट की बड़ी घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी। इस बड़ी घटना की जांच व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार एसटीएफ, सीआईडी, क्राइम ब्रांच, साइबर पुलिस टीम, डीआईयू व जिला पुलिस टीम लगी हुई थी। बता दें कि इस घटना की पूरी जांच की जिम्मेदारी जिले में पूर्व में तैनात रहे एक तेज-तर्रार पुलिस निरीक्षक के हाथों में है। वहीं इस संबंध में एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और जांच में जुटी हुई है।

# अस्पताल की जमीन कब्जा करने के विरोध में धरना



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को मेल में लेकर भूमाफियाओं द्वारा अस्पताल की जमीन कब्जा किए जाने, चार शौचालय तोड़ने और निर्माण कार्य जारी रखने के खिलाफ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन प्रखंड कमिटी सरैया के बैनर तले आज जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना सभा की अध्यक्षता सुरेंद्र राय ने किया। धरना सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता और ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य अध्यक्ष लाल बाबू महतो ने कहा कि सरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 1922 में बना। आजादी के बाद इसे और सुदृढ़ किया गया। इसमें प्रत्येक दिन सैकड़ो लोग इलाज कराते हैं। इस जमीन को राज सत्ता और सरकारी मुलाजिम मिलकर बंदबांट कर रहे हैं। आंदोलन के दबाव में सरैया अंचलाधिकारी ने विगत 12 मार्च को मापी कराया। मापी के बावजूद वहां निर्माण कार्य जारी है।इस पर जिलाधिकारी अविलंब जांच कमिटी बनाकर दोषियों पर कार्रवाई करें ,निर्माण कार्य पर रोक लगायी जाय तथा सरकारी खर्च से पुणः अस्पताल की जमीन की चाहारदीवारी की जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो यह लड़ाई चरणवद्ध तरीके से जारी रहेगा जब तक अस्पताल की जमीन की चाहारदीवारी नहीं हो जाती है। कार्यक्रम को किसान नेता काशी नाथ सहनी ,लाल बाबू राय, विपिन कुमार ठाकुर , कालिकांत झा, कौशल भक्त, नन्हक साह, सुनील कुमार सिंह ,राधे राय ,देवेंद्र राय, अशर्फी राम, राजन कुमार ,अनिल राम, डॉक्टर माधव भगत, रंजीत राय, योगेंद्र ठाकुर, सहित दर्जनों लोगों ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अंत में पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा और उन्होंने पश्चिमी एसडीओ द्वारा जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में लाल बाबू राय,सुनील कुमार सिंह और सुरेंद्र राय शामिल थे।

# जमीनी विवाद मैं मारपीट को लेकर थाने में दिया गया आवेदन



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के दतूआर गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के सैनी महतो उनकी पत्नी पातस्या देवी पुत्र विनोद महतो कविता देवी सुनील महतो को पड़ोसी संतोष महतो सहित अन्य द्वारा लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर ने बताया गया है सभी घायल को सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया . सीएचसी में डियूटी पर तैनात डा. जितेंद्र कुमार ने सभी घायल को प्राथमिक उपचार किया गया. वादी सैनी महतो ने बताया कि मेरे जमीन में मेरे पड़ोसी जबरदस्ती से मेरा जमीन को बॉस बल्ला लगाकर दखल कब्जा जमा लिया है. मना करने पर सभी विपक्षी लोग में मारपीट कर घायल कर दिया है. वही वादीसे पूछने पर पता चला कि सैनी महतो ने मारपीट का थाना में आवेदन दिया है

# एआइडीएसओ ने किया प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। कॉलेज में अध्यनरत 12 वीं कक्षा के छात्रों को +2 स्कूलों में अपना नामांकन स्थानांतरित कराने के बिहार सरकार के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर एआईडीएसओ की ओर से डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात एक शिष्टमण्डल ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर सौंपा।कॉलेज गेट पर छात्रों को संबोधित करते हुए एआईडीएसओ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि कॉलेजों में इंटर (11वीं) की पढ़ाई कर रहे छात्र अब 12 वीं की पढ़ाई कॉलेज में नहीं कर पाएंगे, उन्हें 12 वीं की पढ़ाई के लिए ओएफएसएस के जरिए +2 स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन कर नामांकन लेना होगा। 12वीं में जिन छात्रों को बोर्ड की परीक्षा देनी है उनको पढ़ाई छोड़कर नामांकन की प्रक्रिया में अस्त व्यस्त होना पड़ेगा एवं उन्हें आर्थिक व मानसिक दोनों तरह के परेशानियां झेलनी पड़ेगी। वहीं +2 स्कूलों में अध्ययन अध्यापन की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में शिक्षा विभाग के इस आदेश के कारण छात्र मानसिक पीड़ा में है। उन्होंने राज्य सरकार से 12 वीं के कॉलेज छात्रों को स्कूलों में नामांकन कराने का निर्णय वापस लेने एवं जो छात्र जिस कॉलेज में दाखिला ले चुके हैं उन्हें उस कॉलेज में इंटरमीडिएट के पूरे सत्र की पढ़ाई पूरी करने का प्रावधान संबंधी आदेश जारी करने की मांग की।छात्र प्रदर्शन में विशाल कुमार , ऋषभ राज, शिवम् कुमार, केशव कुमार, काजल कुमारी आदि शामिल थे।

# बिहार दिवस समारोह की सभी तैयारिया पूर्ण

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर समस्त जिले वासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।संध्या में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन।खेल-कूद प्रतियोगिता के साथ-साथ विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।मधुबनी बिहार के गौरव एवं एकजुटता का 112वां स्थापना दिवस के अवसर आयोजित समारोह की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर समस्त जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामाएं दी है। कल प्रातः जिला मुख्यालय में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह 07 बजे रैली निकाली जाएगी। साथ ही महापुरूषों की प्रतिमा पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण भी किया जायेगा वॉटसन स्कूल के प्रांगण में मनाए जाने वाले बिहार दिवस के मुख्य समारोह हेतु दिन के आयोजन में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। वॉटसन स्कूल परिसर में गुब्बारा गुच्छ को उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागीय भी स्टॉल लगाए जायेगे। 12:00 बजे पूर्वा. से स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 03:00 बजे अप. में खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन 04:00 बजे अप. एवं 05:00 बजे अप. से स्थानीय एवं ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। बिहार दिवस के मौके पर समाहरणालय परिसर को नीली रौशनियो से सजाया गया है।

# बे मौसम बारिश से गेहूं की फसल को व्यापक क्षति

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले में में बुधवार की सुबह से ही रुक-रुक कर हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। खेतों में लगी गेहूं की फसल पकने के कगार पर है, और ऐसे में हुई तेज बारिश ने उनके सामने एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। गायघाट प्रखंड के बखरी, मैठी, बेरुआ, रामनगर, महमदपुर सुरा, लोमा, बाघाखल, कमरथु, जारंग, लदौरा, जमालपुर कोदई, कांटा पिरौंछा आदि पंचायतों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बेरुआ गांव के एक किसान का कहना है कि क्षेत्र में लगभग 55% गेहूं की खेती हुई है जो पकने के कगार पर है। बेमौसम बारिश के कारण उपज में 75% तक कमी आने की आशंका है।गेहूं की कटाई में सबसे अधिक समस्या होगी, क्योंकि फसल गिर जाने के बाद न तो मशीन से कटाई की जा सकती है और न ही मजदूर काटने के लिए तैयार होते हैं। फसल गिर जाने के कारण दाने सूख जाते हैं और काले पड़ जाते हैं, जिससे वे बेकार हो जाते हैं। हालांकि, ओलावृष्टि न होने से किसानों को थोड़ी राहत मिली है, अन्यथा गेहूं के साथ-साथ मक्के की फसल भी बर्बाद हो जाती।किसानों की इस दुर्दशा पर सरकार और संबंधित विभागों से तत्काल सहायता और उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। इस अप्रत्याशित मौसमी घटना से उबरने के लिए किसानों को सहायता प्रदान करना और उनकी फसलों की सुरक्षा के लिए उपाय करना जरूरी है।

# बारिश से सड़क पर जलजमाव

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत के वार्ड 11 में बारिश के पानी से सड़क पर जल जलजमाव होने से जल जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल सा लगता है। वार्ड सदस्य मोहम्मद ललन ने बताया कि 1000 आबादी मुस्लिम समुदाय के बस्ती में लगभग 400 फीट लंबी सड़क पर पानी लगा हुआ है। घर से निकलने में खास करके महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। सड़क ईंटकरण है। आवश्यकता है सड़क को ऊंची कर पीसीसी ढलाई का। वर्तमान मुखिया को कहते-कहते थक चुके हैं। लेकिन इस बस्ती में सड़क पीसीसी करवाने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं जल जमाव की सूचना पर पहुंचे एसएफआई के जिला अध्यक्ष नीलकमल ने बताया कि 20 मार्च से हो रही बारिश के कारण सड़क पर पानी लगा हुआ है। 70 से 80 घरो के लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। टुनटुन मियां के घर से लेकर तस्लीम मियां के घर तक पानी भरा हुआ है। स्थानीय जन प्रतिनिधि द्वारा इसका कोई निदान नहीं निकाला जा रहा है।

# जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक,सदस्यों ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।होली, रमजान, ईद पर्व में शान्ति व्यवस्था एवं विधि संधारण को लेकर जिला स्तरीय शान्ति समिति के सदस्यों तथा पदाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी। शान्ति समिति के सदस्यों ने पर्व को सौहार्दपूर्ण और शान्तिपूर्ण मनाने को लेकर पूर्ण रूप सहयोग करने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि असामाजिक तत्वों, अफवाहों, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरे, लहेरियाकट वाईकर्स एवं मनचलों पर पैनी नजर रखें। पेट्रौलिंग एवं अन्य गश्ती, फ्लैग मार्च करने का अनुरोध किया गया। जिला पदाधिकारी ने सदस्यों से फिड बैक प्राप्त करने के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक एवं महत्वपूर्ण निदेश दिये। उन्होंने विडियो कॉन्फ्रेसिंग कर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और एस.एच.ओ. के साथ इस संबंध में कई निदेश दिये। थाने स्तर पर शान्ति समिति की बैठक कराने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष प्रत्येक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों और टोलों में भी विधि संधारण को लेकर सतर्कता रखी जाएगी। सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि सभी चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ऑन डयूटी पर कार्यरत रहेंगे। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि इस पर्व के माहौल में होली मिलन या अफतार पार्टी के नाम पर सामाजिक समूह के साथ कार्यक्रम का आयोजन न करें। किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि न चलायें। आचार संहिता प्रभावी होने के कारण अनुमति अनिवार्य है। यदि वे अपने निजी घर में इस तरह का कार्यक्रम कराते हैं तो यह अनुमान्य है, अनुमति की आवश्यकता नहीं है। सार्वजनिक स्थल पर अलग-अलग समूह के लोगों को आमंत्रण कर आयोजन करने से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इससे बचे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि होलिका दहन स्थल को अपने पंचायतों में जाकर देख लें। डी.जे. पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहे और इसे सक्रिय रूप से लागू करायें। शराब बिक्री, परिचालन , एवं सेवन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। विशेष अभियान इसके विरूद्ध चलाई जा रही है, इसे पूरी मुस्तैदी के साथ अभियान चालू रखने के लिए निदेश दिया गया। सुबह शाम एवं संवदेनशील स्थानों पर विशेष कर रातों में सुबह में पुलिस गश्ती को सक्रिय रखें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनावी वर्ष में 107 की कार्रवाई प्रभावी ढ़ंग से करें। उन्होंने सभी को होली और ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, नगर आयुक्त नवीन कुमार, प्रोवेशनर आई.एस. किशलय कुमार, के.पी. पप्पू, रेड क्रॉस के प्रतिनिधि केजरीवाल आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थें।

# बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की तोड़ी कमर

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से तेज हवा के साथ हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। किसानों की तैयार फसल गेंहू, सरसों के साथ साथ आम, लीची के अलावे अन्य फसल भी बर्बाद हो गई है। किसान कर्ज लेकर कड़ी मेहनत से अपने खेतों में फसल लगाएं। लेकिन फसल तैयार होने से पहले ही प्रकृति की मार ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी। इस बेमौसम बारिश की शिलशिला जारी तो आम जीवन तो अस्त व्यस्त होगा ही। परंतु किसानों का जो भी थोड़ा बहुत फसल बचा हुआ है वह भी बर्बाद हो जाएगा। किसान आनंद लाल राय, सुरेश राय, गणेश राय, महेश्वर राय, देव नारायण आदि बताते हैं कि कर्ज, उधार लेकर खेती किए। गेंहू की फसल के साथ साथ सरसों के तैयार फसल पूर्णतः बर्बाद हो गया है। वहीं आम लीची के भी मंजर झड़ रहे हैं। अन्य तिलहन एवं दलहन फसल भी बर्बाद हो गए हैं। सरकार को चाहिए कि किसानों के फसल नुकसान का जांच करवा कर उचित मुआवजा दें। ताकि किसानों को थोड़ी बहुत राहत मिल सके।

# बारिश ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किले घरों में घुसा बरसात का पानी



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड के बौरहर पंचायत वार्ड छह में हल्की बारिश में ही सड़क पर काफी जलजमाव हो गया. कई घरों में पानी घुसने तक का नौबत आ गई. जिसको लेकर वार्ड के लोगों ने पानी में खड़े होकर स्थानीय मुखिया के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया.स्थानीय राम किशोर ठाकुर घूरन दास सज्जन साफी उपेंद्र साफी चंदेश्वर शर्मा नथुनी ठाकुर सुरेन्द्र साफी मदन दास रामभरोस ठाकुर बद्री दास मंजू देवी गीता देवी लक्ष्मीनिया देवी विभा देवी सहित अन्य ने बताया कि यह समस्या वर्षो से है. जब भी बारिश होती है तो हमलोगों को काफी परेशानी हो जाती है. कई वर्षों से मुखिया के द्वारा झूठी आश्वासन दिया जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि बटोही शर्मा के घर से शिव शंकर शर्मा के घर तक यदि सड़क बना दिया जाय तो समस्या का निदान हो जाएगा. लेकिन इस ओर मुखिया या अन्य कोई जनप्रतिनिधियों के ध्यान नही है. जिस तरह कारण हमलोगों को वर्षो से परेशानी झेलनी पड़ रही है.

# गुलरिया टोल उत्क्रमित मध्य विद्यालय में समर सेबुल बोरिंग निर्माण



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विधालय गुलरिया टोल मध्य विद्यालय कंगाली टोल सहित अन्य विद्यालय में छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए दू लाख पचास हजार रुपये के लागत से समरसेबुल बोरिंग लगाया जा रहा है. विद्यालय के एचएम कमलेश कुमार साह ने बताया कि विद्यालय में एक से आठ वर्ग तक मे बच्चों की संख्या ज्यादा होने से भीषण गर्मी के समय चापाकल की लियर नीचे चले जाने से पानी की अभाव हो जाती थी.इस लेकर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में दू सो पचास से तीन सो फीट लियर पर समरसेबुल बोरिंग लगाकर छात्र,छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है.वही संवेदक विजय सिंह ने बताया कि अभी तक खजौली प्रखंड़ में कुल पांच वोरिंग को विद्यालय में लगाया गया है. शेष बोरिंग लगाने की प्रक्रिया जारी है.इस मौके पर विद्यालय के एचएम कमलेश कुमार साह,शिक्षक अभय कुमार राम सहित सभी शिक्षक मौजूद थे.

# किसानों की मांगों को स्वीकार कर उन पर दर्ज मामलों को रद्द करे केंद्र और एमएसपी की गारंटी दे : शाहीन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



अपनी मांगों को लेकर किसान शम्भू तथा खनौरी बॉर्डर पर लगातार आंदोलनरत हैं। किसानों की मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना और भाजपा नेता द्वारा कथित तौर पर मारे गए चार सिख किसानों को न्याय देना और अन्य मांगें शामिल हैं। राजद विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कैसा अमृतकाल है। दिल्ली का बॉर्डर सील है, अंबाला का ऐसा माहौल है जैसे ये कोई दुश्मन देशों का बॉर्डर हो। जुल्म की इंतहा देखिए। किसान अपनी मांग के लिए दिल्ली जा रहा और हरियाणा सरकार उन पर आंसू बम बहा रही है। राष्ट्रीय जनता दल किसानों के न्याय की मांग का समर्थन करती है। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री खुद किसानों से बात करें और उन्हें न्याय दे। देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है। जहां एक ओर किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग को लेकर सड़कों पर हैं, वहीं दूसरी तरफ देश का युवा रोजगार के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य है। केंद्र को किसानों की मांगों को स्वीकार करना चाहिए और 2021 के कृषि आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को रद्द करने के अलावा एमएसपी पर कानूनी गारंटी देनी चाहिए। भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन वह विफल रही। इनपुट लागत दोगुनी हो गई है और फसलों की कीमतें उस हिसाब से नहीं बढ़ाई गईं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को किसानों को रचनात्मक बातचीत के लिए बुलाना चाहिए और उनकी मांगों को सुनना चाहिए।

# मुफ्फसिल थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना में गुरुवार को होलिका दहन व होली को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व गण्यमान लोगों होलिका दहन को लेकर गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य लोगों से होलिका दहन घर व आवासीय परिसर से अलग हट कर खुले स्थान पर करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि होली में डीजे पूर्णरूप रहेगा प्रतिबंधित और लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आचार संहिता के चलते होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं होगा। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा व सद्भाव के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर समस्तीपुर प्रखंड उप प्रमुख राजेश कुमार सिंह, वार्ड छह से दिनेश कुमार, वार्ड 46 से बबन चौधरी, पूर्व मुखिया ललन पाठक, एएसआई मुकेश कुमार, वार्ड 42 से मो. सरफराज आलम व थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार उपस्थित थे।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## पुतिन की जीत के मायने

रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन पांचवी बार भारी मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्हें 87.29 फीसद वोट मिला। उनके पक्ष में सुनाया गया विराट जनादेश इस बात का संदेश है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था पर उनका प्रभावी नियंत्रण है और वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि रूस की जनता ने उनकी नीतियों का समर्थन किया है। भारत, चीन और उत्तर कोरिया सहित अनेक देश के नेताओं ने जीत पर उन्हें बधाई दी, जबकि पश्चिमी देशों ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाकर उनकी जीत को खारिज कर दिया। अमेरिका और पश्चिमी देशों के पुतिन के साथ जिस तरह के तनावपूर्ण रिश्ते हैं उन्हें देखकर उनकी ओर से इसी तरह की प्रतिक्रिया का अनुमान था। चुनाव परिणामों के तुरंत बाद पुतिन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में अपनी सेना तैनात की तो तीसरा विश्व युद्ध अवशयंभावी है। रूसी राष्ट्रपति की यह कड़ी प्रतिक्रिया फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस गैरजिम्मेदाराना बयान के संदर्भ में आई है जिसमें उन्होंने यूक्रेन में फ्रांस और नाटो के सैनिकों को तैनात करने के बारे में कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी पुतिन को पिछले दिनों क्रूर, हत्यारा, तानाशाह और युद्ध अपराधी बताया था। राष्ट्रपति पुतिन अगले छह वर्षो तक मजबूती के साथ सत्ता में बने रहेंगे। अमेरिका और पश्चिमी देशों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। पुतिन के अधिकतर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और आलोचक या तो जेल में हैं या देश से निर्वासित। राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुतिन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अलेक्सी नवालनी की आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। उनकी पत्नी यूलिया ने उनकी मौत के लिए पुतिन को सीधे जिम्मेदार ठहराया था। बाइडन ने भी पुतिन के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पश्चिमी देशों की मीडिया नवालनी को नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी का योद्धा बता रहा है। लेकिन पुतिन इन आलोचनाओं से बेफिक्र हैं और आलाचकों के प्रति उदारवादी रुख अपनाए हुए हैं। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका और रूस (तब सोवियत संघ) से संबंध तनावपूर्ण थे। 1962 में अमेरिका ने जब कम्युनिस्ट देश क्यूबा में मिसाइल तैनात किया तब भी सोवियत संघ और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति बन गई थी। यूक्रेन-रूस युद्ध ने भी अमेरिका और रूस के संबंधों को बहुत तनावपूर्ण बना दिया है।

## जनसंख्या नियंत्रण : सख्ती भी सहमति भी

डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह

स्वातंत्रयोत्तर भारत की सरकार ने आम जन को जब पहली बार परिवार नियोजनइ शब्द से परिचित कराया, तब अनेक लोगों का कहना था कि क्या अब यह भी सरकार बताएगी कि बच्चे कितने पैदा करने हैं !तब से आज तक सरकार द्वारा परिवार नियोजन संबंधी अनेक पहल की जा चुकी हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय से यह मुद्दा एक बार फिर से सार्वजनिक बहसों में जीवित हो उठा है। 12 अक्टूबर, 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए राजस्थान सरकार के सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों के नियम पर मुहर लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है, राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर-भेदभावपूर्ण है, और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है। अतः इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। इ इसका अर्थ हुआ कि राजस्थान सरकार का यह कानून अब पूर्णतः स्थापित हो चुका है, जिसके अनुसार राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला न केवल सकारात्मक है, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय को प्रोत्साहित करता हुआ विकसित भारत के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। वस्तुतः ऐसा नियम बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य नहीं है। अन्य कई राज्यों में ऐसी नीतियां पहले से ही लागू हैं। मध्य प्रदेश में 2001 से सिविल सेवा (जनरल कंडिशन ऑफ सर्विसेज) लागू है। तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम का सेक्शन 19(3), 156(2), 184(2) दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लडे से अयोग्य घोषित करता है। आंध्र प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 में भी यही धाराएं लागू हैं। 2005 के गुजरात सरकार के लोकल अथॉरिटीज एक्ट के संशोधन केअनुसार दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के चुनाव नहीं लड़ सकते। उत्तराखंड सरकार ने दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत चुनाव लडे से रोकने का फैसला किया था। महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम उन लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लडे से अयोग्य घोषित करते हैं, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। हरियाणा के पंचायत चुनाव में भी ऐसे ही नियम लागू हैं। जनसंख्या नियंत्रण के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर खूब विमर्श होते रहे हैं। जनसंख्या की बात होते ही भारत की तुलना चीन से की जाने लगती है। इसका एक कारण तो यह हो सकता है कि 1970 के दशक में भारत में जब परिवार कार्यक्रम शुरू हुआ तो उसी के आसपास 1979 में चीन ने भी दो बच्चों की नीति को लागू कर दिया था, लेकिन भारत में यह संकल्प बार-बार दुहराया जाता रहा है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए भारत को चीन जैसी कठोर नीति बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह ठीक है कि सत्तर और अस्सी के दशक में दुनिया के ये दो बड़े देश जनसंख्या नियंत्रण की ओर बढ़ रहे थे लेकिन यह भी सच है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन भारत से सवा तीन गुना से भी ज्यादा बड़ा देश है। भारत का जनसंख्या घनत्व भी चीन से बहुत अधिक है। चीन में जहां बहुसंख्यक आबादी आज वयस्क हो चुकी है वहीं भारत आज युवाओं का देश है। गैर-बराबरी के ऐसे अनेक बिंदुओं के कारण भारत और चीन के जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों के सूत्र या प्रतिमान एक जैसे नहीं हो सकते। पिछले कोई दो दशकों में भारत की आबदी लगभग चालीस फीसद बढ़ी है। वर्तमान भारत में लगभग ढाई करोड़ लोगों का हर साल जन्म होता है और नब्बे लाख लोगों की मृत्यु होती है यानी भारत की वार्षिक औसत जनसंख्या वृद्धि डेढ़ करोड़ के बीच होनी चाहिए लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। धीरे-धीरे बढ़ता जनसंख्या का यह असंतुलन भारत के लिए समस्या बनता जा रहा है। इसके समाधान स्वरूप परिवार नियोजन को कुछ दशक के लिए लागू करने की बात प्रमुखता से उठाई जाती है। समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ेगा और संसाधनों के अनुरूप आबादी के आधिक्य से संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों का नियम नीतिगत एवं सामाजिक स्तर पर बड़ा संदेश देने की जरूरी कोशिश प्रतीत होता है। इस प्रकार के विषयों पर सामान्यतः विभिन्न समुदायों के बीच असहमति होती है। कुछ लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन कहते हैं जबकि कुछ इसे सामाजिक समानता और आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक मानते हैं। यह भी सच है कि कोई भी समाज जैसे-जैसे साक्षर होता जाएगा, परिवार नियोजन जैसी बातें सहजता से स्व-नियमन का हिस्सा बनती जाएंगी। परिवार नियोजन या जनसंख्या नियंत्रण की प्रक्रिया किसी समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार बन सकती है। इससे सामाजिक समानता, गुणवत्तापूर्ण जीवन-शैली और आर्थिक समृद्धि का द्वार खुलता है। जनसंख्या नियोजन के परिणाम स्वरूप समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में व्यापक सुधार की संभावना दिखाई पड़ती है। मातृत्व स्वास्थ्य, बच्चों की मृत्यु दर और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में सुधार की गुंजाइश बढ़ती है। इसके माध्यम से परिवारों के आर्थिक-सामाजिक दबाव को कम किया जा सकता है, जिससे उनकी साक्षरता सहित शिक्षा के स्तर में सुधार हो। जनसंख्या नियोजन से महिलाओं को निर्णायक फैसलों का अधिक नियंत्रण मिलता है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इससे बच्चों समेत परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार दिखाई पड़ेगा क्योंकि यह उन्हें अपने संसाधनों का उचित उपयोग करने में मदद करता है। जनसंख्या नियोजन से लघु पारिवारिकता बढ़ती है, जो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संतुलन को सुधारने में मदद कर सकती है। इससे वन्य जीवन को संरक्षित किया जा सकता है, और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग संतुलित रूप से हो सकता है। ऐसा करके ही संसाधनों एवं संभावनाओं से परिपूर्ण भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के अपने सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

## नीरस होती, होली की मस्ती, रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली

**आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म. होता जा रहा है... होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ह्यन हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं। फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

दिन पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म. होता जा रहा है... होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ह्यन हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं।

फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडकर डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे। पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली।

जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तोंं का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही हैप्पीह होली शुरू होती है और खत्मा हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लारस नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्य्रा दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पीे होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तोंग में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्ल ड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्याडदा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्याक कर रही हो, तुम जल्दीत घर आओ। क्योंत अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है।

दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स। और फास्टे फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां? अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है। बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेसा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं। अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।

## लीची के अधिकतम उत्पादन हेतु परागणकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक

**लीची के पेड़ों में नर और मादा दोनों फूल होते हैं, वे अक्सर प्रोटोगिनस होते हैं, जिसका अर्थ है कि मादा अंग नर अंगों से पहले परिपक्व होते हैं, जिससे स्व-परागण की संभावना कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, सफल प्रजनन और फल उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लीची फल सेटिंग में परागणकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।लीची के फूल आमतौर पर गुच्छों में खिलते हैं, प्रत्येक गुच्छे में नर और मादा फूलों का मिश्रण होता है। नर फूल पराग का उत्पादन करते हैं, जिसे मधुमक्खियों, मक्खियों, भृंगों और चींटियों जैसे परागणकों द्वारा एकत्र किया जाता है। ये परागणकर्ता अमृत या पराग की तलाश में फूलों पर जाते हैं, जब वे एक फूल से दूसरे फूल की ओर बढ़ते हैं तो अनजाने में नर फूलों से परागकणों को मादा फूलों के वर्तिकाग्र पर स्थानांतरित कर देते हैं। परागणकों का एक विविध समुदाय लीची के बगीचों में सफल परागण की संभावना को बढ़ाता है। मधुमक्खियाँ अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण लीची के फूलों के सबसे प्रभावी परागणकों में से हैं।परागणकर्ता अमृत और पराग की तलाश में लीची के फूलों पर जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, वे अनजाने में पराग कणों को फूलों के बीच स्थानांतरित कर देते हैं, जिससे क्रॉस-परागण की सुविधा होती है। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, बज परागण के रूप में जाना जाने वाला व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, जहाँ वे फूलों के परागकोषों से पराग को हटाने के लिए अपनी उड़ान की मांसपेशियों को कंपन करती हैं।**





**डॉ. एसके सिंह**
**लेखक डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं।**

लीची सहित फूल वाले पौधों के प्रजनन चक्र में परागण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। लीची के पेड़ मुख्य रूप से क्रॉस-परागणित होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे फूलों के नर प्रजनन अंगों (पुंकेसर) से मादा प्रजनन अंगों (पिस्टिल्स) तक पराग स्थानांतरित करने के लिए परागणकों पर निर्भर होते हैं। लीची के पेड़ों में नर और मादा दोनों फूल होते हैं, वे अक्सर प्रोटोगिनस होते हैं, जिसका अर्थ है कि मादा अंग नर अंगों से पहले परिपक्व होते हैं, जिससे स्व-परागण की संभावना कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, सफल प्रजनन और फल उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लीची फल सेटिंग में परागणकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।लीची के फूल आमतौर पर गुच्छों में खिलते हैं, प्रत्येक गुच्छे में नर और मादा फूलों का मिश्रण होता है। नर फूल पराग का उत्पादन करते हैं, जिसे मधुमक्खियों, मक्खियों, भृंगों और चींटियों जैसे परागणकों द्वारा एकत्र किया जाता है। ये परागणकर्ता अमृत या पराग की तलाश में फूलों पर जाते हैं, जब वे एक फूल से दूसरे फूल की ओर बढ़ते हैं तो अनजाने में नर फूलों से परागकणों को मादा फूलों के वर्तिकाग्र पर स्थानांतरित कर देते हैं। परागणकों का एक विविध समुदाय लीची के बगीचों में सफल परागण की संभावना को बढ़ाता है। मधुमक्खियाँ अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण लीची के फूलों के सबसे प्रभावी परागणकों में से हैं।परागणकर्ता अमृत और पराग की तलाश में लीची के फूलों पर जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, वे अनजाने में पराग कणों को फूलों के बीच स्थानांतरित कर देते हैं, जिससे क्रॉस-परागण की सुविधा होती है। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, बज परागण के रूप में जाना जाने वाला व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, जहाँ वे फूलों के परागकोषों से पराग को हटाने के लिए अपनी उड़ान की मांसपेशियों को कंपन करती हैं।लीची के पेड़ों में आम तौर पर एक समकालिक फूल पैटर्न होता है, जिसमें एक पेड़ या बगीचे में अधिकांश फूल एक साथ खिलते हैं। यह सिंक्रनाइजेशन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि परागणकताओं को कम अवधि के भीतर बड़ी संख्या में फूलों तक पहुंच प्राप्त हो, जिससे सफल परागण की संभावना अधिकतम हो सके। मौसम की स्थिति, विशेष रूप से तापमान और आर्द्रता, परागण गतिविधि और फूलों की ग्रहणशीलता को प्रभावित करती है। न्यूनतम हवा और बारिश के साथ गर्म, धूप वाले दिन परागण की खोज और पराग स्थानांतरण के लिए आदर्श होते हैं। प्रतिकूल मौसम की स्थिति, जैसे भारी बारिश या तेज हवाएं, परागणकर्ता गतिविधि को बाधित करती हैं और परागण की प्रभावशीलता को कम करती हैं।लीची के बागों में, उत्पादक परागण को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रबंधन प्रथाओं को अपनाते हैं। इसमें देशी परागणकों के लिए घोंसले के शिकार स्थल और चारा संसाधन उपलब्ध कराना, साथ ही प्राकृतिक परागण सेवाओं के लिए प्रबंधित मधुमक्खी कालोनियों या मधुमक्खियों के 20 से 25 बॉक्स प्रति हेक्टेयर की दर से रहते है।लीची परागण में मधुमक्खियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मधुमक्खियाँ अपनी दक्षता और प्रचुरता के कारण लीची परागण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष रूप से, पर्याप्त परागण और फलों के सेट को सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक लीची के बगीचों में मधुमक्खियों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। प्राकृतिक परागण सेवाओं को बढ़ाने के लिए फूलों के मौसम के दौरान प्रबंधित मधुमक्खी कालोनियों को अक्सर बगीचों में लाया जाता है।मधुमक्खियों का खोज व्यवहार, जो एक ही खोज यात्रा में कई फूलों पर जाने की उनकी क्षमता की विशेषता है, उन्हें लीची के फूलों के अत्यधिक प्रभावी परागणकर्ता बनाता है। इसके अतिरिक्त, मधुमक्खियों के शरीर पर पराग ले जाने वाली संरचनाएं, जैसे विशेष बाल (स्कोपी) और पराग टोकरियाँ (कॉर्बिकुला), उन्हें फूलों के बीच बड़ी मात्रा में पराग ले जाने की अनुमति देती हैं। इसके अलावा, परागण दक्षता को अधिकतम करने के लिए मधुमक्खी कालोनियों को रणनीतिक रूप से लीची के बागों में रखा जाता है। फूलों वाले पेड़ों के पास कालोनियों को स्थापित करके और पर्याप्त छत्ते का घनत्व सुनिश्चित करके, उत्पादक परागण गतिविधि को बढ़ा सकते हैं और फलों के सेट में सुधार कर सकते हैं।

लीची परागण की चुनौतियाँ

लीची फल सेटिंग में परागणकों के महत्व के बावजूद, कई चुनौतियाँ बगीचों में परागण की सफलता को खतरे में डालती हैं जैसे पर्यावास हानि। प्राकृतिक आवासों की हानि और कृषि के लिए भूमि के रूपांतरण से देशी परागणकों की आबादी में गिरावट आती है। आवासों के विखंडन और कृषि क्षेत्रों में कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने इस गिरावट को और बढ़ा दिया है। कृषि रसायनों, विशेष रूप से कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग, परागणक आबादी पर हानिकारक प्रभाव डाल रहा है। कीटनाशकों के संपर्क में आने से मधुमक्खियों का व्यवहार बाधित होता है, नेविगेशन और चारा ढूंढने की क्षमता खराब होती है और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। लीची की खेती में मोनोकल्चर प्रथाएं परागणकों के लिए विविध पुष्प संसाधनों की उपलब्धता को सीमित करती हैं। लीची के पेड़ों के खिलने के मौसम के बाहर फूल वाले पौधों की कमी भी परागणकों के लिए भोजन की कमी में योगदान करती है।जलवायु परिवर्तन फूलों और परागणकों की गतिविधि के समय को बदल सकता है, जिससे फूलों की उपलब्धता और परागणकों की उपस्थिति के बीच बेमेल हो सकता है। चरम मौसम की घटनाएं, जैसे लू और सूखा, परागणकों की आबादी और चारागाह व्यवहार को भी प्रभावित करती हैं। गैर-देशी मधुमक्खी प्रजातियों या आक्रामक परागणकों का परिचय देशी परागणक समुदायों और पारिस्थितिक बातचीत को बाधित कर सकता है। पुष्प संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और बीमारियों का संभावित प्रसार परागण नेटवर्क को और अधिक अस्थिर करता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें आवास संरक्षण, टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ, कीटनाशक प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन शामिल हो।परागण-अनुकूल परिदृश्यों को बढ़ावा देकर, कीटनाशकों के उपयोग को कम करके और आवास विविधता को बढ़ाकर, उत्पादक स्वस्थ परागणकों की आबादी का समर्थन कर सकते हैं और लीची उत्पादन प्रणालियों की स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं। परागणकर्ता पार-परागण की सुविधा प्रदान करके और प्रजनन सफलता सुनिश्चित करके लीची के पेड़ों के फल निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, लीची के बागों में अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण प्रमुख परागणक हैं। हालाँकि, निवास स्थान की हानि, कीटनाशकों के संपर्क और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न चुनौतियाँ, लीची की खेती में परागणक आबादी और परागण सेवाओं को खतरे में डाल रही हैं। स्थायी प्रथाओं को लागू करने और परागण संरक्षण प्रयासों का समर्थन करके, उत्पादक परागण सेवाओं की सुरक्षा करते हैं और आने वाले वर्षों के लिए लीची के बागानों की उत्पादकता को बनाए रख सकते हैं।

## विश्व जल दिवस पर विशेष : सावधानी : जल संकट की चेतावनी !

हेमेन्द्र क्षीरसागर

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरूआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी के महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।

लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।

गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए।

वस्तुतः पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति कक्ष में सौंपा स्मारक पत्र

छपरा कार्यालय। सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई के कक्ष में स्नातकोत्तर सत्र 2022 24 के चौथी सूची में शामिल नामांकन से वंचित छात्र- छात्राओं के नामांकन का अवसर देने के लिए कुलपति महोदय से स्मारक पत्र के माध्यम से अपील की। संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कुलपति महोदय से मांग की की खराब मौसम और भारी बारिश के कारण बहुत से छात्राओं का नामांकन अंतिम दिन यानी 20 मार्च 2024 बुधवार को नहीं हो पाया। चौथी सूची में शामिल इन छात्र-छात्राओं को नामांकन का अवसर प्रदान किया जाए। ताकि उनके भविष्य में कोई अवरोध उत्पन्न ना हो। वही सद्दाब मजहरी ने कहा कि छात्र हित में नामांकन के लिए चौथी लिस्ट में शामिल छात्रों को एक और मौका दिया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अमित नयन, सद्दाम मजहरी, रमेश, रूपेश, आयशा, आदि छात्र छात्रा शामिल थे।

### गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

लहलादपुरः प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बैनर तल्ले पीएचसी, लहलादपुर में गर्भवती महिलाओं की जांच हुई. जिसमें 30 गर्भवती महिलायें शामिल हुईं. इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने किया, जांच कराने आयीं सभी गर्भवती महिलाओ के बीच विटामिन की गोलियां, फल आदि वितरण किया गया.

### होली के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

इसुआपुर। होली के मद्देनजर स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को थानाध्यक्ष टिंकू कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि होली का पर्व मिलन और भाईचारे का पर्व होता है। इसे शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि होली के मौके पर डीजे को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। जो भी डीजे के साथ देखे जाएंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा डीजे को जब्त कर लिया जाएगा। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, अमरनाथ प्रसाद, विजय सिंह, बद्री नारायण सिंह, पूर्व फौजी मोहम्मद वारिस, मेराज अहमद, प्रमोद साह, डॉ जलेश्वर राय, रामबाबू राय, गुड्डू कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच उमेश्वर सिंह, शिक्षक चुन्नीलाल साह, मुन्नीलाल साह, शारदानंद सोनी व अन्य थे।

### डकैती की योजना बनाते चार अपराधकर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छपरा सिटी। जिला के नयागांव थानाक्षेत्र के वाजितपुर फोरलेन स्तिथ जेके ईंटभठा के पास से बुधवार को डकैती की योजना बना रहें चार अपराधियों को नयागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसपी डा गौरव कुमार मंगला ने दी है। उन्होंने बताया कि नयागांव पुलिस को सूचना मिली थी की कुछ अपराधी डकैती की योजना बनाने के लिये फोरलेन के पास इकट्ठा हुये हैं। थानाध्यक्ष भैरोलाल प्रसाद ने पुलिसकर्मियों को साथ लेकर उक्त जगह पर छापेमारी किया। पुलिस को देखते हीं सभी अपराधी भागने के फिराक में थे लेकिन पुलिस की तत्परता से चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से नौ मोबाइल, चार एडॉप्टर, तीन चार्जर, एक कटर मशीन, एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली एवं एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ। अपराधियों की शिनाख्त आदेश कुमार पिता विजय कुमार तिवारी, नितिन कुमार पिता पवन कुमार सिंह उर्फ पपनी सिंह, आर्यन कुमार उर्फ राजा पिता बबलू कुमार सिंह सभी नयागांव थानाक्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग गोला के निवासी के रूप में हुई। एसपी ने बताया कि पूछताछ में अपराधियों ने नयागांव चोरी कांड में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में आदेश कुमार का आपराधिक इतिहास पहले से था। उसके खिलाफ दरियापुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज है। जिसमें उसकी तलाश काफी समय से पुलिस कर रही थी।

### पुलिस प्रशासन की देखरेख में बकायेदारों का कटा कनेक्शन

पानापुर (सारण) काफी लंबे समय से बिजली बिल बकाया रखनेवाले सोनवर्षा एवं पृथ्वीपुर गांव के लगभग एक दर्जन उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन गुरुवार को काटा गया। बताया जाता है कि पूर्व में उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन काटे जाने के दौरान विरोध किया गया था जिस कारण गुरुवार को विद्युत कंपनी के जेई भोला ठाकुर स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करने पहुँचे थे। जेई ने बताया कि इन उपभोक्ताओं के पास काफी लंबे समय से बिजली बिल बकाया चल रहा है। उन्होंने बताया कि बगैर आरसी कटाये इन उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन जोड़ा जाता है तो इनके खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया कि वे अविलंब बकाए बिजली बिल का भुगतान कर दे अन्यथा उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा।

# विधि व्यवस्था का संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



होली त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडलों से भी सदस्यगण जुड़े थे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार होली पर्व के साथ-साथ रमजान का भी महीना चल रहा है। साथ ही लोकसभा आम चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी है। इस लिये विधि व्यवस्था का संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शांति समिति के सदस्यों से उनके पूर्व के अनुभवों के आधार पर फीडबैक लिया गया। सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। बताया गया कि होली के अवसर पर असमाजिक तत्त्वों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है। सभी लोगों से लोकसभा आमचुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। होलिका दहन बिजली के तारों से दूर करने को कहा गया।

शांति समिति के साथ बैठक के उपरांत विधि व्यवस्था को लेकर सभी पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई।

सभी पदाधिकारियों को होली, रमजान एवं चुनाव साथ साथ होने को लेकर अतिरिक्त चौकसी एवं सतर्कता बरतने को कहा गया। मद्य निषेध का सख्ती से अनुपालकन कराने का स्पष्ट निदेश दिया गया। इसको लेकर लगातार सघन छापामारी/तलाशी अभियान चलाने को कहा गया। संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। इसके लिये अलग से पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। सभी थाना को लगातार सघन गश्ती एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, लॉज, होटल आदि की निरंतर जाँच करने को कहा गया। आसूचना संकलन पर विशेष बल देने का निदेश दिया गया। चौकीदारों के माध्यम से भी आसूचना संकलन सुनिश्चित करने को कहा गया। प्राप्त सूचना के आधार पर कारगर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह का अफवाहजनक/आपत्तिजनक सूचना पोस्ट करने वालों के विरुद्ध आईटी एक्ट की धारा के तहत त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की जायेगी बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्यगण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों के साथ जिलाधिकरी ने बैठक कर पेड न्यूज एवं प्री-सर्टिफिकेशन की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय अध्यक्षों के साथ जिलानिर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बैठक कर पेड न्यूज, प्री सर्टिफिकेशन, बल्क मैसेज सहित सोशल मीडिया पर प्रचारित किये जाने वाले कन्टेंट के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष उपस्थित थे। लोक सभा निर्वाचन को स्वच्छ वातावरण में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने को लेकर जिला में गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण कोषांग (एमसीएमसी) के तत्वावधान में यह बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कोषांग के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस कोषांग के अध्यक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण हैं। उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी पूर्वी चंपारण, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, आईटी मैनेजर, संवाददता प्रसार भारती एवं प्रभारी आकाशवाणी-एफएम मोतिहारी कोषांग के सदस्य हैं।

बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों को पेड न्यूज के बारे में बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोषांग के द्वारा इस पर बारीक नजर रखी जाएगी और पेड न्यूज से संबंधित खबरों को चिन्हित कर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा उपलब्ध गए दर के अनुसार पेड न्यूज पर व्यय राशि का आकलन कर निर्वाचन लड़ने वाले संबंधित प्रत्याशी के व्यय में जोड़ने के लिए व्यय अनुश्रवण कोषांग को विहित प्रपत्र में भरकर भेज दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि एक प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख की राशि का व्यय कर सकते हैं। बैठक में प्री सर्टिफिकेशन के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रचार कंटेन्ट बिल्कुल आदर्श आचार संहिता के अनुकूल होना चाहिए। कोई अभ्यर्थी विशेष अभियान या बल्क मैसेज देना चाहते हैं, तो इसके लिए प्रचारित किये जाने वाले कंटेन्ट का अनुमोदन (एमसीएमसी) कोषांग से लेनी होगी। यह कोषांग सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों यथा-फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि का लगातार अनुश्रवण करेगी और आपत्ति जनक पोस्ट को चिन्हित करते हुए उसके विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्रवाई करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्याशी के पक्ष में जारी किये गये विज्ञापनों का भी अनुश्रवण किया जाएगा और उस पर व्यय की राशि प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में जोड़ने के लिए व्यय अनुश्रवण कोषांग को लिखा जाएगा। इसका दर सूचना जन-सम्पर्क विभाग द्वारा निर्धारित दर पर आधारित होगा।

राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को सिंगल विंडो सिस्टम के कार्यरत होने के बारे में बताया गया और कहा गया कि उनकी मांग पत्रों को यथाशिघ्र निष्पादित करते हुए उसकी स्वीकृति देने की व्यवस्था करायी गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी तक दो मतदान केन्द्रों के लिए सहायक बूथ बनाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जहाँ 1500 से अधिक मतदाता हैं। यह प्रस्ताव चिरैया और ढ़ाका से प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि सहायक मतदान केन्द्र भी इसके पूर्व के मतदान केन्द्र भवन में ही बनाया जाएगा।

## राजग के घटक दलों की बैठक सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में राजग के सभी घटक दलो के जिला अध्यक्ष एवं प्रमुखों साथियों द्वारा यह तय किया गया कि सासंद, पूर्व सासंद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद के साथ-साथ सभी घटक दलों के प्रमुख साथियों को मिलाकर जिला स्तर पर चुनाव संचालन समिति गठन करने पर निर्णय लिया गया, साथ ही सभी दसों विधानसभा में भी सभी घटक दलों के प्रमुखों को मिलाकर विधानसभा स्तर पर भी चुनाव संचालन समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। राजग के सभी घटक दलों के प्रमुखों द्वारा यह प्रण किया गया कि सारण जिला के दोनों लोकसभा सीटों को जिताकर मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के चार सौ पार के निर्णय में सारण जिला भी उसमें सहभागी बनेगा। बैठक का संचालन जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू एवं धन्यवाद ज्ञापन आर एल एम अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से हम जिला अध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव, जदयू उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ पटेल, जदयू प्रवक्ता मो. फिरोज, जिला महासचिव लोजपा (आर) नंदकिशोर मांझी, जिला महासचिव जदयू ई. प्रभाष शंकर, महानगर अध्यक्ष (लोजपा आर) आलोक पांडे, कार्यालय प्रभारी (लोजपा आर) ई. कौशल सिंह, जिला उपाध्यक्ष लोजपा (आर) कमलेश कुमार पांडे, जिला महामंत्री भाजपा शत्रुध्न भक्त, जिला कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर के साथ-साथ इस बैठक में अनेक साथी शामिल हुए।

## बिहार की 15 प्रभावशाली महिलाओं में सारण की अनीषा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। पटना में लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद युवा डिस्ट्रिक्ट 350 अ एवं ग्रैंडक्वींस द्वारा ग्रैंडक्वींस ग्लोबल लीडरशिप अवॉड्र्स शो का आयोजन हुआ। जिसमें बिहार के अलग अलग क्षेत्रों में काम करने वाले 15 महिलाओं को ग्रैंड क्वींस ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें नेशनल अवार्ड से सम्मानित कुमारी अनीषा को भी ग्रैंड क्वींस ग्लोबल लीडरशिप युवा भारत की बेटी टाइटल से सम्मानित किया गया। अनीषा को ये सम्मान शिक्षा, संस्कृती एवं महिलाओं के सशक्त बनाने में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन बिहार में पहली बार किया गया है। समारोह का नेतृत्व ग्रैंडक्वींस क्लब के संस्थापक डॉ. सौरभ सुरेका और रूपा सूरेका के साथ साथ राज्य सलाहकार निकाय के अध्यक्ष नीरज कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस, केंद्रीय सतर्कता आयोग के पूर्व निर्देशक अरुण कुमार व राजद की महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रितु जयसवाल समेत अन्य विशिष्ठ अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

## धर्मपुर में शुरू हुआ दो दिवसीय अखंड अष्टयाम, निकाली गई कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। (सारण)। खैरा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में जनकल्याणार्थ दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की गुरुवार को शुरू की गई। इसके लिए घोड़े, डी जे, गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा की शुरूआत धर्मपुर हनुमान मंदिर से शुरू हो कर मईया स्थान होते हुए धर्मपुर तलाब तक जा कर जलभरी किया गया। जलभारी के बाद सभी भक्त यज्ञ मंडप परिसर में पहुंचे, आचार्य दीपक पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार से यजमान रामजी पांडेय और धर्मपत्नी किरण देवी की मौजूदगी में कलश को पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं को सौंपा। भव्य कलशयात्रा हनुमान मंदिर से धर्मपुर तलाब तक पहुंचा। अष्टयाम मंडप में आचार्य दीपक पांडेय के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना के बाद दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की शुभारंभ हुई। मौके पर मनोज द्विवेदी, अनूप चौबे, दिपसुंदर मिश्र, रामजी पांडेय, विनय पांडेय, जयराम महतो, शुभनारायण पांडेय, रूपेश पांडेय, गुड्डू पांडेय, किरण देवी, प्रशांत कुमार, परी कुमारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जबरदस्ती बाजार वसूली और दबंगों के अतिक्रमण के खिलाफ पूर्व बीडीसी ने जिलाधिकारी को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर : जिले के नगरा प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में स्थिति सरकारी सब्जी का बाजार वर्षो से डाक नहीं होने, जबरदस्ती सब्जी विक्रेताओं से वसूली करने तथा दबंगों द्वारा बाजार को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए खैरा भाग 2 के पूर्व बी डी सी दिलीप कुमार साह ने सारण जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। अपने आवेदन में उन्होंने लिखा की खैरा में सरकारी पुरानी बाजार है, जिसका डाक कई वर्षों से नहीं हुआ है फिर भी पुराने ठेकेदार जबरदस्ती बाजार का वसूली करते है। बाजार का मरम्मती भी नहीं हुआ हो पा रहा है जिसके चलते वर्षा होने पर इसकी स्थिति खराब हो जाती। वर्षा के कारण इस बाजार को ठेकेदार खैरा में मढ़ौरा छपरा मुख्य पथ लगाकर जबरदस्ती वसूली करते है। इस बाजार की जमीन को दबंगों द्वारा अतिक्रमण भी कर लिया गया है। उन्होंने अपने आवेदन में यह भी लिखा है कि एक लाख से कम के डाक वाले बाजार पंचायत के जिम्मे चले गए है जिससे पंचायत का विकास होगा। लेकिन बाजार का रुपया पूर्व ठेकेदार ही वसूल कर रहे है।

### विद्यालय मे कार्यरत रसोईयों सह सहायकों का क्षमता प्रशिक्षण सम्पन्न

गरखा प्रखंड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय धनौरा मे कार्यरत रसोईया सह सहायको का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण मे मुख्य रूप से प्रखंड साधनसेवी मनोज कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर शैलेश राम एवं अजय कुमार प्रसाद द्वारा विडिओ एवं मौखिक रूप से रसोईयो को आवश्यक जानकारी दी गई। रसोईयो को साफ-सफाई के साथ खाना बनाते समय सूती कपड़ो का प्रयोग करने पर बल दिया गया। भोजन की गुणवत्ता एव पौष्टिकता बरकरार रहे इस पर विशेष ध्यान देने की जानकारी रसोईयो को दी गई। रसोईयो सह सहायक को सभी बच्चो को एकसमान व्यवहार एव पकाया हुआ भोजन उपलब्ध कराने को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी रसोईयो को यात्रा भता के रूप मे 100 रूपय नगद राशि दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे संकुल संचालक जयकिशुन चौधरी पूर्व संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह, देवेश उपाध्याय, अरूण कुमार, सौरभ कुमार, शिवम कुमार, मृत्युंजय मांझी, धनुषधर सिंह मंजू देवी, रेखा देवी, सीता देवी, गुड्डी कुंवर शैलेश राम, विन्दु देवी, ममता देवी बेबी देवी के साथ संकुल के सभी रसोईयो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया।

## बिहार दिवस के अवसर पर मतदाता ट्रेन रैली के माध्यम से लोगों को उनके मताधिकार के प्रति किया जायेगा जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये संपूर्ण सारण जिला में विभिन्न विभागों के समन्वय से लगातार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता अभियान (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिहार दिवस (22 मार्च) के अवसर पर स्वीप कोषांग द्वारा जिला मुख्यालय छपरा एवं अन्य दोनों अनुमंडल में मतदाता ट्रेन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। इस ट्रेन में युवा, महिला, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा अलग-अलग डब्बों के फॉर्मेशन में जागरूकता रैली निकाली जायेगी। छपरा में यह मतदाता जागरूकता रैली राजेन्द्र स्टेडियम से प्रातः 7 बजे प्रारम्भ होकर शहर का भ्रमण करते हुये पुनः स्टेडियम में समाप्त होगी। इस जागरूकता ट्रेन में अलग-अलग वर्गों के मतदाताओं के डब्बों के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जायेगा। इसी प्रकार से सोनपुर एवं मढ़ौरा अनुमंडल में भी मतदाता ट्रेन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

### शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

लहलादपुरः होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रीति राज ने किया. बैठक में यह निर्देश दिया गया कि यदि कोई व्यक्ति रंग या गुलाल खेलना नहीं चाहें तो उन्हें जबरन रंग या गुलाल नहीं लगाना होगा, खासकर मुस्लिम समुदाय के साथ रंग या गुलाल नहीं खेलें. बैठक में यह भी कहा गया कि होली के दरम्यान शराब या किसी दूसरे नशे का सेवन बिलकुल वर्जित है. अश्लील गाने तथा अश्लीलता से परहेज करना होगा. होली रंगों का त्यौहार है, इसे आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ खेलना चाहिए।

## आंजनेय ने क्षेत्र का किया नाम रौशन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। आंजनेय शरण ने देश के प्रतिष्ठित स्कूलों में सुमार गुरुकुल कुरुक्षेत्र, हरियाणा प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर परिवार के साथ- साथ जिले का नाम रौशन किया हैं. इस गुरुकुल की कठिन परीक्षा में सफलता के बाद इनका नामांकन 7 वीं वर्ग में होगा. शिक्षा की दृष्टि से गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा में प्रथम एवं देश में नौवें स्थान पर है. मालूम हो कि आंजनेय शरण हाल ही में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर चुके है. विदित हो कि आंजनेय शरण के पिता डॉ. श्याम शरण कमला राय महाविद्यालय, गोपालगंज, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं माता रीता कुमारी कुशल गृहणी है. डॉ. शरण ने बतलाया कि मेरा पुत्र आंजनेय शरण शुरू से ही मेधावी रहा है. उसने छपरा के प्रतिष्ठित दून सेंट्रल स्कूल से क्लास 1 से 5 तक पढ़ाई की है. उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता के बाद दून सेंट्रल स्कूल के प्राध्यापकों के साथ विशेष रूप से अपने प्रिय शिक्षक मोहम्मद रफीक एवं प्रथम कुमार को दिया हैं. आंजनेय शरण के सफलता पर उनके पैतृक घर मढ़ौरा अनुमंडल के अगहरा पंचायत के अगहरा गाँव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. इनके सफलता पर प्रो. उषा कुमारी, विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, प्रो. रणजीत कुमार सिंह, कुलचिव जे. पी. यू. छपरा, प्रो. अशोक कुमार सिन्हा, इनके दादा मैनेजर राय, डॉ. श्याम शरण, रीता कुमारी, मो. रफीक, प्रथम कुमार, गुडू कुमार, गुंजन कुमार, मुकेश कुमार, सारण के मीडिया बंधुओं एवं अनेक शुभ चिंतकों आदि ने खुशी व्यक्त किया हैं।

## डीडी बिहार के रंग रंगीली होली में रामेश्वर गोप के पारम्परिक होली गीतों की मचेगी धूम

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर। डीडी बिहार के विशेष कार्यक्रम रंग रंगीली होली में लोकगायक रामेश्वर गोप के पारम्परिक होली गीत दर्शक देख सुन सकेंगे। आकाशवाणी व दूरदर्शन के निदेशक राजकुमार नाहर ने शूटिंग समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और कहा कि बिहार की कला संस्कृति प्राचीन काल से ही धनी रही है। कहा कि होली सहित विभिन्न त्यौहारों पर गाये जाने ले गीतों बिहार की संस्कृति की समृद्ध झलक मिलती है। कार्यक्रम में मैथिली, भोजपुरी, अंगिका, मगही भाषाओं सहित बिरहा शैली आदि के गायक कलाकार राजा मंडल यादव, प्रीति पाल, ओम प्रकाश सिंह, अमर आनंद, रानी आदि के गायन का आनंद मिलेगा। विशेष कार्यक्रम की शूटिंग पटना स्टूडियो में सम्पन्न हुई जिसमें असगर एंड टीम की बैंड में सह गायन जिले के ही कलाकार रिजेश मांझी, अखिदेश यादव व सोनू कुमार ने की है। गायक गोप की आवाज में पारम्परिक जोगीरा, धमार फगुआ गायन सुनने को मिलेगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एकल खिड़की एवं पोस्टल बैलट कोषांग के कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर विभिन्न कोषांगों द्वारा निर्धारित टाइम लाइन के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा प्रतिदिन विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। आज उन्होंने एकल खिड़की कोषांग एवं पोस्टल बैलट कोषांग के कार्यों की समीक्षा की। एकल खिड़की (सिंगल विण्डो) कोषांग द्वारा चुनाव प्रचार से संबंधित किसी भी सभा, जूलूस एवं अन्य आयोजनों हेतु आवश्यक अनुमति आयोजकों प्रदान की जायेगी। किसी भी कार्यक्रम से कम से कम 48 घण्टे पूर्व आयोजकों को कार्यक्रम की विवरणी के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन सिंगल विण्डो कोषांग में जमा करना होगा। सिंगल विण्डो कोषांग द्वारा सभी आवश्यक कार्यालयों/विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर 36 घंटे के अंतर्गत आयोजकों को अनुमति दी जायेगी। आवेदनों का निष्पादन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यथा शीघ्र अनुमति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया। किसी भी सभा/जूलूस के लिये एकल खिड़की कोषांग द्वारा संबधित अंचलाधिकारी, निजी परिसर के स्वामी, शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाध्यापकों, थाना, विद्युत विभाग, अग्निशमन, भवन प्रमंडल आदि से आवश्यक अनापत्ति प्राप्त करने के उपरांत ही आयोजन की अनुमति प्रदान की जायेगी। किसी भी दल या प्रत्याशी द्वारा चुनाव कार्यालय खोलने हेतु प्राप्त आवेदनों का भी निष्पादन एकल खिड़की कोषांग द्वारा किया जायेगा। किसी भी बूथ के 200 मीटर की परिधि में कोई चुनाव कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## सड़क दुर्घटना के कारण NH से सटे टेकनिवास में मौतें थम नहीं रही हैं

प्रात : किरण संवाददाता



सिवान से सटे टेकनिवास में सड़क दुर्घटनों के कारण लोगों की जानें जा रही हैं. ग्रामीणों का कहना है की गांव से निकलकर छपरा या बाजार जाने के लिए उन्हें सड़क पार करना पड़ता है. इस स्थिति में सड़क पर चलने वाली अनियंत्रित वाहनों से आए दिन एक्सीडेंट होना अब यहां सामान्य घटना हो गई है. सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय बताते हैं की पिछले 2 वर्षों में यहां 10 विभत्स दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा इस वर्ष गांव के दो व्यक्ति कन्हैया राय (32) तथा मुक्तिनाथ तिवारी (45) की उक्त स्थल पर सड़क पार करते हुए जानें जा चुकी हैं लेकिन प्रशासन इतने गंभीर विषय पर भी मौन है. घटना से पीड़ित टेकनिवास के नवल किशोर तिवारी बताते हैं की पिछले वर्ष वह सड़क पार करते हुए जा रहे थे तबतक एक अनियंत्रित वाहन उनसे आके टकरा गई. इस घटना से उनको गंभीर क्षति हुई तथा एक पैर टूट गया. वह जिंदा बचने के लिए ईश्वर का धन्यवाद कहते हैं. इस विषय पर ग्रामीणों की मांग है की प्रशासन वहां जल से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाने का प्रबंध करे. धनंजय बताते हैं की इस विषय को लेकर वो जिला परिवहन पदाधिकारी को अवगत करा चुके हैं तथा उन्होंने इसकी जांच कराकर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए आश्वासन भी दिया था परंतु कार्य में हो रहे विलंब एवं प्रशासनिक उदासीनता की वजह से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है.

## संक्षिप्त खबरें

### होली मिलन का आयोजन

आरा। स्थानीय चंदवा में दिल से होली मिलन का आयोजन किया गया इसका शुभ उद्धघाटन सभी अभीभावक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी बच्चों ने सर्वप्रथम सभी बच्चों ने आज बिरज में होली रे रसिया रंगों से रंग मिल जाते है, बालम पिचकारी, होली खेली रघुवीरा आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दे कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छात्र -छात्रों के माता - पिता ,एवम आये हुए सभी अतिथियों ने खूब जम कर एक दूसरे को रंग लगा कर होली का लुप्त उठाया। सभी का स्वागत निदेशक आशुतोष दीक्षित ने किया। मंच संचालन आद्रिका कौशल ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वमिका कौशल, शुभीका अंजली , अभिषेक एवम गोलू ने किया । इस उपलक्ष्य पर , अहाना, अमन, आँचल, अंजलि ,आदया, रौनक, प्रियम, दीपिका, शीलकी ,आदि उपस्थित थे।

### एन ग्लोबल स्कूल में रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनाया

गया। शिक्षकों ने छात्रों को होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रकाश आनन्द, सहनिदेशक सुधीर आनन्द, प्राचार्या सुखविंदर कौर, उप प्राचार्य विकाश राय, कॉर्डिनेटर सिमरन मुखिया, अनुज सुब्बा, अखिलेश कुमार, शिक्षिका नेहा छेत्री, पूनम राय डुंगमालि, सपना सिंह, नेहा कुमारी, विनोद चौबे, सामंता महथा सहित अन्य मौजूद रहे। छात्रों ने अबीर गुलाल लगाकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। निदेशक प्रकाश आनन्द ने छात्रों को रंगपर्व की महत्ता बताते हुए छात्रों को अपने परिश्रम और ईमानदारी से जीवन में रंग उत्तपन्न करने की सीख दी। शिक्षकों की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने होली खेली। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### संत एसएन ग्लोबल स्कूल में बच्चों के रंग भरें स्नेह के साथ मना होली रंगोत्सव

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के डुमरांव रोड स्थित संत एस एन ग्लोबल स्कूल में रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षकों ने छात्रों को होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रकाश आनन्द, सहनिदेशक सुधीर आनन्द, प्राचार्या सुखविंदर कौर, उप प्राचार्य विकाश राय, कॉर्डिनेटर सिमरन मुखिया, अनुज सुब्बा, अखिलेश कुमार, शिक्षिका नेहा छेत्री, पूनम राय डुंगमालि, सपना सिंह, नेहा कुमारी, प्रतिछा सुब्बा, सुनीता सिंह, शशिबाला, ज्योति मिश्रा, अभिनीत मिश्रा, रजनीकांत, अंकुर, तनवीर आलम, सामंता महथा सहित अन्य मौजूद रहे। छात्रों ने अबीर गुलाल लगाकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। निदेशक प्रकाश आनन्द ने छात्रों को रंगपर्व की महत्ता बताते हुए छात्रों को अपने परिश्रम और ईमानदारी से जीवन में रंग उत्तपन्न करने की सीख दी।

### डीजे संचालकों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक

काराकाट(रोहतास): गुरुवार को कछवां थाना परिसर में होली पर्व को लेकर क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी डीजे संचालकों के साथ होली पर्व को लेकर एक बैठक आहूत की गई । बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी डीजे संचालकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आगामी होली पर्व त्योहार में डीजे बजाने पर पूर्णतः वैन रहेगा । उन्होंने कहा कि सभी डीजे संचालकों पर धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई किया गया है । मौके पर थानाध्यक्ष , पुलिस पदाधिकारी समेत डीजे संचालक लोग उपस्थित थे ।

### वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में बालू लदे तीन ट्रक जब्त

काराकाट(रोहतास): कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना मोड़ पर खनन विभाग के साथ वाहन चेकिंग के क्रम में तीन ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को खनन विभाग की टीम एवं पुलिस ने जब्त कर लिया है । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

### मोथा गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन



काराकाट । प्रखंड क्षेत्र के मोथा गांव में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । भाजपा नेता अर्जुन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में होली मिलन समारोह काआयोजन किया गया । होली मिलन समारोह का उदघाटन भाजपा नेता मदन प्रसाद वैश्य, ललित मोहन सिंह, अर्जुन गुप्ता , मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया । भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने अभी अतिथियों को गमछा से सम्मानित किया । वही गुलाल अबीर लगा कर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी ।

# अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ के आगमन पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शाश्वत तीर्थ अयोध्या विकास के निमित्त भारत भ्रमण पर निकले तीर्थ प्रभावना रथ धर्मनगरी आरा पहुंचने पर जैन धर्मावलंबियों ने भव्य शोभायात्रा निकालकर लोगों को तीर्थ विकास के लिए जागरूक किया। जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी आर्यिका रत्न श्री 105 ज्ञानमती माता जी की प्रेरणा से जैन धर्म के पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास कार्य चल रहा है।

इसी उद्देश्य से तीर्थ प्रभावना रथ सम्पूर्ण भारत में भ्रमण कर आरा पहुंचा है। आरा जैन समाज के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन ने बताया कि शाश्वत तीर्थ अयोध्या में जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों में पांच तीर्थंकर की जन्मभूमि अयोध्या में स्थित है जिसमें प्रथम तीर्थंकर



भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ), द्वितीय तीर्थंकर भगवान अजीतनाथ, चतुर्थ तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ, पंचम तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ एवं चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ की जन्मभूमि है एवं भगवान श्रीराम की जन्मभूमि भी अयोध्या ही है।

अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय तीर्थ का दर्जा प्राप्त है वहां का विकास तीव्र गति से हो रहा है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि तीर्थ प्रभावना रथ सह शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ शहर के जेल रोड स्थित श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर से निकलकर भगवान महावीर मार्ग, गोपाली चौक, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, जैन स्कूल, रमना रोड, महावीर टोला, हॉस्पिटल रोड, शिवगंज होते हुए श्री दिगंबर जैन मैना सुंदर धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ।

तीर्थ प्रभावना रथ बहुत ही भव्य एवं आकर्षक था उसमें अयोध्या में अवतरित पांचों तीर्थंकरों की आकृति बनी हुई थी एवं उसमें एक प्रतिष्ठित प्रतिमा जी विराजमान थे जिसका सभी ने दर्शन लाभ लिया। उस रथ में सौंधर्म इंद्र-इंद्राणी के रूप में आरा जैन समाज के शशि-शैलेंद्र कुमार जैन, धन कुबेर - अशोक कुमार जैन, अंजू-निलेश जैन, प्रथम पालना सीमा-मनोज जैन, अनुप्रिया जैन एवं प्रथम महाआरती करने का सौभाग्य रत्ना-कमलेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा संयोजक डॉ शशांक जैन ने बताया कि शोभायात्रा के क्रम में जैन समाज के लोगों ने रथ का स्वागत अपने प्रतिष्ठान व निवास स्थान के आगे से गुजरने पर पुष्पवृष्टी एवं मंगल आरती कर पुण्य अर्जित किए। शोभायात्रा के पूर्व एक धर्मसभा आयोजित की गई थी। जिसमें तीर्थ प्रभावना रथ के संचालक सतेंद्र कुमार जैन एवं अन्य लोगों ने अयोध्या तीर्थ विकास की विस्तृत जानकारी दिए तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने अयोध्या तीर्थ विकास के लिए यथासंभव दान कर पुण्य अर्जित किए। शोभायात्रा में आकाश जैन, रेनू जैन, सुधा जैन, प्रियेश जैन, अजय जैन, धीरेंद्र चंद्र जैन, अतिशय जैन, अरिहंत जैन, सुरभि जैन, सुशांत जैन, उषा जैन, मंजुला जैन, अखिलेश जैन, आम्रपाली जैन, दीपक प्रकाश जैन, आयुष जैन, आशीष जैन के साथ सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# होली में हुडदंग मचाने वाले से निपटने को तैयार है भोजपुर पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर थाना में थानाध्यक्ष के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। आगामी होली के त्योहार को लेकर ये बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नरोतमचन्द्र ने किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। जिस कारण क्षेत्र में धारा 144 लागू है। होली में हुड़दंग करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, और ऐसे असमाजिक तत्वों से सख्ती से पुलिस निपटेगी। वही अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ बातें लिखने वालों को चिन्हित कर पुलिस की साइबर टीम कानूनी कार्रवाई करेगी। डीजे, दोअर्थी और अश्लील गाने प्रतिबंध रहेगा साथ शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के जवान चौबीसों घण्टे ए

क्टिव मोड में रहेगें। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से आपसी सौहार्द बना कर होली का त्योहार मनाने की अपील किया। बैठक में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कोईलवर में होने वाले जाम से निजात दिलाने को लेकर सीओ और पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि कोईलवर में जाम के कारण जनजीवन प्रभावित है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी A55 5G और गैलेक्सी A35 को किया लॉन्च

पटना। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने जबरदस्त इनोवेशन वाले गैलेक्सी A55 5G और गैलेक्सी A35 5G को लॉन्च करने की घोषणा की है। नई अ सीरीज के डिवाइस में कई प्रमुख फीचर्स दिए गए हैं, जिसमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, एआई संवर्धित कैमरा फीचर्स और टैंपर-प्रतिरोधी सुरक्षा समाधान, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट समेत कई अन्य नए फीचर्स शामिल हैं।

ऋषि कुलश्रेस्थ, डायरेक्टरण एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया, ने कहा, ह्लगैलेक्सी ए सीरीज पिछले दो वर्षो से भारत में सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन सीरीज रही है, जो भारत के एमजेड उपभोक्ताओं के बीच इसकी जबरदस्त लोकप्रियता का प्रतीक है। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G का लॉन्च प्रमुख इनोवेशन को सभी के लिए सुलभ बनाने की



हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G हमें 5G स्मार्टफोन सेगमेंट और देश में सबसे तेजी से बढ़ते मिड-प्रीमियम (30,000-50,000 रुपये) सेगमेंट में अपने नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा। बेहतरीन डिजाइन और टिकाउपनः पहली बार, गैलेक्सी A55 5G को मेटल फ्रेम में और गैलेक्सी A35 5G को प्रीमियम ग्लास बैक के साथ पेश किया गया है। ये फोन तीन ट्रेंडी रंगों - ऑसम लिलैक, ऑसम आइस ब्लू और ऑसम नेवी में उपलब्ध हैं । इन्हें IP67 रेटिंग दी गई है, जिसका मतलब है कि ये 1 मीटर ताजे पानी में 30 मिनट तक रह सकते हैं। साथ ही ये धूल और रेत प्रतिरोधी भी हैं। 6.6-इंच FHD+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले और न्यूनतम बेजेल्स के साथ, 120Hz रिफ्रेश रेट बेहद स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करता है। ये स्मार्टफोन फ्रंट और बैक पर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन जैसी ड्यूरैबिलिटी के साथ आते हैं। कैमरा इनोवेशनः ये नए ए सीरीज स्मार्टफोन यूजर्स के कंटेंट गेम को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई इनोवेटिव एआई-एन्हांस्ड कैमरा फीचर्स के साथ आते हैं। इन सुविधाओं में फोटो रीमास्टर, इमेज क्लिपर और ऑब्जेक्ट इरेजर समेत कई अन्य फीचर्स शामिल हैं। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G एआई इमेज सिग्नल प्रोसेसिंग (आईएसपी) द्वारा एन्हैंस्ड नाइटोग्राफी के साथ 50 एमपी ट्रिपल कैमरा के साथ आते हैं जो ए-सीरीज पर पहले कभी नहीं देखी गई बेहद कम रोशनी में भी शानदार तस्वीरें लेता है। शानदार सुरक्षाः सैमसंग नॉक्स वॉल्ट सिक्योरिटी ए-सीरीज में पहली बार आई है, जिससे शानदार सुरक्षा अधिक लोगों की पहुंच में होगी। हार्डवेयर-आधारित सुरक्षा सिस्टम हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों हमलों के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है। यह डिवाइस पर सबसे महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है, जिसमें लॉक स्क्रीन क्रेडेंशियल, जैसे पिन कोड, पासवर्ड और पैटर्न शामिल हैं। अब तक का सबसे बढ़िया परफॉर्मेंसः 4ल्ले प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित बिल्कुल नया एक्सिनॉस 1480 प्रॉसेसर गैलेक्सी A55 5G को मजबूती देता है जबकि गैलेक्सी A35 5G को 5ल्ले प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित एक्सिनॉस 1380 प्रोसेसर में अपग्रेड किया गया है।

# लोस चुनाव की तैयारी पर बीजेपी की बैठक

डेहरी ऑन सोन(रोहतास): बीजेपी नगर इकाई डेहरी की बैठक शहर स्थित सामाजिक कार्यकर्ता पंकज गुप्ता के आवास पर गुरुवार को आयोजित की गई। नगर अध्यक्ष अशोक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव संबंधित रणनीतियों पर चर्चा की गई और 39 वार्डो में बने शक्ति केंद्र संयोजकों से बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुख बनान की बात कही ! वहीं जनकल्याणकारी योजना का लाभ लिए लाभार्थियों से संपर्क करने के साथ उनके साथ लिए गए सेल्फी को सरल ऐप पर ज्यादा से ज्यादा अपलोड भी करना है ताकि इसकी सूचना केंद्र तक सुनिश्चित हो सके और जो इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी से संपर्क करेंगे प्रथम तीन श्रेणियां में आने वाले कार्यकताओं को नगर अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा! साथ ही नगर के विकास संबंधित कमेटी के सम्मानित सदस्यों ने नगर अध्यक्ष श्री सोनी के समक्ष अपनी-अपने सुझाव भी रखें कोर कमेटी के बैठक में उपस्थित रहे डेहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने भाग लिया।

# अति कुपोषित बच्चों को चिह्नित करते हुए एनआरसी में भर्ती कराना जरूरी : डीपीओ

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले को कुपोषण से मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में पोषण पखवाड़ा का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कृषि भवन के सभागार में पोषण समिति की बैठक की गई। इस दौरान आईसीडीएस की डीपीओ माला कुमारी ने सभी सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं को पखवाड़ा के दौरान होने वाली गतिविधियों के उद्देश्य के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य जिले से कुपोषण को हर हाल में मिटाना है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना होगा। साथ ही, इस दौरान जिले की सभी परियोजनाओं में अति कुपोषित बच्चों को चिह्नित करते हुए अपने क्षेत्र की आशा से समन्वय



स्थापित करते हुए उनको एनआरसी में भर्ती कराना है। ताकि, उनका समय से इलाज कराया जा सके। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार समय से वितरित किया जाए तथा निर्धारित समय पर बच्चों का वजन मापा जाए। साथ ही, केंद्रों में नामांकित बच्चों के अभिभावकों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। ताकि, उनमें पोषण की समझ उत्पन्न हो वो अपने बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाएं। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि कुपोषण से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस के समन्वय से वीएचएसएनडी का संचालन किया जाता है। ताकि, आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के स्तर जांच की जा सके और उनका इलाज किया जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वीएचएसएनडी साइट्स पर अल्बेंडाजोल व आयरन की गोलियां और सिरप पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही, सभी परियोजनाओं की सीडीपीओ कार्यालय में अल्बेंडाजोल और आयरन की गोलियां और सिरप उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि, वो आवश्यकता अनुसार अपने परियोजनाओं में इनका वितरण करेंगी। इससे कुपोषण से जंग में काफी सहूलियत मिलेगी।

# होली के अवसर पर कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण एवं गोपियों संग फूलों की होली मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आरा-बिहिया रोड पर सिकन्दपुर में स्थित जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में मथुरा एवं वृन्दावन के तर्ज पर फूलों की होली में दर्षकगण झूम उठे। रंगों के त्योहार होली के अवसर पर वाराणसी से पधारे कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण एवं गोपियों संग फूलों की होली मनाई गई। सर्वप्रथम राधा-कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे वास्तव में भगवान धरा पर अवतरित हुए हों। जब राधा-कृष्ण की भक्ति पर आधारित विभिन्न भजनों जैसे मइया यषोदा ये तेरा कन्हैया....., आज वृज में होली रे रसिया......., मधुबन में कन्हैया जो गोपी से मिले....... आदि पर नृत्य प्रारम्भ हुआ तो उपस्थित दर्षक भी अपने को रोक न सके और



सभी भक्तगण फूलों की होली में झूमने लगे। जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि इस होली में किसी प्रकार के रंग, गुलाल अथवा अबीर आदि का प्रयोग नहीं किया गया है। पारम्परिक रूप से मनाई जाने वाली इस फूलों की होली के लिए यहां 150 किग्रा. गेन्दा और गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां उपलब्ध कराई गई है। इन पंखुड़ियों से अतिथि व जीवन्त प्रतीत राधा कृष्ण होली खेल रहे हैं।

सिद्ध बिजय जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कलियुग के वर्तमान समय में भी हमें अपने पारम्परिक त्योहारों को भूलना नहीं चाहिए। हमारी संस्था आधुनिकतम षिक्षा प्रणाली प्रदान करने के साथ ही पारम्परिक रीति-रिवाजों पर भी बल देती है। इसी कड़ी में फूलों की होली का आयोजन किया गया है।

विदित हो कि बुधवार, 20 मार्च 2024 को रंगभरी एकादषी है साथ ही ऐसा संयोग है कि बांके बिहारी मंदिर में भगवान कृष्ण और राधा की फूलों से खेलने की कहानी को दोहराया जा रहा है। और जब जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के प्रांगण में राधा कृष्ण की रास लीला प्रारम्भ हुई तो ऐसा लग रहा था कि मानो उपस्थित भक्तगण वृन्दावन में साक्षात प्रभु के साथ पुष्पों से खेल रहे हों। मौसम में आई अचानक बदलाव और दिनभर बून्दा-बान्दी के बीच भी आयोजकों, दर्षकों एवं कलाकारों का उत्साह कम नहीं हुआ। अरिहन्त बिजय जैन ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बताया कि इस होली उत्सव की सफलता के लिए कॉलेज परिवार के सभी षिक्षक एवं षिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ छात्र-छात्राओं ने काफी लगन के साथ तैयारी की है। साथ ही कार्यक्रम के इवेन्ट प्लानर के रूप में आषुतोष दिक्षित की टीम ने सराहनीय कार्य किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनन्द मोहन ने कॉलेज के बारे में प्रकाष डालते हुए बताया कि जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज हेल्थ एण्ड एजुकेषनल सोसायटी, आरा अन्तर्गत संचालित है। यह कॉलेज भारत सरकार के षिक्षा विभाग के ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त होने के साथ आर्यभट्ट ज्ञान विष्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त है। बी.सी.ए., बी.बी.ए. एवं एम.बी.ए. की पढ़ाई यहां आधुनिकतम षिक्षा प्रणाली के साथ कराई जाती है। इस कॉलेज में बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड द्वारा उच्च षिक्षा ग्रहण करने का अवसर भी छात्र-छात्राओं को मिलता है।

# अबीर-गुलाल उड़ा इंदु तपेश्वर महाविद्यालय में धूमधाम से मनी होली मिलन समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर अबीर रंग-गुलाल उड़ा इसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। वही महाविद्यालय कर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डिग्री खंड प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह व संचालन उप प्राचार्य डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह सहित कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पुष्पा सिंह ने की। इस अवसर पर प्राचार्य बिनोद सिंह ने सभागार में कर्मियों सहित छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पवित्र होली पर्व एक दूसरे लोगों को स्नेह के बंधन में बांधने का प्रतीक है। साथ ही महाविद्यालय सचिव सह पूर्व सदस्य



बिहार विधान परिषद डॉ. अजय सिंह ने संदेश देते हुए बताया कि आपसी भाईचारा व समरसता को दशार्ता है। उन्होंने कहा की होली का त्योहार भक्त प्रह्लाद की ईश्वर के प्रति अनन्य भक्ति और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जो हिरण्यकश्यप के मरने से पहले ही होलिका के रूप में बुराई जल गई और अच्छाई के रूप में भक्त प्रहलाद बच गए। जिस खुशी में अगले दिन अबीर रंग-गुलाल के साथ लोग मानते है। इस मौके उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेतर सहित छात्राओं ने होली गायन कर अबीर गुलाल उड़ाया। इस अवसर पर इंटर प्राचार्य शशि रंजन कुमार, प्रोफेसर-मनोज सिंह, किसलय सिंह, मंजी सिंह व छात्रा सुमन, प्रियंका सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# पूजा बनी काराकाट और प्रियंका बनी दिनारा की प्रखंड उप प्रमुख

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज नगर परिषद के सभागार भवन में गुरुवार को काराकाट और दिनारा प्रखंड के उप प्रमुख पद के लिए चुनाव हुआ । जिसमें काराकाट के उप प्रमुख पद पर पूजा देवी और दिनारा प्रखंड के उप प्रमुख पद पर प्रियंका देवी निर्वाचित हुई । एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी अनिल बसाक ने बताया कि काराकाट प्रखंड के उपप्रमुख का चुनाव हुआ, जिसमें प्रखंड के सभी 27 बीडीसी मतदान में भाग लिए । पूजा देवी को 14 और उनके प्रतिद्वंद्वी सत्येन्द्र मिश्रा को 13 मत मिला । एक मत के अंतर से पूजा देवी ने अपनी खोयी हुई पद दुबारा प्राप्त कर लिया । वहीं दिनारा प्रखंड के उप प्रमुख पद के लिए हुए चुनाव में कुल 28 में से 27 पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया । एक सदस्य अनुपस्थित रहे । उप प्रमुख पद के लिए हुए चुनाव में प्रियंका देवी को 14 मत मिला जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी आलोक कुमार को 12 मत मिला । जबकि एक मत अमान्य था । इस निर्वाचन प्रक्रिया के लिए बतौर प्रेक्षक लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह उपस्थित थे । काराकाट प्रखंड के लिए उप प्रमुख का चुनाव प्रक्रिया पहले हुई जबकि दिनारा उप प्रमुख पद के लिए चुनाव दो बजे से निर्धारित समय के अनुसार हुई । दोनों पक्षों की ओर से समर्थकों की काफी भीड़ थी । नगर परिषद कार्यालय के पास सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी ।

### बिहार में विपक्षी महागठबंधन का सूपड़ा साफ खाता भी नहीं खुलेगा : अनंत

बिक्रमगंज(रोहतास): बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विपक्षीय दलों के भीतर सूर ताल अब भी मेल नहीं खा रहे है । बिहार के महागठबंधन में हर पार्टी एक दूसरे की पीठ में छुरा घोपने के चक्कर में लगा है । श्री गुप्ता ने कहा कि प्रत्याशी खोजना तो दूर अभी तक सीट शेयरिंग तक नहीं हो पाया । श्री गुप्ता ने दावा किया है कि एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करेगा । हर सीट को लेकर एनडीए के प्रति सकारात्मक रुझान है । विपक्ष की मौका परस्ती और परिवार बाद को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है । उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष की स्थिति यह है कि उन्हें एनडीए को ढंग से चुनौती देने वाले उम्मीदवार नहीं मिल रहा है । श्री गुप्ता ने दावा किया है कि इस लोकसभा चुनाव में बिहार के विपक्षी गठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा तथा खाता भी नहीं खुलेगा ।

# डीआईजी ने किया डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। शाहाबाद प्रक्षेत्र डीआईजी नवीन चंद्र झां ने गुरुवार को बिक्रमगंज डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी विनीत कुमार भी मौजूद रहे। डीआईजी नवीन ने बताया कि पुलिस अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज के निरीक्षण के दौरान कार्यो का जांच किया गया। जिसके अंतर्गत



लंबीत मामले तथा चुनाव संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी, वारंटी और अपराधी कि गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होने संभावना बनी रहेगी। दो टूक कहा कि किसी भी स्थिति में लंबित मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पर हर हाल में कार्रवाई कि जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पुलिस कार्यालय बिक्रमगंज के निरीक्षण के दौरान लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराधियों के साथ पुलिस गश्ती के दौरान विभिन्न तरह के बिन्दुओं पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं होली के मद्देनजर शराब सेवन एवं बिक्री तथा परिवहन को लेकर विशेष रुप से जांच करने का निर्देश दिया गया है। वहीं बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के शिवपुर गांव में मुखिया, सरपंच वृद्ध, दिव्यांग नौकरी करने वाले आदि समेत 52 लोगों पर 107 नोटिस पर बताया कि इसकी जांच किया जाएगा। ज्ञात हो कि शिवपुर में 52 लोगों को 107 नोटिस मिलने पर पीड़ित परिजनों ने चुनाव को बहिष्कार करने कि बात कही है।

# कनेक्शन कटने के बाद बिजली चोरी में उपभोक्ता पर लगा जुर्माना

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त जांच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-सेमरी के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर पुष्पा देवी पर 72481, सीताराम साह पर 31510 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चले कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली चोरी को लेकर ग्राम-मालियाबाग के मुकेश कुमार पर 18526 रुपए जुमार्ना लगाई गयी है। श्री कुमार से बिजली संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई तथा परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# रोहतास में नकली मोटर पार्ट्स के कारोबार का खुलासा, 4.5 लाख के नकली मोटर पार्ट्स बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास। जिले के सासाराम नगर थानाक्षेत्र के खिलनगंज मुहल्ले से पुलिस ने एक मोटर पार्ट्स की दुकान में छापेमारी कर नकली मोटर पार्ट्स के कारोबार का खुलासा किया है। बुधवार की शाम सासाराम नगर थाने की पुलिस ने वार्ड नंबर 32 निवासी दामोदर शाह की दुकान से लगभग साढे चार लाख के नकली मोटर पार्ट्स बरामद किया तथा कंपनी के प्रतिनिधि के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी टीम को घटनास्थल से महिंद्रा एवं बॉस कंपनी के नकली मोटर पार्ट्स हाथ लगे हैं तथा भारी मात्रा में इंजन ऑयल फिल्टर, एयर फिल्टर, क्लच प्लेट सहित अन्य पार्ट्स को भी जप्त किया गया है। इस संदर्भ में सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि नकली मोटर पार्ट्स का कारोबार कर रहे एक दुकान से भारी मात्रा में नकली मोटर पार्ट्स एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया है। फिलहाल



महिंद्रा कंपनी के प्रतिनिधि के आवेदन पर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

इधर सासाराम नगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग जगह से छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब को भी बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रथम दिलीप कुमार ने बताया कि होली को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार शराब के विरुद्ध अभियान चलाए जा रहे हैं तथा इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन के पीछे से लगभग 231 लीटर विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी संतोष केसरी एवं संदीप कुमार क्रमशः नवरत्न बाजार एवं सागर मोहल्ले के निवासी बताए जाते हैं। जिनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि अठखंमवा साई मंदिर के समीप से भी नगर थाने की पुलिस ने लगभग 200 लीटर देसी शराब बरामद किए गए हैं। डीएसपी ने कहा कि होली पर्व को लेकर रोहतास पुलिस द्वारा इन दिनों लगातार चौकसी बरती जा रही है तथा किसी भी तरह के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।

# बांगर सीमेंट द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह, जमकर उड़े अबीर गुलाल

प्रात: किरण संवाददाता

भभुआ स्थित होटल शारदा पैलेस में बांगर सीमेंट द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अबीर गुलाल के साथ एक दूसरे से लोगों ने होली मिलन समारोह को मनाया है। फर्म परमा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर और सी एंड एफ के प्रोपराइटर ब्रह्मानंद केसरी ने बताया कि हर साल की तरह होली पर्व से पहले ही होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें कैमूर जिले से उपस्थित समस्त सीमेंट विक्रेताओं



के साथ आपस में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली का अग्रिम बधाई दी जाती है। वही बांगर सीमेंट कंपनी के आरिजिनल हेड अक्षय सिन्हा ने कहा कि ब्रह्मानंद केसरी जी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सीमेंट डीलरों के साथ में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया गया। साथ ही आने वाले साल अच्छा हो इसको लेकर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया गया है। मौके पर कंपनी के डिप्टी मैनेजर श्री रजनीय, मंटू गुप्ता प्रमोद कश्यप समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ ने दिलाई प्रखंड कर्मियों को अधिक मतदान के लिए शपथ



काराकाट। प्रखंड में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रखंड परिसर काराकाट में बीडीओ काराकाट राहुल सिह के नेतृत्व में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी एंव कर्मियों के द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लिया गया। सेल्फी के बाद शपथ लिया गया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। सेल्फी के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। बीडीओ ने बताया कि लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाना है। क्षेत्र के गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने को जागरूक करना है।

### आगजनी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी ।पुलिस ने थाना क्षेत्र के जयपुर गांव से आगजनी के आरोप में बिंदु कुमार नामक एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध आगजनी करने के आरोप में पूर्व से ही थाने में मुकदमा दर्ज था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। फूलों की होली से एक दूसरे का अभिनंदन किया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। होली मिलन समारोह को लेकर बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था बच्चे होली की धुन में रामें हुए थे। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्या धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने होली के रंगों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। प्रधानाचार्या ने कहा कि हमें होली को केवल रंग लगाने मात्र तक सीमित नहीं रखना है, अपितु सच्चाई के मार्ग पर चलने का भी संकल्प लेना है। इस अवसर पर अलीशा अमीषा रेमिट इशरत फिरोज विवेक कुमार ऋषि कुमार रोशन सिंह रवि कुमार हरिवंश संकर आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन मुखिया के साथ लोगों ने खेली होली

अरवल। कलेर प्रखंड क्षेत्र के लोदीपुर सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा सूर्य मंदिर परिसर लोदीपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस होली मिलन समारोह में मैनपुरा पंचायत के मुखिया अशोक कुमार शर्मा सामाजिक कार्यकताओं के साथ स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे` इस आयोजन में तपेश्वर राम प्रमोद यादव, रामराज राजवंशी, नरेश ठाकुर ,मनोज सिंह ,रविंद्र शर्मा ,अनिल शर्मा , सुरेश शर्मा के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण सहित कई अन्य लोग पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ इसमें शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे के साथ इस सामाजिक पर्व को मनाने का संकल्प लिया।

### गया हवाई अड्डा पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

गया। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में गया हवाई अड्डा पर दिनांक 21 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया हू। इसे गया हवाई अड्डा के राजभाषा विभाग द्वारा विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है` इस कार्यशाला का उदघाटन विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा ने मुख्य अतिथि सह व्याख्याता प्रो. डॉ. परम प्रकाश राय, हिन्दी विभाग, मगध विश्वविद्यालय तथा प्रभारी राजभाषा विभाग, गया हवाई अड्डा, अमरेश कुमार पाण्डेय के साथ संयुक्त रूप से किया है कार्यशाला में अपने व्याख्यान के दौरान डॉक्टर राय ने राजभाषा नीति तथा तकनीकी के सहयोग से राजभाषा हिंदी के प्रयोग के ऊपर व्याख्यान दिया है' विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा ने अपने सम्बोधन में सभी सदस्यों को तकनीक के सहायता से अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने के लिए निर्देशित किया एवं सभी से आग्रह किया कि अपने दिन प्रतिदिन के कार्यों को अधिक से अधिक हिंदी में करने का प्रयास करें। इस कार्यशाला में कुल 25 सदस्यों ने भाग लिया है। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन अमरेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी राजभाषा, गया हवाई अड्डा द्वारा किया गया है।

# आपसी भाईचारा के साथ मनाये होली का पर्व : एसडीएम

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी ।रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरूवार को एसडीएम सारा असरफ एवम एएसपी डॉ के रामदास ने जनप्रतिनिधियों एवम स्थानीय नागरिकों के साथ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शांति समिति की बैठक किया। बैठक में उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को शराब के सेवन करने वालों व शराब के धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त रहने की बात कही है।

इसके लिए नागरिकों से सहयोग करने की अपील किया। एसडीएम ने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों एवं शरारती तत्वों पर पुलिस की पहनी नजर रहेगी। इसके साथ ही शराब पीकर हल्ला हंगामा व लड़ाई झगड़ा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से होली को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया। वही एएसपी ने त्योहार के दौरान पुलिस की गस्ती और तेज करने की बात कही। थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम् धाकड़ ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी भेदभाव और गिला शिकवा मिटाकर व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगा कर खुशी मानते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था रखने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शेरघाटी, नगर परिसद कार्यपालक,आमस बीडीओ, डोभी एवम अंचलाधिकारी उषा कुमारी, अलावा प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार, पतिनाथ पाठक, केदार यादव, शकील खा, दीनानाथ पांडे, बबन पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

## बधार में मिला अज्ञात महिला का शव क्षेत्र में दहशत

प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर/कैमूर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलावं थाने की है जहां भभुआ सबार पथ के बासुहारी लोहवा पुल से पश्चिम साइड के तरफ एक अज्ञात महिला का शव मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बेलावं थाने को दी थाना अध्यक्ष अनीश कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाए गया। और अपने कागजी प्रक्रिया को पूरा करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष अनीश कुमार के द्वारा बताया कि, मृत महिला का उम्र लगभग 24 से 25 वर्ष बताया जाता है, महिला नारंगी रंग का साड़ी एवं पेटिकोट, काला छिट ब्लाउज गले में साधारण मंगलसूत्र, दाहिने हाथ पर गोदना, टैटू जिस पर आई लव लिखा है, दोनों पैर में दो-दो बिछुआ पहनी है, रंग गोरा कद 5 फीट, लहठी का चूड़ि बाला काले कलर का सैंडिल पहनी हुई है, जहां से शव बरामद किया गया वहां खून नहीं गिरा है इससे प्रतीत होता है कि महिला की हत्या कुल्हाड़ी से काटकर कहीं और किया गया है और यहां लाकर फेंक दिया गया है । खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस प्रशासन गहराई से जांच में जुटी है।

## छात्रसंघ का 24वाँ सम्मेलन भव्य समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। पूर्ववर्ती छात्र संघ, जैन कॉलेज, आरा का 24 वॉं सम्मेलन भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का संचालन एवं संयोजन पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार ने किया। सम्मेलन की उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ- एस-एम ईसा, पूर्व एम-एल-सी डॉ0 अजय कुमार सिंह, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 जीत शर्मा, जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्ववर्ती छात्रसंघ के अध्यक्ष प्रो0 पारस नाथ सिंह, महिला कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्या डॉ0 कमल कुमारी, पूर्ववर्ती छात्रसंघ के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह, क्षेत्रिये इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानाचार्य प्रो0 पारसनाथ सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रिये 2 इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र सिंह ने किया। सम्मेलन में परिचर्चा का विषय भारत की शैक्षणिक यात्र था। इसी विषय से संबंधित एक स्मारिका का प्रकाशन एवं लोकार्पण भी उक्त अवसर पर किया गया।इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ0 एस-एम- ईसा (पूर्व मंत्री बिहार सरकार), डॉ0 जीत शर्मा प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ को लाइफ टाईम अचिमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो0 पारस नाथ सिंह शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रो0 पारसनाथ सिंह पूर्व प्रधानाचार्य जैन कॉलेज, प्रो0 नन्द जी दूबे, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, डॉ0 कमल कुमारी, पूर्व प्रधानाचार्या, एम-एम- महिला कॉलेज आरा को लाइफ टाईम अचिमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन के अवसर पर निम्न व्यक्यिों को अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पूर्ववर्ती छात्र शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व एम-एल-सी डॉ0 अजय कुमार सिंह, जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार, डॉ0 विकास सिंह, सर्जन, पूर्ववर्ती छात्र संघ हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह, डॉ0 विमल कुमार सिंह, रवि कुमार, ओम प्रकाश मुन्ना, देवेन्द्र यादव, गणेश तिवारी मेधावी विद्याथीर्यो में आशीष कुमार, आदिस कुमार, आलोक कुमार, कुमारी हर्षिता, खुशी कुमारी, विकास कुमार, मो- सैफ अख्तर, दीपक कुमार, गुलफाम, अंकिता कुमारी आदि को सम्मानित किया गया ।

## डीएम ने लोस चुनाव को लेकर जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ किया बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता मेंआगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उनके द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को निदेशित किया गया कि चुनाव से संबंधित सभी उम्मीदवारों का बैंक खाता खोलना आवश्यक है, ताकि उनके चुनाव से संबंधित व्यय का अवलोकन किया जा सके। बैंक खाता व्यक्तिगत / संयुक्त दोनों प्रकार का खोला जा राकता है, बशर्ते कि संयुक्त खाते में उम्मीदवार के द्वारा किसी अधिकारिक प्रतिनिधि का नाम दिया जाय। उनके द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि जब भी किसी तरह का कैश निकासी हो तो कैश निकासी का विवरण संबंधित पोर्टल पर चढ़ाया जाना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। इस तरह से आम चुनाव 2024 में उम्मीदवारों के व्यय से संबंधित अन्य दिशा निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिये गये जिससे कि चुनाव की प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदावार मुका तरीके से संपन्न किया जा सके।

## सुखमणि सोसाइटी के होली मिलन समारोह में झूम उठी महिलाएं

प्रात: किरण संवाददाता



गया। पितामहेश्वर रोड स्थित पटेला हाउस में सुखमणि सोसाइटी की ओर से होली मिलन समारोह का जन्म किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में सिख समुदाय की महिलाएं शामिल हुई।समारोह में काफी उत्साह नजर आया।कार्यक्रम का शुभारंभ सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ सुखमणि साहिब का पाठ कर हुआ। महिलाओं ने वाद्य यंत्रों और ढोल- मंजीरा के साथ होली के पारंपरिक गीतों पर एक से बढ़कर एक फुहार छोड़ी, जिससे पूरा वातावरण रंगीन हो गया। होली के गीतों पर महिलाएं झूम उठी। सदस्यों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर गले मिले और होली की बधाइयां दी। इस बीच सदस्यों ने लजीज व्यंजनों और मिष्ठानों का स्वाद भी चखा। मौके पर गुरुद्वारा की स्त्री प्रधान कवंलजीत कौर ने कहा की गुरु ग्रंथ साहिब में लिखा गया है की होली मनाने का मतलब ईश्वर के करीब जाना है।होली का पर्व भाईचारे और सिख समुदाय की एकता का प्रतीक भी माना जाता है। जो हम सभी सदस्यों को आपसी सौहार्द का संदेश देता है।

# जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील की संयुक्त अध्यक्षता में होली पर्व 2024 के अवसर पर जिला शांति समिति एवं विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में होलिका दहन 24 मार्च एवं होली पर्व 26 मार्च को मनाई जायेगी। होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किये गये। होली पर्व को शांतिपूर्ण व भाईचारे के वातावरण में तथा मद्य निषेध एवं विधि व्यवस्था के पूर्ण अनुपालन के साथ मनाई जाय। सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र अन्तर्गत सभी चौकीदारों को शराब के निर्माण व सेवन संबंधित सूचना संग्रह के लिए सक्रिय रहना सुनिश्चित करायेंगे। सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि होली पर्व में अत्यधिक अलर्ट रहने की आवश्यकता है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों में लगातार निरीक्षण करेंगे। बैठक में बताया गया कि फूहड़ व अश्लील होली गीतों पर रोक रहेगी तथा झुमटा पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। झुमटा के दिन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि पुलिस प्रशासन अलर्ट रहे। बिजली तारों से संबंधित मामलों तथा छोटे-छोटे बातों को लेकर साम्प्रदायिक विवाद होने की संभावना हो तो ऐसे स्थानों पर शीघ्र ही शांति समिति की बैठक करें। अपने अपने क्षेत्रों के अंतर्गत सभी पदाधिकारी तत्पर रहे। अशांति फैलाने वालों पर पैनी नजर रखा जाय। 112 नम्बर के वाहन भी हमेशा पुछताछ करते रहे तथा पूरी निगरानी के साथ कार्य करें। उत्पाद विभाग की टीम को विशेष छापामारी अभियान चलाने हेतु निदेश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत झुमटा के दिन अश्लील, भड़काउ, साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील गानों पर पैनी नजर रखें। आवश्यकतानुसार उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन अरवल को निदेशित किया गया कि जिले में एम्बुलेंस एवं आवश्यक मेडिकल सुविधाओं के साथ 247 अलर्ट मोड पर रहेंगे। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी नागरिकों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए पर्व-त्योहार मनाने की अपील की गई। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 06337-228191, 229494 एवं मो० नं0- 8235230817 है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटा कार्यरत रहेगा। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष के साथ राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## रंगोली में समृद्ध शाली इतिहास एवं बिहार के तीज त्योहारों को विशेष रूप से दर्शाया

प्रात: किरण संवाददाता



गया शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में बिहार दिवस समारोह आयोजन किया गया है प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर समारोह का आरंभ सामूहिक रंगोली निर्माण से हुआ है। रंगोली में बिहार के संबृधशाली इतिहास एवं बिहार के तीज त्यौहारों को विशेष रूप से दशार्या गया है। विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज ने कहा कि बिहार के गौरवशाली अतीत का अध्ययन कर नई पीढ़ी को उससे सबक लेना चाहिए और एक समृद्ध वर्तमान के साथ बढ़ते हुए गौरवमय भविष्य का सपना सभी बिहार वासियों को देखना चाहिए।बिहार विश्व में प्रथम गणतंत्र की जननी है। बिहार की भूमि ने ही भारत को प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में बिहार ने संसार को कई महापुरुष दिए हैं। वीरता की नई परिभाषा गढ़ने वाले बाबू वीर कुंवर सिंह एवम समस्त विश्व को सुन्य का आभास कराने वाले महान गणितज्ञ आर्यभट्ट भी बिहार की मिट्टी की ही उपज थे।जैन धर्म के अंतिम त्रिथिनकर महावीर का जन्म स्थान भी बिहार ही था ।नालंदा के खंडहर आज भी हमें इस बात का सहज एहसास कराते हैं कि उस युग में जब हवाई यातायात की कोई व्यवस्था नहीं थी और यात्रा के मार्ग दुर्गम हुआ करते थे परंतु फिर भी ज्ञान की पिपासा लिए कई देशों से विद्यार्थी अध्ययन अध्यापन के लिए बिहार आते थे। डॉ धीरज ने कहा कि मां और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है।इस अवसर पर वे सभी बिहार वासियों जो मातृभूमि से दूर हैं उनके लिए भी आज बिहार के विकास के विभिन्न पहलुओं पर चिंतन मनन का समय है। आगे के कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए भाषण एवम स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अजय शर्मा के मार्गदर्शन में आनिशा कृति नेहा आरती वर्षा प्रियंका सुप्रिया अंकिता अंजली पूजा ने रंगोली निर्माण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डा अभिषेक कुमार सहायक प्राध्यापक ने किया है।इस मौके पर निखत परवीन अमरेंद्र कुमार सद्दे आलम आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के साथ पूरी पार्टी, पूर्व अध्यक्ष जाने से कोई फर्क नहीं



प्रात: किरण संवाददाता

गया जिला जदयू की अहम बैठक हुई हुई जिसमें अभी की वर्तमान स्थिति पर विचार में वर्ष किया गया गया जिला के अध्यक्ष अभय कुशवाहा पूर्व विधायक टिकरी के पार्टी एवं पद से त्यागपत्त देने से पार्टी के सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पूरी पार्टी बिहार के मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करती है इस बैठक में आने वाले लोकसभा में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को सफल बनाने हेतु पुरी की जान से लगी रहेगी और जेंट्स संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तथा संचालन गया महानगर जदयू अध्यक्ष राजू बर्नवाल ने किया है इस बैठक में पूर्व मंत्री डॉ विनोद प्रसाद यादव पूर्व विधायक कृष्णनंदन प्रसाद यादव शंभू सिंह प्रोफेसर अरविंद कुमार दिलीप यादव वाल्मीकि प्रसाद महेंद्र प्रसाद सुरेंद्र यादव महेश प्रसाद कुशवाहा पप्पू मालाकार श्रीकांत इत्यादि काफी संख्या में जदयू के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

### ईवीएम एवं वीवीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए ईवीएम एवं वीवीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के अलावा ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह जिला भूअर्जन पदाधिकारी रविन्द्र राम, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा, डीसीएलआर नीमचक बथानी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी तथा एन आई सी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। रेंडमाइजेशन में रिजर्व सहित किया गया जिसमें बीयू 120%, सीयू 120% तथा विविपैट 130% है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने रेंडमाइजेशन की सहमति व्यक्त किया है।

## आर जी एन पब्लिकस्कूल के शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के दोनो शाखाओ बड़की बाग शेरघाटी तथा डॉ. किशोरी मोहन काम्प्लेक्स, गया में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा गुरुवार को की गई है। परीक्षाफल की घोषणा के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई थी । परीक्षाफल प्राप्त कर सभी बच्चों तथा अभिभावकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया तथा उनके अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सभी अभिभावकों ने विद्यालय के निदेशक संजय कुमार , उपनिदेशक ई. संजीव कुमार , प्राचार्य सुचरिता पंचाध्यय, उपप्राचार्य आकिब अली तथा सभी शिक्षको के टीम को इस सफलता का श्रेय दिया है। निदेशक संजय कुमार के मार्गदर्शन मे सभी शिक्षको का कठिन परिश्रम और अथक प्रयास से बच्चों का बेहतरीन परीक्षाफल देखा गया है। दूसरी ओर उपनिदेशक ई. संजीव कुमार ने बच्चों का सफलता का श्रेय बच्चों का कठिन परिश्रम तथा उनके अभिभावकों को दिया है । उन्होंने कहा की मुख्यतः देखा जाए तो माता-पिता ही बच्चे को सफल या असफल बना सकते हैं। माता-पिता का दृष्टिकोण, मानसिकता, समझबूझ, शिक्षा, जागृति, अनुकूलन और बच्चे को शिक्षित करने का कौशल ही बच्चे की सफलता या असफलता के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है।

संजय कुमार ने कहा कि जो माता-पिता बच्चे में छुपी हुई शक्तियों को ढूंढने का प्रयास करते हैं और उस हिसाब से उसे अवसर प्रदान करते हैं वैसी स्थिति में बच्चे की सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

जो माता-पिता अपनी संतानों को हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना सिखाते हैं और उसे निरंतर स्वीकृति प्रदान करते हैं, वैसे बच्चे अधिकांशतः सफल होते हैं।जब बच्चा सीखने में असफल हो जाता है तब धैर्य या संयम खोए बिना उसके साथ डटे रहे और असफलता के दलदल से ऊपर उठना सीख सके, वैसे बच्चे ज्यादा सफल होते हैं। सम्मानित होने वाले बच्चों के नाम में रोहित कुमार, प्रिंस कुमार, अन्वी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनाली कुमारी, आयेशा कुमारी, अबिता कुमारी, तनु श्री, अभिषेक कुमार, नवीन कुमार, शिवम कुमार, आरुषि कुमारी, स्वीटी रानी, प्रभात कुमार, रोहित कुमार, दिव्यांशु कुमार, तनुज कुमार, अभिषेक राज आदि कई बच्चे शामिल थे। संजय कुमार ने कहा कि दरअसल, अभिभावक और टीचर्स के आपस में बातचीत का मुख्य मकसद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना होता है। उसके व्यक्तित्व से जुड़ी बातों को एक-दूसरे से शेयर करना और उसकी कमियों को जानना भी है। शैक्षणिक स्तर पर बच्चे में जो कुछ भी कमियां हैं, उसे दोनों तरफ से प्रयास करके, दूर करने की कोशिश करना भी है।

इस बैठक सुबह नौ बजे निर्धारित समय पर शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया है। अभिभावकों ने चल रहे कक्षा पाठ्यक्रम और गृहकार्य आदि पर चर्चा की और इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए हैं। संजय कुमार ने बताया कि अभिभावकों को कक्षाओं के साथ-साथ स्कूल के मुख्य उद्देश्यों और नए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की नीतियों और अभिभावकों के अमूल्य विचारों से अवगत कराया जाना था। उन्होंने कहा कि संस्था की सफलता के लिए माता-पिता का सहयोग अमूल्य है जो लगातार प्राप्त हो रहा है। अभिभावकों के सकारात्मक सुझावों को स्वीकार कर क्रियान्वित किया जाएगा।

# प्रमुख-उप प्रमुख चुनाव में पवन चंद्रवंशी बने चाणक्य



गया। डुमरिया प्रखंड के किसान भवन में एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह और शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सारा असरफ के नेतृत्व में डुमरिया प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के चुनाव में आशा देवी को प्रमुख और सुनैना कुमारी के उप प्रमुख बनाने में पवन चंद्रवंशी ने चाणक्य की भूमिका निभाया है।प्रखण्ड प्रमुख आशा देवी और उप प्रमुख सुनैना कुमारी अपनी रणनीति में कामयाब हुई और निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पूर्व प्रमुख संतोष गुप्ता और पूर्व उप प्रमुख पलीता देवी को कामकाज से पंचायत समिति सदस्य खुश नही थे,दोनो दलालो से घिरे हुए थे इसी का नतीजा है की दोनो ऊपर 2 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव आवदेन दिया गया था,लेकिन हाईकोर्ट से 2 स्टे लगा दिया,लेकिन डुमरिया प्रखंड में अविश्वास प्रस्ताव के बाद प्रखण्ड प्रमुख संतोष कुमार और उप प्रमुख पलीता देवी की कुर्सी चली गई थी।खाली पड़े प्रमुख और उप प्रमुख के चुनाव की तिथि 21 मार्च को घोषणा कर दिया गया है।राज्य निर्वाचन आयोग ने तिथि तय कर जिला प्रशासन को भेज दिया था,आज शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्य को लेटर भेज दिया था,लेटर के मुताबिक 21 मार्च को डुमरिया किसान भवन में 11 बजे सभी सदस्य को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था।राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजी गई पत्र में कहा गया था की बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली 2006 के नियम 121 की और से प्रदत शक्तियों के अधीन वर्णित प्रावधानों एम अनुसार प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के रिक्त पदों पर चुनाव कराया जायेगा।सबसे पहले प्रमुख और उसके बाद उप प्रमुख को चुनाव कराया गया,निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा की चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद निर्वाचित प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख को शपथ ग्रहण भी करा दी गई है।

इस सूचना पाकर डुमरिया प्रखंड के चर्चित समाजसेवी पवन चंद्रवंशी ने बताया की प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ 3 बार अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था,लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने 2 बार रोक लगा दिया था,लेकिन न्यायालय पर हम सभी को भरोसा था जो भी आदेश आया उसका पालन सभी सदस्यों ने किया है।इस चुनाव होने पर डुमरिया प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति क्षेत्र संख्या - 8 के रामचंद्र सिंह,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-4 के जितेन्द्र दास, पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-9 के रविंद्र सिंह , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-5 के अजय कुमार , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-3 के अर्जुन प्रसाद,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-15 के सुनैना कुमारी,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-11के नीतू देवी ,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-12 के आशा देवी , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-1 के ममता कुमारी शामिल हुई है।

चुनाव के बाद आशा देवी को प्रमुख और सुनैना कुमारी को जीत के सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया,जीत के बाद प्रमुख पति जितेंद्र सिंह ने बताया की ये जीत आशा देवी के नही सभी कार्यकर्ता और समिति सदस्य का है,सभी के मान सम्मान और विकाश कार्य पर ध्यान दिया जायेगा।

### जिले के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित छकरबंधा थाना के सलैया गांव का भ्रमण

गया ।वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इमामगंज, छकरबंधा थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस बल के साथ आज गया जिले के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित छकरबंधा थाना के सलैया गांव का भ्रमण किया गया है। पूर्व में सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त गांव के लोगों के मतदान भवन को औरंगाबाद जिला के ढिबरा थाना के एक भवन में स्थानांतरित कर दिया जाता था जिसके कारण कई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते थे। गया पुलिस 2024 का लोक सभा चुनाव अनरबन सलैया गांव में स्तिथ मतदान भवन में करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए गया पुलिस ने सारी तैयारी कर लिया है।वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों एवं बल के साथ फ्लैग मार्च भी किया गया है।

## डुमरिया प्रमुख आशा देवी व उपप्रमुख सुनैना कुमारी निर्विरोध निर्वाचित



डुमरिया। प्रखड मुख्यालय परिसर स्थित ई-किसान भवन सभाकक्ष में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सेवरा पंचायत क्षेत्र संख्या 12 के समिति सदस्या आशा देवी प्रमुख व भोकहा पंचायत क्षेत्र संख्या 15 के समिति सदस्या सुनैना कुमारी उप-प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गयी। दूसरे पक्ष से एक भी सदस्य उपस्थित नही हो सके,अनुमंडल पदाधिकारी सारा असरफ की अध्यक्षता में राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशन में अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम के पर्यवेक्षक अनुग्रह नारायण सिंह के नेतृत्व में व शेरघाटी प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद व इमामगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार के उपस्थिति में डुमरिया प्रखंड प्रमुख व उप- प्रमुख का चुनाव कराया गया।चुनाव प्रक्रिया में प्रखंड के 16 पंचायत समिति सदस्यो में नौ पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए। चुनाव की कार्यवाही के लिए दिन के 11 बजे बुलायी गयी थी।तकरीबन एक घंटा इंतजार करने के बाद दूसरे पक्ष से एक भी सदस्य नही उपस्थित हुए तो मतदान की प्रक्रिया शुरू किया गया। पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता एवं उप-प्रमुख पलिता देवी के बिरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 21 मार्च को तिथि निर्धारित किया गया था।इसके बाद गुरूवार को चुनाव सम्पन्न कराया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बे-मौसम बारिश में फूल वाले फल व फसल होगा भारी नुकसान: किसान

नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल परिक्षेत्र इलाके में पिछले 24 घंटे से लगातार रुक-रुक कर तेज हवा के साथ बारिस होने से किसानों के खेतों में लगी फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान बताया जा रहा है। बिना मौसम की हो रही बारिश को लेकर इलाके के किसानों ने बताया कि अचानक बे-मौसम इस बरसात के पानी से सिर्फ मकई के फसल को फायदा हो सकता है, लेकिन खेतों में लगे अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचेगा क्योंकि सरसों का फसल कहीं कट रहा है तो कहीं पका हुआ खेतों में पड़ा हुआ पड़ा दिख रहा है। इस बारिश से उस पर काफी बुरा प्रभाव पड़ेगा। वहीं आम एवं लीची के फलों को भी काफी नुकसान होगा। आम एवं लीची के फल को लेकर के यहां किसानों का मन काफी छोटा हो दिख रहा था, लेकिन वही देर से ही लगभग आम के बागानों में मंजर आया है। जिसे किसानों में थोड़ी राहत भी है। कहीं-कहीं पर मंजर से मटर के दाने जैसा आम का भी फलन होने लगा है लेकिन इस बारिश से कुछ नुकसान होने की भी उम्मीद है। वही लीची के भी फसल पर बुरा प्रभाव पड़ने वाला है। वैसे गोपालपुर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि बारिश के लगातार होने से फसल पर बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। बारिश भी बे-मौसम है इसलिए इसे हर चीज में नुकसान ही होने का उम्मीद है। नारायणपुर के किसान रंजीत चौधरी, जयकुमार चौधरी, शंभु यादव, कैलू मियां, अजय चौधरी आदि किसान बताते हैं कि किसानों को अंतिम समय इस बारिश से नुकसान के अलावा फायदा नहीं होना है अगर बारिश के साथ तेज हवा बह जाएगा तो मक्के को भी नुकसान पहुंचाएगा।

### सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। अधिवक्ता संघ भवन नवगछिया प्रांगण में स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ता संघ द्वारा स्टेट बार काउंसिल के सदस्य सह उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने को लेकर प्रेमनाथ ओझा का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत अरुण कुमार साह की अध्यक्षता में संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण मिश्रा, महसचिव जयनारायण यादव, वरीय अशिवक्ता शिव कुमार सिंह, नूतन ने फूल माला पहनाकर बधाई दी। कार्यक्रम के क्रम में अधिवक्ता अजीत कुमार के द्वारा बुके भेंट देकर प्रेमनाथ ओझा को सम्मानित किया। वही युवा अधिवक्ता रजनीश कुमार सिंह द्वारा उनको अंग वस्त्र भेंट देकर सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। वही इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता सहयोगी को संबोधित करते हुए ओझा ने आश्वासन दिया है कि नवगछिया के अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए यहां जहां तक होगा, सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रभाष चंद्र झा मतवाला, मुक्ति कुमार मधु, कुंदन चौधरी, नंदलाल यादव, कृष्ण कुमार आजाद, ललन कुमार मंडल सहित सभी समस्त अधिवक्ता गण मौजूद थे।

### प्रमंडलय आयुक्त की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ सम्पन्न: डीएम

भागलपुर। टाउन हॉल के परिसर में भागलपुर जिला प्रमंडल आयुक्त दिनेश कुमार की उपस्थिति में जिला स्वीप आइकॉन अजय अटल, डॉ. जयंत जलद व दिलीप कुमार सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भागलपुर के मतदाताओं से आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई। नाटक में यह भी दिखाया गया कि युवा मतदाता *मेरा पहला वोट देश के लिए* एवं महिला एवं पुरुष मतदाता के लिए *वोट जैसा कुछ नहीं, हम वोट जरुर डालेंगे* तथा किसी प्रलोभन या किसी के प्रभाव में आकर नहीं, बल्कि स्वेच्छा से सही प्रत्याशी को हम वोट करेंगे।

कार्यक्रम में स्थानीय सेविका, सहायिका एवं भारत स्काउट गाइड के कई छात्र शामिल थे। इस मौके पर जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, आयुक्त के सचिव अभय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता के अलावा अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### होली व रमजान के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की हुई अपील

गिद्धौर। होली ,रमजान,चैती दुर्गा, पूजा रामनवमी व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में अमन शांति व सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने के उद्देश्य से बुधवार को गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।जिसमें बीडिओ अजय कुमार,अंचलाधिकारी आरती भूषण थानाध्यक्ष रीता कुमारी की मौजूदगी में बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी आरती भूषण ने की। बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के जनप्रतिनिधियों,बुद्धिजीवियों गनमान्य लोगों को संबोधित करने के क्रम में अंचलाधिकारी आरती भूषण ने होली, रमजान,चैती दुर्गा पूजा,रामनवमी व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति विधि व्यवस्था कायम रखने की अपील की। साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व व त्योहारों को मनाने की सलाह दी।

# होली व रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

- डीजे व अश्लील गानों पर रहेगी पाबंदी: थानाध्यक्ष
- अशांति फैलाने वाले शराबियों व हुड़दंगबाजो पर रहेगी पैनी नजर



प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया। आगामी होली व रामनवमी त्यौहार को लेकर बिहपुर थाना परिसर में क्षेत्रीय शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत बिहपुर अंचलाधिकारी लवकुश कुमार की अध्यक्षता में बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने किया। बैठक के क्रम में बिहपुर सीओ लवकुश कुमार ने कहा कि होली व रामनवमी के मौके पर प्रशासन मुशतेद रहेगी। डीजे व अश्लील गानों पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। वही थानाध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया बेबसाइड व अन्य माध्यम से अपवाह फैलाने वालों पर पुलिस नजर बनाए हुए है। त्यौहार में किसी तरह की खलल डाल भ्रमित कर अशांति फैलाने वालों, के साथ साथ शराबियों व हुड़दंगबाजो पर निगरानी बनी रहेगी।

किसी भी तरह की गतिविधियों को लेकर सूचना मिलने पर उनके विरुद्ध सख्ती के साथ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करे ये अपील करते हैं। क्षेत्र में उपद्रवियों के हर गतिविधि पर पुलिस नजर बनाए हुए हैं कोई भी गलत तरीके से त्यौहार को फीका न करे ऐसे उपद्रवियों के किसी भी हड़कत को बख्शा नही जाएगा। वही त्यौहार पर शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई के लिए सजग है। कारोबारियों पर लगातार कार्यवाई जारी रहेगी। इस त्यौहार को सुखद आनंदित बनाने के लिए सभी जन प्रतिनिधियों व लोगों का सहयोग चाहिए। मौके बीडियो सत्यनारायण कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष सुदाम पासवान सहित राम-जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, मो. इरफान आलम, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज लाल समेत क्षेत्र के सैकड़ो समाजसेवी व प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## स्टेशन के आसपास होगा अतिक्रमण मुक्त: डीआरएम

प्रात : किरण संवाददाता




नवगछिया (भागलपुर)। डीआरएम विवेक भूषण सूद व उनकी टीम ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निरीक्षण के क्रम में बताया कि नारायणपुर रेलवे स्टेशन के आसपास रेलवे की जमीन अतिक्रमण व स्टेशन परिसर सहित रेल ट्रैक पर फैली गंदगी पर डीआरएम ने कहा, ये सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी खतरनाक है। यह एक सबसे बड़ी गंभीर समस्या है। लोग ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा देते हैं, ये दुखद है। जल्द ही एक बार अतिक्रमणवाद की कार्यवाई कर रेल ट्रैक से सटे हिस्से में अतिक्रमणकारियों को हटाया जाएगा। जिससे रेल की जमीन अतिक्रमण मुक्त हो और उसपर निर्माण कार्य प्रारंभ जल्द से जल्द हो। जिससे रेल परिसर स्वच्छ व सुरक्षित व विकसित हो सके। डीआरएम ने बिहपुर आरपीएफ और जीआरपी को नारायणपुर रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाकर चोर पॉकेटमारों को लेकर सख्त चेतावनी के साथ कार्रवाई शुरू के निर्देश दिये है। डीआरएम ने कहा कि पॉकेटमार व छिनतई करने वालों पर कार्यवाई के लिए ड्रोन या सीसीटीवी व अन्य टेक्नोलॉजी का इश्तेमाल किया जाएगा। जिससे पॉकेटमार तक रेल पुलिस शीघ्रता से पहुंच उनकी गिरफ्तारी की कवायद तेज करेंगे। वही स्टेशन के फुटओवर ब्रिज का प्रयोग न करने और रेल लाइन क्रोस करने वाले यात्रियों से डीआरएम ने अपील करते हुए कहा कि एक मिनट को बचाना कभी कभी जानलेवा साबित हो जाता है। यात्रियों से फुटओवर ब्रिज का प्रयोग करने को लेकर अपील की।

## सोनपुर रेलखंड के डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का लिया जायजा



- डीआरएम के आगमन के साथ सेफ्टी सेमिनार का किया भव्य आयोजन
- अधिकारियों को डीआरएम ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। सोनपुर रेलखंड के मुख्य कार्यालय हाजीपुर के पीसीएसओ व उनकी पूरी सेफ्टी टीम बरौनी-कटिहार रेलखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का सेफ्टी ऑडिट व निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहपुर रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान रेलवे के सभी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही थी। मौके पर डीआरएम विवेक भुषण सूद ने बिहपुर स्टेशन परिसर में जायजा लेने के साथ कार्यालय, कॉलोनी व तहबाजारी का निरीक्षण किया गया। नए फुटओवर ब्रिज का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्य गतिविधियों का जायजा लिया। वही आगामी गर्मी के मौसम आने के पूर्व एक सेफ्टी सेमिनार का आयोजन कर सेक्शन के अधिकारियों को सेफ्टी के बारे में बताया गया। जिसमें क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, क्या तैयारियां करनी चाहिए, इन बातों पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत चर्चा की। इसी क्रम में उन्होंने बिहपुर रेलवे स्टेशन की व्यवस्था को सामान्य रूप से सही बताते हुए श्री सूद ने कहा कि पुरानी बिल्डिंग व वेटिंग हॉल की स्थिति देखते हुए उन्होंने कहा है कि इसमें थोड़ा बेहतर व्यवस्था करने की जरूरत है। कैसे इसे बेहतर कर सकते हैं, उस बिंदू पर सुझाव परामर्श साझा कर दिया गया। इसी दौरान डीआरएम ने कहा कि यहां दूसरा फुट ओवर ब्रिज बन रहा है। हमारी ये प्राथमिकता है कि किस तरह से यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा व्यवस्था को सुदृढ़ कर सके, उस विषय बिंदू पर भी चर्चा की। वही प्लैटफॉर्म संख्या-2 पर चल रहे निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है, जबकि प्लैटफॉर्म पर सिर्फ स्टॉल लगना बांकी रहा है। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बने वेटिंग हॉल, शौचालय व पेयजल व्यवस्था को सही कराने की जरूरत है। स्टेशन के छत से कई जगहों पर टपक रहे पानी को देखकर अविलंब छत को सही करने के निर्देशित कर आदेश दिया गया। वही उन्होंने बताया कि बिहपुर स्टेशनों पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए सामान्य निरीक्षण कर रहे हैं। स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव के लिए मुख्यालय में प्लान के साथ प्रयास किया जा रहा है। मौके पर रेलवे डीआरएम विवेक भूषण सूद, सीनियर डीएसटीई रितेश कुमार गुप्ता, सीनियर डीईएन 2 एसके प्रजापति, एओएम प्लानिंग सोनपुर अरविंद कुमार, सोनपुर टीआई प्लानिंग एके ठाकुर, टीआई नवगछिया नीरज कुमार, एसएस थाना बिहपुर संजीव कुमार, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर व अन्य सभी रेल अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो लोगों की मौत

हवेली खड़कपुर (मुंगेर) हवेली खड़गपुर बरियारपुर मुख्य मार्ग पर भामासी पुल के समीप बुधवार को सुबह करीब 9:00 बजे स्कूटी सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंदा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई मुजफ्फरगंज निवासी मुन्ना तांती 35 वर्ष की घटना स्तर पर ही मौत हो गई। उसे पर चक्का चढ़ गया था दूसरा अमर चौधरी सेवानिवृत्ति आर्मी 45 वर्ष ग्राम शासन जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गपुर में इलाज कर प्राप्त करने गए आप और प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुंगेर रेफर किया गया था रास्ते में ही अमर ने दम तोड़ दिया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटों सड़क जाम किया।

## पोषण माह के तहत गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्म अदायगी समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर( मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण माह के तहत गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्म अदायगी समारोह आयोजित कर मनाई गई। समारोह का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार, अंचल अधिकारी निशीथ नंदन, सीडीसी गुंजन मौली पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी व सोनी कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ने कहा कि पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसका समापन 23 मार्च को होगा। उन्होंने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण के साथ पढाई भी करना है।

बच्चों को स्तनपान कराने के लिए महिलाओं को जागरूक करें। कम से कम छः माह तक सभी माता अपने बच्चों को स्तनपान अवश्य कराएं। इस बच्चे का सेहत बना रहता है। छः माह के बाद उसे उपरी आहार दें। साथ उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाता को प्रेरित करें। हम मतदाता को अपने अधिकार का उपयोग अवश्य करें। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हर मां को अपने बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। इससे बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

उन्होंने बोतल से बच्चे को कभी दूध नहीं पिलाने की सलाह है।उन्होंने मोटे अनाज खाने से होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात दो गर्भवती महिला की गोद भराई व एक छः माह के बच्चे का अन्नप्राशन रस्म अदायगी किया गया। समारोह में सभी सेविका व कर्मी मौजूद थे।

### छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। कन्या मध्य विद्यालय टेटिया में वर्ग सात की छात्राओं ने वर्ग 8 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें गीत नृत्य एव भाषण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर बोलते हुए प्रधानाध्यापक मानकर ने बताया कि इस तरह के आयोजन होने से बच्चों में नेतृत्व कौशल क्षमता एवं सृजनात्मक कौशल का विकास होता है बच्चों में आगे बढ़ाने की ललक पैदा होती है एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ता है। इस तरह का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में होना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सहित मानकर शिक्षक उमाशंकर सिंह अवनीश कुमार सिंह सुनील कुमार शाहनवाज खान योगेंद्र नारायण मिथिलेश कुमार विमल कुमार शिक्षिका संध्या कुमारी मनीषा कुमारी सुप्रिया आदि लोगों उपस्थित रहे।

## माता-पिता,वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कल्याण अधिनियम की दी गई जानकारी

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के आदेशानुसार गुरुवार को एडीआर भवन में पारा स्वयंसेवक( पीएलवी) को मूलभूत कानूनी जानकारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा तैयार की गई ट्रेनिंग मॉडल के प्रथम चरण में पीएलवी को सूचना का अधिकार, वृद्ध जन विशेष की कानूनी जानकारी नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण नियमावली 2012 एवं माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की जानकारी दी गई . प्रशिक्षण दे रहे विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश मनोहर ने कहा कि पीएलवी ग्राउंड लेवल पर गरीब गुड़वा लाचार लोगों से सीधे संपर्क में है। इसलिए आप लोगों को विधि की बेसिक जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि आप लोगों को कानूनी जानकारी दें सके। इसके लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है कहां की समय समय पर पीएलवी को विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित कानून की प्रशिक्षण दी जाएगी प्रशिक्षण में राजेश कुमार पाठक,रूपम कुमारी, जीवन कुमार,निरंजन कुमार, अश्वनी कुमार सिंह आनंद, सत्येंद्र नारायण सिंह, अंजलि कुमार, इंद्रदेव प्रसाद सिंह आदि लोग मौजूद थे.

### ठनका गिरने से एक मजदूर की मौत

असरगंज (मुंगेर) ।थाना क्षेत्र के चौरगांव पंचायत के पुरुषोत्तम पुर गांव में ठनका गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व.लुपतो यादव के पुत्र दिलीप कुमार अहले सुबह बुंदा बांदी के बीच छत पर सोने के दौरान ठनका गिरने से मौत हो गई।

## सेक्टर के सभी पदाधिकारी को दिये कई आवश्यक निर्देश: प्रमंडल आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। स्थानीय जिला कार्यक्रम हॉल में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं होली के त्यौहार को लेकर सेक्टर पदाधिकारीयों एवं पुलिस पदाधिकारीयों की ब्रीफिंग के दौरान भागलपुर प्रमंडल आयुक्त दिनेश कुमार एवं पुलिस उप महानिरीक्षक विवेकानंद शरीक हुए थे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त ने संबंधित विभाग के सभी पदाधिरियों को निर्देशित किया है कि होली एवं आम निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधि व्यवस्था संधारित किया जाना सुनिश्चित है। उस पर हमें सही भावना के साथ काम करना है, इसके लिए उच्च स्तर से दिए गए निर्देश को सुनना, समझना और ठीक से काम करना है। इन्हीं तीन बिंदुओं पर ध्यान देना हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को होना है। होली पर्व के दौरान लोग झुंड में चलते हैं और झुंड में ही एक लापरवाही है। वही उन्होंने कहा कि झुंड जा रहा हो तो किसी दूसरे की धार्मिक भावना को ठेस ना पहुंचाएं इस पर ध्यान देना है।

## हमसफर एक्सप्रेस समेत पांच अन्य ट्रेनों का ठहराव की हुई मांग: डीआरएम

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर) । डीआरएम के आगमन पर बिहपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इरफान आलम, राकेश कुमार, सद्दाम अंसारी द्वारा अधिकारी को आवेदन देकर थाना बिहपुर जंक्शन में स्वीकृत रैक पॉइंट का अविलंब निर्माण, गाड़ी संख्या 12505-06 नॉर्थ ईस्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12487-88 जोगबनी सीमांचल एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15715-16 गरीब नवाज एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15653-54 अमरनाथ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15705-06 चंपारण हमसफर एक्सप्रेस इन सभी पांचो ट्रेनों का थाना बिहपुर जंक्शन में ठहराव दी जाए। स्टेशन परिसर में शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था। तहबाजरी के स्थान पर व्यक्त गंदगी की नियमित सफाई की व्यवस्था, पूर्वी केबिन इमली चौक के पास फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण व पांच सूत्री मांग का आवेदन दिया गया। सोनपुर में थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन को लेकर काफी चर्चा का विषय रहा उन्होंने आगे कहा कि बिहपुर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## खाटू श्याम निशान शोभायात्रा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। श्री श्याम भक्त मंडली नवगछिया द्वारा फागुनी एकादशी के अवसर पर नवगछिया मुख्य बाजार से गाजे-बाजे के साथ भव्य खाटु श्याम कि निशान शोभा पद यात्रा निकाली गई। जिसमें 250 से अधिक श्याम भक्त महिला-पुरुष एवं बच्चे अपने हाथो में बाबा श्याम निशान लेकर झुमते-नाचते बाबा का जयकारे लगाते चल रहे थे। यह निशान शोभा पद यात्रा नवगछिया मारवाड़ी विवाह भवन प्रांगण से प्रातः 6 बजे निकलकर भागलपुर मंदरोजा स्थित श्रीश्याम मंदिर पहुंची। जहां पहुंचने के बाद भक्तो ने अपना निशान बाबा को अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पदयात्रा में कई संस्थाओं द्वारा निशान लिए भक्तों के लिए सेवा प्रदान की गई थी, जिसमें फूड प्लाजा के पास श्याम दीवाने, वैभव होटल मे बाबा का हुक्म, साहू परवत्ता में अवधेश बाबू मित्र सेवा संघ द्वारा चलंत सेवा, सोहन केडिया द्वारा चलंत सेवा, केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान द्वारा चाणक्य विहार कॉलोनी में और देवी बाबू धर्मशाला भागलपुर में भी विष्णु खेतान के द्वारा सेवा प्रदान की गई थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष रवि सरार्फ, सचिव वरुण केजरीवाल, शंभू रुगँटा, रूपेश रुगँटा, रॉकी भरतिया, संदीप चिरानिया, अनिल केजरीवाल, अशोक केडिया, मनोज चौधरी, गोविंद केडिया, महिला शाखा से बबीता केडिया, पूजा रुगँटा, बिनय केजरीबाल, मानष चिरानियाँ, कमल टिबड़ेबाल आदि लगे हुए थे।

# सेक्टर पदाधिकारी की हुई ब्रीफिंग: डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं होली त्यौहार को लेकर क्षेत्र इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर भागलपुर के टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों एवं उनसे संबद्ध पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के क्रम में भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त दिनेश कुमार व पुलिस उप महानिरीक्षक विवेकानंद ने भी ब्रीफिंग के दौरान शरीक हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ब्रीफिंग करते हुए कहा कि सेक्टर पदाधिकारी अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रतिदिन अपने क्षेत्र में भ्रमण करें, और गांव, टोला, मोहल्ले में जाकर लोगों को एकत्रित कर उनसे सवाल करें। .आप लोगों में से कितने लोगों ने वोट किया है, हाथ खड़ा करें, . आप लोगों में से कितने लोगों ने कभी वोट नहीं किया है, हाथ खड़ा करें, . आप लोगों में से कितने लोगों के पास वोटर आईडी कार्ड है, .वोट करना चाहिए कि नहीं, . वोट करने से लाभ है या नुकसान, . क्या आपको वोट करने से कोई रोकता है, . जहां सबसे ज्यादा मतदान होगा, वहां शिविर लगाकर योजनाओं का क्रियान्वयन सबसे पहले कराया जाएगा, सवाल के अंत में उनसे शपथ दिलवाइये कि हम सब लोग वोट जरूर करेंगे, इन सवालों को लेकर उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी निर्देशित किया कि डीपीओ स्थापना एवं डीपीओ साक्षरता के माध्यम से सभी स्कूली बच्चों से यह शपथ दिलाया जाए कि उनके माता-पिता एवं परिवार के सभी सदस्य वोट जरूर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस टोला के शत-प्रतिशत लोगों द्वारा मतदान किया जाएगा। वहां के सेक्टर पदाधिकारी एवं संबंधित शिक्षक, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पीडीएस डीलर, आशा कार्यकर्ता, एएनएम को बड़े मंच पर सम्मानित किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी इसके लिए अपने बी.एल.ओ, सेविका, किसान सलाहकार, विकास मित्र, पी.आर. एस. टोला सेवक, आशा कार्यकर्ता एवं स्थानीय सभी सरकारी कर्मी का व्हाट्सएप ग्रुप बना दें।

## जसीडीह एवं गोविंदपुर गांव विधिवत रूप से बना धरहरा थाना का हिस्सा

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर ।पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय कुमार एवं पुलिस अधीक्षक मुंगेर सैयद इमरान मसूद ने बुधवार को धरहरा थाना पहुंचकर धरहरा थाना क्षेत्र के ग्रामीणों को एक बहुत बड़ी खुशखबरी सुनाया। जिसे सुनकर ग्रामीण तालियों की गड़गड़ाहट से पुलिस पदाधिकारी को धन्यवाद दिया । मौके पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार , सर्किल इंस्पेक्टर श्रीकांत कुमार , धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार , लड़ैयाटांड़ थानाध्यक्ष सोनू कुमार , पुअनि बंटी कुमारी , पुअनि संजीव कुमार , सीओ वीरेन्द्र कुमार , एसबीआई के शाखा प्रबंधक अमन कुमार, पंचायत समिति सदस्य आशीष कश्यप , अनिल यादव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद थे । डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक के थाना परिसर में पहुंचते ही पुलिस जवानों ने उन्हें ह्लगार्ड ऑफ ऑनरह्व दिया , तत्पश्चात जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बुके देकर डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया । पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय कुमार ने जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जसीडीह गांव एवं गोविंदपुर गांव के लोगों को धरहरा थाना क्षेत्र का हिस्सा बनने पर उन्हें बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया । डीआईजी ने संबंधित गांव के लोगों से कहा कि ग्रामीणों की मांग पर प्रशासनिक एवं राजनीतिक पहल के पश्चात संबंधित दोनों गांव का भौतिक दृष्टिकोण से सत्यापन करने के फलस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है । आज से आपलोग किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसी भी वक्त अपने धरहरा थाना आकर यहां के पुलिस पदाधिकारी से मिलकर समस्या को रखेंगे तथा आज से संबंधित दोनों गांव के ग्रामीणों की समस्या का निराकरण धरहरा थाना पुलिस ही करेगी , जिसके लिए आपलोग अपना मैत्री सहयोग पुलिस के साथ स्थापित करे । बताया जाता है कि विधानसभा सत्र के पश्चात धरहरा थाना क्षेत्र मे जसीडीह एवं गोविन्दपुर को जोड़ने की बात सदन के पटल पर रखी गई थी, जिसके पश्चात मुंगेर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के आदेश पर जमालपुर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर श्रीकांत कुमार ने लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महगामा पंचायत के गोविंदपुर गांव एवं जसीडीह

## सीमावर्ती क्षेत्रों का डीएम व एसएसपी ने किया दौरा

- क्षेत्रीय मतदाताओं से लिया फीडबैक व मतदान करने हेतु किया प्रेरित : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह - जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार संयुक्त रूप से कई क्षेत्रों का दौरा किया है। इसी कड़ी में पीरपैंती (अ.जा) विधानसभा 154 - निर्वाचन क्षेत्र के रमजानिपुर पहाड़िया आदिवासी टोला का क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्रीय व स्थानीय मतदाताओं से निर्वाचन से संबंधित बातचीत करने के साथ गतिविधियों का जायजा लिया। वही ग्रामीणों मनोस्मृति जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ सभी मतदाताओं को निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से पूछा की आप लोगों ने पिछली बार वोट किया था, हाथ उठा कर बतावें, इस बार वोट करने जाना है कि नहीं? वही गांव में एकत्रित ग्रामीण मतदाताओं ने सपरिवार मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने का संकल्प लिया है। इस दौरान काफी समय के बाद अपने गांव में डीएम और एसएसपी को एक साथ आया देखकर ग्रामीणों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखते ही बन रहा था। इसके उपरांत डीएम और एसएसपी ने शेरमारी हाई स्कूल मतदान केंद्र का भ्रमण कर वहां के शिक्षकों एवं बच्चों से कई सवाल किए और जवाब भी लिए। इसके साथ ही मतदान केंद्र की स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ अपने माता-पिता को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। तदोपरांत जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा पहाड़िया टोला हरिणकॉल में एकत्रित सैकड़ों ग्रामीणों से निर्वाचन के संबंध में बातचीत कर फीडबैक लिये साथ ही उन सभी ग्रामीण को सपरिवार आगामी 26 अप्रैल को मतदान केंद्र पर जा कर वोट डालने हेतू अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### मरहा पँचायत के नटवर बीरबल गाँव में होली मिलन समारोह आयोजित

माँझी। मरहा पँचायत के पूर्व मुखिया परमहँस प्रसाद के संयोजकत्व में नटवर बीरबल गाँव में गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह में दर्जनों लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम एवम सौहार्द्र के प्रतीक होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में पहुँचे सारण निकाय के पूर्व प्रत्याशी व राजद नेता सुधांशू रंजन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आपसी बैर भाव भुलाकर एक दूसरे के गले मिलना तथा जाति धर्म एवम समुदाय से ऊपर उठकर जरूरत मन्द लोगों की मदद करना ही होली का मूल उद्देश्य है। मौके पर मौजूद लोगों को पूर्व मुखिया ने अबीर गुलाल लगाकर तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर उप मुखिया कन्हैया राम,मासूक खान,भगवान राय, हरेन्द्र राय,बिनोद राय, जयपाल राय, बिनोद राय, लग्नदेव राय, प्रभुनाथ साह, दिलीप साह, बालेश्वर बीन, पवन बीन, मुकेश सिंह,मनोज गोंड, राहुल कुमार तथा नसीम अली आदि अनेक लोग मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने मंत्री का किया स्वागत

छपरा कार्यालय। बिहार सरकार मे शिक्षा मंत्री बनने पर पूर्व आईए एस सुनील कुमार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने अंग वस्त्र बुके और बाबा हरिहरनाथ मंदिर का प्रसाद खिलाकर मुँह मीठा कराया । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी और कहा कि इनका कार्यकाल पहले भी बहुत अच्छा रहा है जिस विभाग मे भी गए अच्छा कार्य किये है इनके ही प्रयास से जब मध निषेध विभाग के मंत्री थे तो शराब से मरें लोगो के परिजन को मुआवजा दिलवाया गया और आशा है की यह कार्यकाल भी उससे बेहतर होगा यही कामना है और कहा कि इससे पहले जो शिक्षा मंत्री थे वह केवल गीता और रामायण मे सुधार और विवादित बयान केवल देते थे और शिक्षा से उनको कोई लेना देना नहीं था लेकिन अब इनके कार्यकाल मे शिक्षा बेवस्था मे भी सुधार होगा साथ ही उन्होंने बाबा हरिहरनाथ मंदिर का समरण कराया और कहा कि मंदिर कमिटी ने आपको मंदिर आने का निमंत्रण भेजा है जिसको उन्होंने सहज स्वीकार किया और कहा कि बहुत जल्द ही मंदिर मे पूजा करने आएंगे । इस अवसर पर युवा नेता राहुल सिंह भाजपा नेता सुमंत तिवारी मोनू सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

### परीक्षा देने गई छात्रा हुई गायब

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के अरविंद नगर प्लस टू विद्यालय में परीक्षा देने गई छात्रा अचानक लापता हो गई ।जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की ग्यारहवीं की छात्रा आकृति कुमारी अरविंद नगर प्लस टू विद्यालय में परीक्षा देने गई थी ।परीक्षा देने के बाद अचानक विद्यालय से गायब हो गई ।परिजन उसकी खोजबीन में लगे ।लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका ।इसके बाद छात्रा के पिता ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है ।दर्ज एफआईआर में उसने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर की है ।पुलिस छानबीन कर रही है।

### संदेश के माध्यम से वोट डालने की अपील की : जिलाधिकारी

गया ।लोकसभा आम निर्वाचन ,2024 के अवसर पर स्वीप कोषांग के द्वारा आमलोगो के बीच लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में समाहरणालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट का उदघाटन ज़िला पदाधिकारी के द्वारा किया गया है।इस दौरान अपर समाहर्ता परितोष कुमार, अपर समाहर्त्ता पंकज कुमार,स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी भारती प्रियम्बदा, जिला सूचना जन संपर्क पदाधिकारी सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोंच, मंजु कुमारी एवं स्वीप कोषांग के कर्मीगण भी उपस्थित रहे हैं। सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने का उद्देश्य है कि मतदाताओं को मतदान हेतु अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए।इसके साथ ही चुनाव के महापर्व में सभी मतदाता सक्रिय भागीदारी दर्ज करें एवं उनमें मतदान का उत्साह पैदा हो।

### गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर के रास्ते होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हाजीपुर। होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 03 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर के रास्ते चंडीगढ़ से कटिहार तथा सरहिंद से जयनगर के लिए चलायी जाएंगी । विदित हो कि इसके पूर्व 69 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है । इस प्रकार अब कुल 72 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायीजाएंगी । गाड़ी सं. 04534/04533 सरहिंद-जयनगर-सरहिंद फेस्टिवल स्पेशल (गोरखपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते) - गाड़ी सं. 04534 सरहिंद-जयनगर फेस्टिवल स्पेशल सरहिंद से 22 मार्च (शुक्रवार) को 13.00 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 13.50 बजे हाजीपुर रूकते हुए 19.45 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

# तेज हवा व बारिश से रबी फसलों को हुआ भाड़ी नुकसान : किसान

## फसलों के नुकसान हो जाने पर जिला प्रशासन से क्षतिपूर्ति हेतू मुआवजे की उठी मांग

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल क्षेत्र के कई इलाके में गतरात्रि हुई तेज हवा के साथ हल्की बारिश में रबी फसल सहित अन्य गेहूं, चना, मसूर, खेसारी, मक्का आदि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वही किसानों के उम्मीद पर प्रकृति ने आर्थिक रूप से छति दे क्षेत्र के कई हिस्सों में आम, लीची के आये हुए मंजर को भी काफी क्षति पहुंचाई है।

वही मामले को लेकर बिहपुर व नारायणपुर प्रखंड परिक्षेत्रों के कई इलाकों में बे-मौसम तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल धराशाई हो गया है। बिहपुर सहित सोनबर्षा, जयरामपुर, जमालपुर, मड़वा, झंडापुर, हरिओ, कहारपुर सहित नारायणपुर के दियारा इलाके में रबी फसल को पूरी तरह से नुकसान के साथ फसलों को चौपट कर दिया है। लगातार रुक रुक कर बारिश से खेतों में गिरे हुए अपनी फसल को देख किसान हतास व निराश दिख रहे हैं। इस तबाही को देख प्रमेश्वरपुर, जमालपुर बहियार के किसान विनय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, चंद्रजीत कुमार सिंह, कोकन सिंह, मड़वा के किसान पारो मंडल, अशोक कुंवर आदि किसानों ने बताया कि कई एकड़ में लगे गेहूं की फसल बारिश व तेज हवा ने पूरा धाराशायी हो गया हैं। वही खेतो में लगे दलहन की फसल चना को भी काफी नुकसान पहुंचा हैं। क्षेत्र में लगातार बर्षा और तेज हवा के प्रकोप से गेहूं की फसल पकने से पहले ही जमीन पर लुढ़क गलती हुई दिख रही हैं।

वही किसानों ने बताया कि आम व लीची के मंजर को भी काफी नुकसान हुआ हैं। किसान फसलों व फलों के नुकसान को लेकर काफी चिंतित हैं, तो वही कही कही रबी फसल की कटाई का कार्य किसानों द्वारा शुरू हो चूका था, जहां किसान अपने दलहन, तिलहन फसलों की कटाई कर खलिहान में रख चूके थें, लेकिन बै मौसम की बारिश से खलिहान में रखी फसलों के नुकसान होने की बात किसानों ने बतायी है। किसानों के बीच फसल की क्षतिपूर्ति किये जाने की मांग स्थानीय जिलाधिकारी से की है।

# होली व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के क्रम में थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने क्षेत्र में होने वाले आगामी होली त्यौहार के आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही सर्किल इंस्पेक्टर वकील प्रसाद यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को शांति व सोहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मानना है, लेकिन इन सब के बीच आचार संहिता उलंघन की दिशा में लोग सजग रहें, कोई भी सामाजिक तत्व त्योहारों के रंग को बैरंग करने की गतिविधियों में मिले तो उनसे संबंधित जानकारी तुरंत थाने में खबर करें। वही अंचलाधिकारी डॉ. हर्ष कोमल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार पर डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है।कोई भी साउंड सिस्टम के उपयोग क्रम में अश्लील गाना नहीं बजाना है, इस बात का ध्यान रहे, अगर कोई व्यक्ति बजाता है या उसके किसी भी गलत गतिविधियों की सूचना मिलने पर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना अध्यक्ष जयंनाथ शरण एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपसी सद्भाव एवं भाईचारा के इस पर्व को खुशी के साथ मानना है। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर वकील प्रसाद यादव, थाना अध्यक्ष जयंनाथ शरण, अंचलाधिकारी डॉ. हर्ष कोमल, बेलथु पंचायत के मुखिया सह प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, कसवा खेरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोहर कुमार और पंकज कुशवाहा, सरोनी पंचायत के मुखिया उत्तम सिंह बासुदेवपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गोपाल सिंह जगरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हीरा सिंह, वासुदेवपुरम पंचायत के पंचायत समिति अशोक यादव हरनाथ पंचायत के मुखिया हसीन अख्तर खैरा पंचायत के मुखिया अहमद हुसैन अंबा पंचायत के मुखिया राकेश कुमार उर्फ बबलू भूतपूर्व जिला परिषद मन्नू सिंह साधु यादव, भविष्य कुमार, समाजसेवी मनोज मंडल, मो. अनवर, मो. मोतीउर रहमान, दशरथ बिंद सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# मंजूषा कला को लेकर सम्मानित हुए मनोज पंडित व अमन सागर

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन मध्य प्रदेश में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक मंजूषा गुरु मनोज कुमार पंडित व अमन सागर कालिदास को संस्कृत अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद में आयोजित मंजूषा कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला में पंडित मनोज के साथ अपने सहयोगी के रूप में अमन सागर संयुक्त रूप से जी. ड़ी विमेंस कॉलेज एवं ललित कला संगीत एवं नाट्य अध्ययनशाला विक्रमशीला विश्वविद्यालय उज्जैन में प्रतिभागियों को मंजूषा कला एवं लीला विषहरी की गाथा को सिखाने पहुंचे थे, जहां सभी प्रतिभागी उत्साहित होकर मंजूषा कला की बारीकीयों से अवगत होने के साथ उनके गुण को सीखें और उत्साह लग्न के साथ अंग प्रदेश के मूल धरोहर मंजूषा कला संस्कृति के बारे में भागलपुर जिला के मंजूषा पेंटिंग के गुणों को सीखाया। इस दौरान कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में अमन सागर ने भी उनका सहयोग दिया। इस दौरान विक्रमशीला यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अखिलेश पांडे डॉ. शैलेंद्र शर्मा कुलानुशासक ललित कला अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश कालि दास, संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंद, प्रो. लक्ष्मी नारायण सिंह रोडिया महिमा मरमट के द्वारा उन्होंने सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में प्रो. नारायण सिंह, रोडिया महिमा मरमट एवं मुकेश काला व कुलपति ने कार्यक्रम के क्रम में प्रो. नारायण सिंह, रोडिया महिमा मरमट एवं मुकेश काला ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंजूषा कला गुरु मनोज पंडित और उनके सहयोग की अमन सागर ने जो बच्चों को इसकी जानकारी दी है, इनसे हमारे बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे हैं। इसलिए इससे बड़ी कार्यशाला का आयोजन कर वह प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन लोगों के बीच मंजूषा कला की बारीकियां से जुड़ी जानकारी साझा कर बताया जाएगा, और इसका कैटलॉग भी कॉलेज में तैयार किया जाएगा। इसके अलावे कला दरगाह में मंजूषा कला को अलग से लगाया जाएगा। इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण में कुल 30 प्रतिभागी भाग ले रहे थे। सभी प्रतिभागीय फाइन आर्ट विद्या के सेकंड ईयर फोर्थ ईयर सेमेस्टर के विद्यार्थी थे। इसी क्रम में विक्रमशीला उत्सव के व्यापार मेला में भी मंजूषा कला के प्रदर्शनी लगाई गई, मंजूषा कला अब पहचान की मोहताज नहीं है। प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन में डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया का सराहनीय सहयोग रहा है। वही सहयोगी में संदीप संदीप नागर मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने छपरा एवं गड़खा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। समूह में मतदान केंद्रों पर एक सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी निर्वाचन की घोषणा से पूर्व से ही प्रतिनियुक्त किये गये हैं।

सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा सभी सम्बद्ध मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से कई बार भ्रमण किया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई है। उनके द्वारा स्थानीय लोगों की सामाजिक संरचना के बारे में आसूचना संकलन एवं पूर्व में घटित घटनाओं के आधार पर मतदान केन्द्रों की भेद्यता का मानचित्रण किया



जा रहा है। आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रल अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला द्वारा छपरा एवं गड़खा विधानसभा क्षेत्र के लिये प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई ।सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के बारे में पूछा गया। उनके द्वारा अब तक किये गये कार्यों के बारे में एक एक कर जानकारी ली गई। सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधा , स्थानीय सामाजिक परिस्थितियों एवं पूर्व में घटित घटनाओं के आधार पर भेद्यता का मानचित्रण, प्रत्येक बूथ के लिये बीएलओ एवं स्थानीय थाना के साथ साथ अन्य स्थानीय लोगों को मिलाकर कम से कम 10 लोगों का दुरभाष नंबर प्राप्त कर बूथ कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने को कहा गया।

सभी मतदान केंद्रों के रास्ते का निरीक्षण कर रूट चार्ट तैयार करने को कहा गया। इसी रूट चार्ट के आधार पर उपयुक्त वाहन की टैगिंग मतदान दल के कर्मियों हेतु सुनिश्चित की जायेगी। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर भी नजर बनाये रखने को कहा गया। इसके उल्लंघन से संबंधित मामलों की त्वरित जानकारी देने को कहा गया। सम्बद्ध मतदान केंद्र क्षेत्र में लगातार मतदाताओं के बीच कॉन्फिडेंस बिल्डिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि मतदाता भयमुक्त वातावरण में मतदान कर सकें। मतदान से एक दिन पूर्व एवं मतदान के दिन उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान के दिन सेक्टर पदाधिकारी के साथ रिजर्व ईवीएम होगा जिसका उपयोग आवश्यक होने पर संबंधित मतदान केंद्र पर किया जायेगा। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को पूरी निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक समाहर्त्ता , अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीरपैंती विधानसभा के कई क्षेत्रीय बूथों का लिया जायजा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, चुनावी तैयारी के मद्देनजर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा किया है। इस दौरान डीडीसी कुमार अनुराग, एसपी आनंद कुमार, एसडीएम अशोक कुमार, एसडीपीओ शिवानंद सिंह,अर्जुन कुमार गुप्ता बीडीओ अभिमन्यु कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों के विभिन्न बूथों का भी जायजा लिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की सादगी देख पीरपैंती क्षेत्रवासी उनके मुरीद हो गए थे। जिला में ऐसे अधिकारी आना और लोगों के बीच जाकर उन्हें अपने पास बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारीयों को आदेश देकर उनकी समस्याओं को दूर करना उनके बीच अपनी पहचान स्थापित करना चर्चा का विषय बनता दिख रहा है। वहीं जिलाधिकारी ने क्षेत्र निरीक्षण के दौरान कई स्कूल प्रांगण में बच्चों के बीच पहुंच कर पठन पाठन में लगें बच्चों से भी बातचीत कर उनके मानसिक और शाररिक गतिविधियों का आलोकन कर विद्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही उन्हें कक्षा में पढ़ाई के दौरान बच्चों के बीच विशेष गुण सुत्र और अनुशासन में रहने के लिए भी बताया गया है, साथ ही उन्होंने वैसे बूथ जहां मतदाता के वोटिंग प्रतिशत कम रही है वैसे बूथों के निकटतम मतदाता से भी मिलकर वोट करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बातचीत कर वोटरों से जाना कि आखिर क्यों वोटिंग प्रतिशत में क्यों कमी रहा हैं। वही उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार के साथ मिलकर सभी लोग बूथ पर आकर अपना मतदान करें, मतदान करना आपका अपना अधिकार है। अगर कोई धमकी देता है, तो तुरंत प्रशासन को सुचित करें, वैसे लोगों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी की बात कही है। इस दौरान उन्होंने मतदाता से वोट डालने की सपत भी दिलायी।

# वैश्य यूनाइटेड फ्रंट की बैठक का आयोजन किया गया

पटना। पाटलिपुत्रा लोकसभा के दानापुर क्षेत्र में वैश्य यूनाइटेड फ्रंट की बैठक प्रेमव्रिज वाटिका स्थान नासरीगंज दानापुर में आहूत की गई जिसमें दानापुर वैश्य समाज के प्रबुद्ध गणमान लोग, दानापुर एवं खगोल के वार्ड पार्षद व उनके प्रतिनिधि, दानापुर छावनी परिषद् के वर्तवान व पूर्व डिप्टी चेयरमैन व उनके प्रतिनिधि तथा भारतीय जनता पार्टी के संबंधित प्रदेश प्रांतीय एवं पटना जिला ग्रामीण तथा दानापुर विधानसभा के विभिन्न मंडल स्तरीय कार्यकर्ता ने उक्त बैठक में भाग लिया। बैठक में पाटलिपुत्र लोकसभा में वैश्यों पर हो रहे अत्याचार, शोषण, हत्या और उपेक्षा को लेकर बैठक हुई, हाल के कई आपराधिक घटनाओ ने वैश्यों को अन्दर तक झकझोर दिया है, जिसमे प्रशानिक और राजनितिक प्रतिनिधित्व का अन्देखापन, और निष्क्रियता महसूस किया गया है।

सभी वैश्य के प्रबुद्ध लोगो के गहन चिंतन से ये निष्कर्ष निकला की सही लोकसभा और विधानसभा प्रतिनिधि नहीं चुने जाने का यह नतीजा है, इसलिए



इस बात पे सहमती हुई की जब तक सही प्रतिनिधि वैश्यों को नहीं मिलती है तो चुनाव में वैश्य समाज चुनाव का बहिस्कार करेगी या नोटा दबाएगी। इसलिए सारे राजनितिक दलों से अनुरोध है की वैश्यों की हितो की रक्षा करे और वैश्य उमीदवार बनाये ताकि वैश्य समाज स्वाभिमान से जी सके। अन्यथा वैश्य इस लोकसभा चुनाव में राजनितिक दलों का विरोध करेगी और अपने उमीदवार की घोषणा करेगी` संस्थापक श्री राजेश कुमार ने कहा की। ताकत के बिना बलवान, वैश्य समाज के बिना किसी भी पार्टी का कल्याण... असंभव है। श्री बंटी गुप्ता (पूर्व डिप्टी चेयरमैन ने कहा की) ने कहा की वैश्य बहुल क्षेत्र का नेतृत्व अब वैश्य खुद करेगी।

# 45 वी जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल में भाग लेने बिहार टीम विदिसा मध्यप्रदेश रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। विदिसा मध्यप्रदेश में 23 से 27 मार्च तक आयोजित 45 वी जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने 18 सदस्यीय बिहार टीम विदिसा मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुई । जिसमे दो खिलाड़ी सारण से शामिल है । सारण के मशरक प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के राजा कुमार सिंह एवम अनिकेत यादव टीम के साथ रवाना हुए। बिहार टीम का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शेरपुर मनेर पटना के डिस्कवरी ऑफ लर्निंग स्कूल में बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में पटना जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह पूर्वक हुआ जिसमें बिहार हैंडबॉल के अध्यक्ष पंकज कुमार , महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , पटना जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविरंजन, डिस्कवरी ऑफ लर्निंग स्कूल के निदेशक नीरज कुमार,



जहानाबाद सचिव आलोक कुमार की उपस्थिति में जहानाबाद हैंडबॉल के संरक्षक निरंजन केशव प्रिंस ने बिहार टीम को जर्सी प्रदान किया।

जिसके बाद सभी संघीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से 20 सदस्यीय बिहार बालक जूनियर हैंडबॉल टीम को राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग विदिसा मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया।

बिहार टीम में पटना से नीतीश कुमार, दीपक कुमार , नितेश कुमार , नितिश कुमार, इंद्रजीत कुमार , मनीष कुमार , नवादा से रौशन राज, रौशन कुमार, सचिन कुमार, जहानाबाद से अमन कुमार , आदित्य कुमार , रविशंकर , सारण से राजा कुमार , अनिकेत यादव , मुंगेर से मनोरंजन कुमार, शेखपुरा से सत्यम कुमार, भोजपुर से सुमित कुमार , बेगूसराय से सत्यम कुमार है। पटना के नीतीश कुमार टीम कैप्टन , टीम कोच संजीव कुमार एवम टीम मैनेजर चंदन कुमार बनाए गए है। बिहार टीम के बेहतर प्रदर्शन को लेकर बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधानपार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय , कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद , सारण जिला सचिव सह बिहार हैंडबॉल के संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह सहित बिहार हैंडबॉल एवम सारण जिला हैंडबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामना दी।

# मशरक में पत्रकार, बुद्धिजिवी का सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। प्रखंड के रीषभ रेस्टोरेंट के सभागार में जिले के पत्रकार, और बुद्धिजीवी जमात का होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। मशरक के रीषभ रेस्टोरेंट के सभागार में जिले के पत्रकार, बुध्दिजीवी जमात का होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। होली मिलन सह सम्मान समारोह में प्रतिकूल मौसम के बाद भी पत्रकार और बुद्धिजीवी वर्ग का जुटान हुआ। अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सूफी संत डॉ जौहर शफियाबादी, प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश मंटू, डॉ अवनिन्द्र शरण सिंह, डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर जिले के नामचीन बुद्धिजीवी, पत्रकार, कवि, समाजसेवी को फुलमाला पहनाकर अंगवस्त्र स्वरुप शॉल भेंट कर के



सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सूफी संत डॉक्टर जौहर शफियाबादी ने कहा कि सारण प्रमंडल समेत मशरक की गौरवशाली परंपरा को इस आयोजन ने गौरवांवित करने का कार्य किया है।

उन्होंने इसके लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा रही है जिसमें होली का विशेष महत्व है। हमारे यहां प्रत्येक ऋतु के अनुसार त्योहार बंटे है जो हमें प्रत्येक अवसर का आनंद लेने और इस बहाने प्रकृति का सम्मान करने की सीख देते है।

# होली मिलन पर हुआ भव्य हास्य कवि सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर के मौना बानगंज स्थित साहित्यकार शंभुकमलाकर मिश्र के सोहम् निवास पर बुधवार को रंगभरी एकादशी पर होली मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें नगर के प्रतिष्ठित कवियों ने काव्यपाठ किया तथा होली गीत और फगुआ गाया। दक्ष निरंजन शम्भु ने कवि सम्मेलन को संचालित किया।

रिपुंजय निशांत ने अपनी वासन्ती रचना से सुगंध बिखेरी। सुरेश चौबे ने ससुराल पर आधारित कविता पढ़कर हँसाया तो मोहित कुमार सिंह ने जोगीरा गाया। जयप्रकाश



विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो.लालबाबू यादव ने होली गीत गाकर अपना लोहा मनवाया। अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य एवं भाजपा नेता रामदयाल शर्मा ने भी काव्यपाठ कर लोगों को गुदगुदाया। राकेश फौजी, ओमप्रकाश गुप्त, मारुति करुणाकर, सौम्य श्वेतांशु आदि ने भी अपनी उत्कृष्ट मौलिक रचनाएँ पढ़कर वाहवाही लूटी। पूर्व नगर विकास मंत्री उदित राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर स्थानीय विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव, विधायक डा.सी.एन.गुप्ता,महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्त समेत सभी को मूर्ख, महामूर्ख, मूर्ख शिरोमणि, बोका, बकलोल, आदि उपाधियों से भी विभूषित किया गया।इस अवसर पर प्रो. विश्वामित्र पांडेय, शैलेन्द्र सेंगर, पारसनाथ श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य फणीश्वरनाथ, सत्यप्रकाश मिश्र, राहुल मेहता, राजीव तिवारी, जटी विश्वनाथ मिश्रा, रजनीश सुधाकर, विवेक कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# ज्ञान के संधान में भाषा की भूमिका होती है बहुत बड़ी : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर गुरुवार को जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई लंगट सिंह महाविद्यालय मुजफ्फरपुर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास,नई दिल्ली भारतीय भाषा मंच ,नई दिल्ली एवं भारतीय भाषा मंच ,नई दिल्ली(शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में हुए भारतीय भाषा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिए।

प्रोफेसर दिनेश चन्द्र राय ने आचार्य जे बी कृप्लानी सभागार,लंगट सिंह महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।इस अवसर पर डॉक्टर राजेश्वर कुमार ,राष्ट्रीय संयोजक



भारतीय शिक्षा मंच,उत्थान न्यास एवं प्रोफेसर राजीव कुमार निवेदक की भूमिका में रहे ।इस अवसर पर जे पी यू के कुलपति की पत्नी भी उपस्थित थीं ।भारतीय भाषा सम्मेलन–बिहार 2024 के दौरान लंगट सिंह महाविद्यालय में जे पी यू के कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान के संधान में भाषा की बहुत बड़ी भूमिका होती है ।हमारी ज्ञान परंपरा बहुत विकसित है ।हमें किसी अन्य के नकल की आवश्यकता नहीं है।

# अब हम 2 हमारे दो से भी बच रहे लोग

## 2050 तक भारत में घटने लगेगी आबादी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में अब हम दो हमारे दो का प्रचलन भी तेजी से कम हो रहा है। इसकी बजाय एक बड़ी संख्या ऐसी है, जो एक ही बच्चा चाहते हैं। इसके चलते भारत में जन्मदर में 2050 तक गिरावट देखने को मिलेगी। लैंसेट की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। भारत में कुल जन्मदर 1950 में 6.18 थी, जो 1980 में घटकर 4.6 पर आ गई थी। यही नहीं 2021 में यह तेजी से घटते हुए 1.91 पर ही आकर ठहर गई। यह रिप्लेसमेंट लेवल से भी कम है। जनसंख्या विज्ञानी मानते हैं कि रिप्लेसमेंट लेवल के लिए जन्मदर कम से कम 2.1 होनी चाहिए। ऐसे में यह बड़े संकट की आहट भी है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में जन्मदर 1.29 ही रह जाएगी। इससे आबादी एकदम से कम नहीं होगी, लेकिन उसमें युवाओं का अनुपात कम होता जाएगा। फिर 2100 तक यह संकट और गहरा जाएगा।

यदि लैंसेट की यह रिपोर्ट सही साबित होती है तो फिर आने वाले दशकों में भारत के आगे बड़ी चुनौती होगी। जन्मदर में तेजी से कमी आएगी तो वर्कफोर्स में भी कमी की स्थिति होगी और अर्थव्यवस्था को इससे झटका लगेगा। इसके अलावा युवाओं से अधिक आबादी बुजुर्गों की हो जाएगी, जिनकी देखभाल करना भी एक चैलेंज होगा। यही नहीं स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बड़ा बोझ पड़ेगा। यही नहीं लैंगिक असमानता का संकट भी आएगा। इसकी वजह एक नया ट्रेंड भी है। पहली संतान लड़का होने के बाद लोग दूसरा बच्चा नहीं पैदा कर रहे हैं।

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि कम बच्चे पैदा करने की एक वजह यह भी है कि देश के विकास के साथ लोगों की आकांक्षाएं भी बढ़ी हैं। बच्चों पर लोग काफी खर्च कर रहे हैं। ऐसे में ज्यादा बच्चे होने पर खर्च अधिक होगा। इससे बचने के लिए लोग कम बच्चों को ही महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं के बड़े पैमाने पर शिक्षित होने और उनके करियर पर फोकस करने से भी बच्चे पैदा होने की संभावनाओं पर असर पड़ा है। देरी से शादी भी इसका एक कारण बन रही है। तेजी से शहरीकरण और गर्भनिरोधक तक लोगों की आसान पहुंच ने भी चीजों को बदला है।

जानकार मानते हैं कि भले ही भारत के आगे यह चुनौती आने में कुछ दशक बचे हैं, लेकिन अभी से प्लानिंग करनी होगी। सरकारों को मातृत्व को कम खर्चीला बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे भी लोग कुछ हद तक कम से कम दो बच्चों के लिए प्रेरित होंगे। बता दें कि इटली, जापान, रूस जैसे कई देश ऐसे हैं, जो पहले ही इस तरह के संकट से गुजर रहे हैं। इन देशों में आबादी लगातार कम हो रही है और सरकारें इसे लेकर चिंतित हैं। इनमें से ही एक देश दक्षिण कोरिया भी है। पिछले दिनों दक्षिण कोरिया के एक नेता ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो फिर हमारे अस्तित्व पर ही संकट होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अहिंसा एवं पुरस्कार के लिए महावीर पुरस्कार 2024 शाकाहारवाद राधा सुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा स्थापित महावीर पुरस्कार का 27वां संस्करण राधासुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को व्यक्तियों और संगठनों की परोपकारी सेवाओं को मान्यता देने के लिए दिया गया, जो जनकल्याण के लिए काम कर रहा है। भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा जिले के राधा कुंड में संगठन ने अहिंसा एवं सुरक्षा श्रेणी के तहत महावीर पुरस्कार 2024 प्राप्त किया है। महावीर पुरस्कार हर साल अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा और समुदाय एवं शाकाहार की श्रेणियों में सामाजिक सेवा में प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार में 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार के साथ ही एक प्रशंसनीय प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया जाता है। जिन संगठनों ने समुदाय के लिए 2024 पुरस्कार जीते- सामाजिक सेवा और चिकित्सा के लिए क्रमशः ग्रुप कैप्टन अतुल चंद्र बरुआ, असम और परिवार एजुकेशन सोसाइटी, पश्चिम बंगाल हैं , जबकि, शिक्षा के लिए पुरस्कार मानवता कल्याण संगठन हेल्पलाइन, जम्मू और अन्य को दिया गया। कैप्टन बरुआ असम में परित्यक्त बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय और देखभाल प्रदान करने में अपने निस्वार्थ प्रयासों के लिए प्रसिद्ध हैं। परिवार मध्य प्रदेश के अंदरूनी और अविकसित आदिवासी गांवों जैसे अलीराजपुर और सेहरिया तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है, जबकि ह्यूमैनिटी वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हेल्पलाइन विशेष रूप से शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को समावेशी शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करती है। फाउंडेशन को पूरे देश से महावीर पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन प्राप्त हुए। जिला प्रशासकों, विधायकों, नौकरशाहों, शिक्षाविदों, मीडिया, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सांसदों और अन्य प्रतिष्ठित लोगों की मदद ली गई।

### अपने बालों को बचाने के लिये डॉ. शिल्पा वोरा की एक्सपर्ट सलाह

**भोपाल ।** होली रंगों का त्योहार है और पूरे भारत में इसे बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। हम सभी को होली का त्योहार अच्छा लगता है और हम रंगों के साथ खेलना पसंद करते हैं, लेकिन हमें होली के रंगों से अपने बालों को होने वाले नुकसान की भी चिंता रहती है। पर अब फिक्र करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ थोड़ी सी तैयारी और देखभाल के साथ आप अपने बालों के नुकसान की चिंता किये बगैर होली के मजे ले सकते हैं। डॉ. शिल्पा वोरा ने बताया होली के रंगों से सुरक्षा के लिये आपको किसी महंगे हेयर ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं है। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की नियमित तौर पर मसाज करना होली के रंगों से होने वाले संभावित नुकसान से अपने बालों की सुरक्षा करने का सबसे आसान उपाय है। सूखे रंग बालों के क्यू टिकल्सन में फंस जाते हैं और बालों को बेजान बनाते हैं। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की मालिश करने से हेयर सर्फेस का एक लेयर तैयार होता है, जो बालों में रंगों को जमा होने से बचाता है। होली से पहले नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की 5-7 मिनट तक मालिश करें। हमेशा जड़ों से शुरूआत करें और फिर बालों के सिरों तक मालिश करें। मालिश करने के बाद सिर्फ 30 मिनट तक बालों को यूं ही छोड़ दें और फिर किसी माइल्डं क्लीं जर से उन्हें धो लें।

## असम के मूल निवासियों पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया दावा



**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का असम के मूल निवासियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य की 14 में से 12 सीट पर जीत दर्ज करेगा।. उन्होंने कहा कि असम वासी अब अच्छी तरह से संरक्षित और सुरक्षित हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने उन मूल जातीय लोगों को पट्टा (भूमि अधिकार), भूमि दस्तावेज दिए हैं जिनके पास पहले भूमि नहीं थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक इंटरव्यू में दावा किया कि लोकसभा चुनाव में वह राजग के लिए 12 से ज्यादा सीटों की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा ने असम की 14 में से 11 सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जबकि सहयोगी असम गण परिषद ने दो सीट पर और यूपीपीएल ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारा है।

## राजस्थान में एक और परीक्षा में फर्जीवाड़ा

### 7वीं और 36वीं रैंक लाने वाली 2 महिला अभ्यर्थी अरेस्ट



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में एसआई भर्ती पेपर लीक मामले के बाद एक और बड़ा खुलास हुआ है। एसओजी ने आरपीएससी की स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में अनुचित साधनों का प्रयोग कर धांधली करने वाली दो महिलाओं को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के खिलाफ आरपीएससी की ओर से अजमेर के सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद एसओजी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अब एसओजी इनसे पूछताछ में जुटी है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह के अनुसार आरपीएससी की ओर से आयोजित स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में पूर्णतया अनुचित तरीके अपनाने के संबंध में अजमेर के सिविल लाइन थाने में दो मुकदमे दर्ज करवाए गए थे. आरोप है कि सांचौर जिले के बाड़ाभाडवी निवासी कमला विश्नोई ने अनुचित तरीके से मुख्य परीक्षा में मेरिट में सातवीं रैंक हासिल की, जबकि जालोर जिले के भूतेल निवासी ब्रह्माकुमारी ने भी गलत तरीके से मेरिट में 36 वीं रैंक हासिल की थी। इन दोनों को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

प्रारंभिक तौर पर इस मामले में डिग्री को लेकर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कमला ने स्कूल लेक्चरर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय बताया कि वह वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी से हिंदी में एमए है, लेकिन नियुक्ति के समय पेश किए गए दस्तावेजों में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार (चित्तौड़गढ़) की फर्जी डिग्री पेश की। एसओजी की गिरफ्त में आई दूसरी महिला ने भी फर्जी दस्तावेज के जरिए नौकरी हासिल की है। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय दूसरी महिला ब्रह्माकुमारी ने भी किसी ओर विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री होने की जानकारी दी, लेकिन आरपीएससी में पेश किए गए दस्तावेजों में डिग्री किसी अन्य विश्वविद्यालय की पाई गई। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ और मामलों में अनुसंधान जारी है।

## सेना के जवान को गलत एचआईवी+ बताकर कर दिया रिटायर, 24 साल बाद मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बुधवार को अनोखा मामला सामने आया। रिटायर्ड सेना के जवान ने अपने अधिकारियों पर गलत एचआईवी बताकर सेवा मुक्त करने और पेंशन न देने का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हैरानी जताते हुए कहा कि भारतीय सेना के उदासीन रवैये के कारण याचिकाकर्ता को अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी। 24 साल के लंबे अंतराल में उसे समाज में शर्म और कलंक का सामना करना पड़ा। पीठ ने सेना को निर्देश दिया कि आठ सप्ताह के भीतर रिटायर्ड सैनिक को 50 लाख रुपए का मुआवजा देना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सेना के उस सेवानिवृत्त जवान की याचिका पर सुनवाई की, जिसने आरोप लगाया कि 2001 में गलत तरीके से एचआईवी संक्रमित पाए जाने के बाद उसे 2001 में सेवा मुक्त कर दिया गया। साथ ही उसे पेंशन देने से इनकार किया गया, क्योंकि उसकी सेवा आठ वर्ष ही थी। जबकि पेशन हक के लिए कम से कम 10 वर्ष की सेवा जरूरी होती है। सेवानिवृत्त हवलदार ने अपनी याचिका में 24 वर्षों के दौरान सामाजिक कलंक, मानसिक आघात और सेवा के नुकसान के लिए 50 लाख रुपये का मुआवजा देने के लिए सेना को उत्तरदायी ठहराया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता ने झेली मानसिक पीड़ा:** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सेना को आठ सप्ताह के भीतर मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया है। कहा, अपीलकर्ता ने 2001 से इतने सालों में अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेली है। उसे न केवल प्रतिवादियों (सेना और उसके अधिकारियों) के उदासीन रवैये का सामना करना पड़ा, बल्कि सामाजिक कलंक और लगातार भयावह मौत के डर का भी सामना करना पड़ा।

**मामला क्या है:** याचिकाकर्ता 1993 में सशस्त्र बल में भर्ती हुआ था। 10 साल से कम सेवा करने के बाद सेना में उसके एचआईवी+ होने का पता चला। दिसंबर 2001 में उसे सेवा से मुक्त कर दिया गया। एचआईवी+ सैनिकों को लेकर मौजूदा सेना नीति के अनुसार, ऐसा व्यक्ति छह से आठ साल के भीतर एड्स की चपेट में आ जाएगा और उसके बाद उसका जीवन 2-3 साल तक का ही होगा। हालांकि, याचिकाकर्ता का कहना है कि वह आज तक, बिना कोई दवाई लिए 24 साल से जी रहा है। 50 की उम्र में उसका एक छोटा सा बिजनेस भी है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने पीठ के लिए फैसला लिखते हुए कहा, हमारे मन में कोई संदेह नहीं है कि यह गलत तरीके से लिया गया फैसला था।

## मायावती ने राजस्थान में की 3 उम्मीदवारों की घोषणा

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान में बसपा ने आज अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जालौर-सिरोही से लालसिंह राठौड़, भरतपुर से इंजीनियर अंजला और कोटा से भीम सिंह कुंतल को टिकट दिया है। बता दें इससे पहले 13 मार्च को बसपा ने राजस्थान की दो लोकसभा सीटों से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। जिसमें अलवर और श्रीगंगानगर सीट शामिल हैं। बसपा ने अलवर से फजल हुसैन और श्रीगंगानगर सीट से देवकरण नायक को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी अभी तक 5 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। मालूम हो कि बसपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। जिसमें बसपा को दो सीटों पर जीत भी मिली थी। सादुलपुर और बाड़ी विधानसभा सीट से बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार और जसवंत सिंह गुर्जर चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। बसबा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले चुनाव लड़ेगी। बता दें पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के 6 उम्मीदवार जीते थे, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

बिहार सरकार

शुभकामना संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

प्यारे बिहारवासियों!

वर्ष 2010 से बिहार सरकार ने बिहार की अस्मिता को जगाने एवं बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास के सम्मान में बिहार दिवस को एक समारोह के रूप में मनाना शुरू किया। इस अवसर पर हम अपने महापुरूषों को नमन करते हैं एवं बिहार के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का संकल्प दुहराते हैं।

बिहार दिवस के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बधाई देता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 020228 (Education) D. 2023-24



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार दिवस
(22 मार्च, 2024)

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

'बिहार दिवस' के अनुपम अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

बिहार लोकतंत्र की जननी तथा ज्ञान, साधना, अहिंसा, करूणा एवं प्रेम की पावन भूमि है। इस प्रदेश को अनेक महापुरूषों की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है तथा भारत के निर्माण एवं विकास में इसका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

आईए, बिहार दिवस के पावन अवसर पर हम बिहार के गौरव को अक्षुण्ण रखने एवं इस राज्य व देश के समग्र विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान करने का संकल्प लें।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR. No. 020216 (Governor Secretariat) D. 2023-24

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129